

7
फिल्म नागबंधम में...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 206 ■ जबलपुर शुक्रवार 16 जनवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11
प्रदेश में जल्द लाई ...

### आई-पैक मामले में ममता सरकार को बड़ा झटका

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर लगाई रोक



***"एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी में आपत्तिजनक सबूत लेने की 'हिम्मत' थी, जो चोरी के बराबर था और फिर इसके लिए सार्वजनिक रूप से एजेंसी पर आरोप लगाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और वह दोनों पक्षों की दलीलें सुनना चाहता है।"***

दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पिछले दिनों आई-पैक के दफ्तर हुई ईडी रेड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। ईडी ने बंगाल पुलिस अधिकारियों पर ममता सरकार की मदद करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस पर कोर्ट में आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर अगली सुनवाई तक रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया है। अदालत ने सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी की जांच में दखल नहीं दिया जा सकता है। जस्टिस पीके मिश्रा ने आदेश दिया कि ईडी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर अगली सुनवाई तक स्थगित रहेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि प्रतिवादी सीसीटीवी फुटेज और सर्च की रिकॉर्डिंग वाले दूसरे स्टोरेज डिवाइस को सुरक्षित रखें। सीनियर एडवोकेट अभिषेक सिंघवी ने अनुरोध किया कि जांच बिना किसी दबाव के आगे बढ़े और अगर स्टे जारी रहता है तो आवेदन करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। कोर्ट ने जवाब दिया कि आदेश जल्दी पास किया जा सकता था, लेकिन विस्तृत दलीलों और इस तथ्य को देखते हुए कि कार्यवाही का व्यापक रूप से टेलीकास्ट किया जा रहा है, सभी दलीलों को विस्तार से रिकॉर्ड करना महत्वपूर्ण था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से पैरवी करते हुए अदालत में दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर जांच के दौरान साक्ष्यों की चोरी की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ममता ने ईडी के एक अधिकारी का फोन भी ले लिया था। ईडी का आरोप है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री खुद मौके पर पहुंचीं और जांच अधिकारियों के लैपटॉप, महत्वपूर्ण दस्तावेज और मोबाइल फोन जबरन छीन लिए। इस घटना को लेकर ईडी ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा को तुरंत निलंबित करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

#### ईडी को दखल देने का अधिकार नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की बात सुनने के बाद कहा कि यह याचिका ईडी और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों की जांच और राज्य अधिकारियों द्वारा कथित दखल के बारे में एक गंभीर मुद्दा उठाती है। कोर्ट ने ज़ोर दिया कि कानून का राज बनाए रखने और हर एजेंसी को आजादी से काम करने देने के लिए, इस मामले की जांच होनी चाहिए, जिससे यह पक्का हो सके कि किसी भी राज्य की सुरक्षा की आड़ में अपराधियों को बचाया न जाए। बेंच ने कहा कि इसमें कानून के बड़े सवाल शामिल हैं, और उन्हें बिना सुलझाए छोड़ने से स्थिति और खराब हो सकती है, जिससे एक या ज़्यादा राज्यों में अराजकता फैल सकती है।

#### तीन दिनों के अंदर जवाब दें

कोर्ट ने जोर दिया कि किसी भी एजेंसी को चुनाव के काम में दखल देने का अधिकार नहीं है, लेकिन जब कोई केंद्रीय एजेंसी किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से काम कर रही हो, तो पार्टी के काम की आड़ में गतिविधियों को उसकी शक्तियों में रुकावट नहीं डालनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि तीन दिनों के अंदर जवाब दाखिल किया जाए। ईडी की तरफ से दलीलों में कहा गया कि राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल केंद्रीय एजेंसियों के कामकाज में बाधा डालने के लिए एक पैटर्न की तरह किया जा रहा है। कोर्ट अब इस मामले में संवैधानिक मर्यादाओं और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर रही है।




# बीएमसी चुनावः एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत

मुंबई

महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में गुरुवार को वोटिंग खत्म हो गई है। मतदान के बाद आए बृहन्मुंबई नगर निगम के एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है। भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं। बहुमत के लिए 114 की जरूरत है। वहीं कांग्रेस गठबंधन को 60 सीटें मिलने का अनुमान है। अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं। नतीजे शुक्रवार को आएंगे। स्टेट इलेक्शन कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने कहा कि सभी नगर निगम में शाम 5.30 वोटिंग खत्म हुई। वहां करीब 50 प्रतिशत मतदान का अनुमान है। हालांकि अंतिम आंकड़े बाद में जारी होंगे। नगर निगम चुनाव हर पांच साल में होते हैं। बीएमसी का पिछला चुनाव 2017 में हुआ था। ऐसे में अगला चुनाव 2022 में होना था। उस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया और वार्ड सीमाओं में बदलाव चल रहे थे। नए वार्ड नक्शे और सीटों का पुनर्विन्यास किया जा रहा था। बीएमसी में वार्डों की संख्या बढ़ाकर 227 से 236 करने का प्रस्ताव था। इस बदलाव के चलते पुरानी सीटों पर चुनाव करना संभव नहीं था, इसलिए चुनाव टाल दिए गए। हालांकि ये प्रस्ताव पास नहीं हुआ।

#### आसानी से मिट रही स्याहीः उद्धव

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, कई जगहें हैं जहां से शिकायतें आ रही हैं। कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। पहली बार हम ऐसा देख रहे हैं कि लगाई गई स्याही को अब साफ किया जा सकता है। पुरानी ईवीएम मशीनें लगाई गई हैं। इन लोगों में सत्ता पाने का इतना लालच है। मैंने ऐसी बेशर्म सरकार कभी नहीं देखी। इसीलिए वे वन नेशन वन इलेक्शन चाहते हैं, ताकि वे पूरे देश में एक ही समय में धोखाधड़ी और गड़बड़ी कर सकें, और पूरे देश पर कब्जा कर सकें। यह लोकतंत्र की सरेआम हत्या है।

## आज लाड़ली बहनों को मिलेगी 32वीं किश्त

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 16 जनवरी को माखन नगर (बाबई), जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे। प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जायेगी। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जायेगा।



## टंट्या मामाः धातु की जगह लगा दी फाइबर की मूर्ति

**खरगोन।** खरगोन में आदिवासी नायक टंट्या मामा 'रॉबिन हुड ऑफ इंडिया' की मूर्ति को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। नगर पालिका ने करीब 10 लाख रुपए की धातु (ब्रॉन्ज/पत्थर) की मूर्ति खरीदने का टेंडर जारी किया था। इसकी जगह करीब 1 लाख रुपए की फाइबर से बनी मूर्ति लगा दी गई। विधायक बालकृष्ण पाटीदार और कलेक्टर भव्या मित्तल ने लोकार्पण भी कर दिया। मामला सामने आने के बाद आदिवासी समाज में नाराजगी है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।



## मप्र विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से

**भोपाल।** विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होगा और 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिन के सत्र में 12 बैठकें होंगी और सात दिन अवकाश के चलते बैठकें नहीं होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाले सत्र में 16 से 20 फरवरी के बीच मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश होगा। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे।

# ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं प्रधानमंत्री

### मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर बरसे खड़गे

वाराणसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है। उन्होंने आगे कहा कि सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। नरेंद्र मोदी जी... आप हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। वह भी बस उस पर अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं। खड़गे के अनुसार, एक गलियारे के नाम पर छोटे-बड़े मंदिरों और तीर्थस्थलों को ध्वस्त कर दिया गया और अब प्राचीन घाटों की बारी है।



विश्व का सबसे प्राचीन शहर काशी, आध्यात्मिकता, संस्कृति, शिक्षा और इतिहास का संगम है,जो पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। क्या इन सबके पीछे का मकसद एक बार फिर अपने व्यापारिक सहयोगियों को लाभ पहुंचाना है? आपने पानी, जंगल और पहाड़ उन्हें सौंप दिए हैं, और अब हमारी सांस्कृतिक विरासत की बारी है। खड़गे ने कहा कि देश की जनता के आपसे दो सवाल हैं, क्या विरासत को संरक्षित रखते हुए जीर्णोद्धार, सफाई और सौंदर्यीकरण नहीं किया जा सकता था? पूरा देश याद करता है कि कैसे आपकी सरकार ने बिना किसी परामर्श के महात्मा गांधी और बाबासाहेब अंबेडकर सहित महान भारतीय हस्तियों की मूर्तियों को संसद परिसर से हटाकर एक कोने में रख दिया था।

# ताजमहल में 'मोहब्बत' की असली कब्र खुली

आगरा

ताजमहल में गुरुवार को एएसआई के अफसर तहखाने में 30 फीट नीचे उतरे। शाहजहां-मुमताज की असली कब्र खोली गई। इसके बाद गुसल की रस्म (कब्रों पर चंदन का लेप) के साथ उर्स की शुरुआत हुई है। मुगल बादशाह शाहजहां का 371वां उर्स आज से शुरू हो गया है। एएसआई और उर्स कमेटी ने फूलों की चादर चढ़ाई। उर्स 3 दिन तक चलेगा। इस दौरान टूरिस्ट्स



के लिए एंट्री फ्री रहेगी। उर्स के दौरान ताजमहल में कव्वाली गूंजेगी। कब्रों पर देश में खुशहाली के लिए दुआ मांगी जाएगी। आखिरी दिन यानी 17 जनवरी को चादरपोशी होगी। जिसमें एक सतरंगी चादर 1720 मीटर लंबी चढ़ाई जाएगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने उर्स का विरोध किया। महासभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के कार्यालय पहुंचे, पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की।

## इंदौर में गंदे पानी से हुई मौतों पर विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट तलब

**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23 लोगों की मौत मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन वर्चुअली उपस्थित हुए। सीएस ने कोर्ट को बताया कि मामले में जिम्मेदारों को निलंबित किया गया है और अस्पताल में भर्ती सभी लोगों का फ्री इलाज किया जा रहा है। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें कई कोमोरबिड (दूसरी बीमारियां) थे। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जनवरी को तय की है। मामले में कोर्ट ने विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है कि दूषित पाने से कितने लोगों की मौत हुई है।

# मेडल लेते बेहोश हुई शहीद जवान की मां

**जयपुर।** जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आर्मी-डे पर गुरुवार शाम शौर्य संध्या कार्यक्रम में सेना के पैराट्रूपर्स उतरे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में पूरा स्टेडियम जय हो के नारे से गूंज उठा। आर्मी एरिया से बाहर पहली बार आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में हुई। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए 1 पैरा स्पेशल फोर्स के जवान लान्स नायक प्रदीप कुमार की मां सेना मेडल लेते हुए मंच पर बेहोश हो गईं। इन्हें सैन्य अधिकारियों ने संभाला। उन्हें तुरंत मंच से उतारकर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से



समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि जब तक आतंक की सोच खत्म नहीं होती है, तब तक शांति के लिए हमारा यह प्रयास लगातार चलता रहेगा। मैं राजस्थान की वीर धरती से यह घोषणा कर रहा हूं।

# मैंने कभी श्री अकाल तख्त को चैलेंज नहीं कियाः मान

### सीएम भगवंत मान अकाल तख्त पर पेश



**अमृतसर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान गुरुवार को श्री अकाल तख्त साहिब पर पेश हुए। मान सुबह नंगे पैर श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे और दरबार साहिब में माथा टेका। इसके बाद उन्होंने जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज को अपने बयानों को लेकर अपना स्पष्टीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक सामान्य सिख की तरह नंगे पांव अकाल तख्त साहिब में पेश हुए। उन्होंने अपना स्पष्टीकरण जत्थेदार साहिब को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि ये धारणा बनाई जा रही थी कि भगवंत मान श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को चुनौती दे रहे हैं लेकिन उनकी ऐसी नीयत नहीं है। अब सिंह साहिब क्या फैसला लेते हैं, ये बाद में उन्हें बताया जाएगा। वे हर फैसले से सहमत हैं।

# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले

### प्रधानमंत्री ने 28वें सीएसपीओसी का उद्घाटन किया, 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी




यानी तीन दिनों तक चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि वह आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचे। हम लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के लिए बिना किसी भेदभाव से काम कर रहे हैं। इसी लोक कल्याण की भावना के कारण बीते कुछ सालों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। जब भारत आजाद हुआ तब उस दौर में आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा लेकिन भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया संकट का सामना कर रही थी, भारत भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा था। इसके बावजूद उन कठिन परिस्थितियों में भी भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारे सिद्धांत को दर्शाता है- 'पहले लोग, पहले मानवता।'

#### संविधान सदन लोकतंत्र को समर्पित

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जिस स्थान पर बैठे हैं, वह भारत के लोकतांत्रिक सफर का महत्वपूर्ण स्थल है। स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठकें हुई थीं। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी हॉल में लिए गए। लोकतंत्र को समर्पित इस स्थल का नाम 'संविधान सदन' रखा गया है।

#### देश में महिलाओं का प्रतिनिधित्व

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का एक और मजबूत स्तंभ महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। हमारे देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति महिला हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री भी महिला हैं। ग्रामीण और स्थानीय निकायों में भारत में लगभग 15 लाख महिला निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये लगभग 50 प्रतिशत नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व है।

# नागरिकों को सभी नगरीय निकाय उपलब्ध कराएं शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल : कमिश्नर

## नगर की सीवरेज लाइन निर्माण की धीमी प्रगति पर एमपीयूडीसी के अधिकारियों को लगाई फटकार

शहडोल (स्वतंत्रमत)




कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में संभाग के नगरीय निकायों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने नगरीय निकायों के अधिकारियो को निर्देश दिए कि संभाग अंतर्गत नागरिको को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि वाटर ट्रीटमेंट प्लान सोर्स प्वाइंट तथा पाईप लाइन की नियमित जांच कराई जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि संभाग के 22 नगरीय निकायों के 379 वार्ड में 1895 पेयजल के किट से सैम्पल लिए गए हैं। जिन में से 1155 सैम्पल की रिपोर्ट मिली है, जो सही पाए गए हैं। कमिश्नर ने शासन के निर्देशानुसार जल सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का 48 घंटे के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में दूषित पानी से संबंधित प्राप्त शिकायतो का निराकरण 48 घंटे भीतर कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने नगर में किये जा रहे सीवरेज कार्य की अपेक्षित प्रगति नही होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज का कार्य जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए एवं आवश्यकतानुसार रिसोर्सेंस बढ़वाएं। आपने निर्देश दिए कि रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कमिश्नर ने संभाग के नगरीय निकायो में विभिन्न योजनाओ के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। कमिश्नर ने पीएम आवास-1.0 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास जो अब तक शुरू नहीं हुए हैं। उन कार्यों में आरआरसी जारी की जाए तथा शेष आवास साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर नियमित मॉनीटरिंग करते हुए मार्च माह तक पूरे किए जाएं। इसी तरह पीएम आवास-2.0 योजना के तहत हितग्राहियो के सत्यापन तथा सत्यापन पश्चात डीपीआर तैयार करने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कमिश्नर ने अमृत 2.0 के तहत स्वीकृत जल प्रदाय योजना, वाटर वॉडी निर्माण योजना तथा पार्क निर्माण योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन निकायों में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां सभी समस्याओं का निराकरण कर कार्य शीघ्र शुरू किए जाएं तथा जहां कार्य शुरू हो गए हैं, उन कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। एजेन्सी द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर उनके ऊपर पैनाल्टी लगाई जाए। जिन कार्यों में भूमि आवंटन की समस्या है। संबंधित कलेक्टर के माध्यम से भूमि आवंटन की समस्या का निराकरण कराया जाए। कमिश्नर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य हेतु पूर्व से ही सभी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए संभाग पहले से बेहतर की स्थिति में लाने के सभी आवश्यक प्रयास अभी से शुरू किए जाएं। कमिश्नर ने पीएम स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियो को दिलाना सुनिश्चित करें। स्वच्छता अभियान के तहत उपयोग किए हुए जल प्रबंधन के लिए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं, सुपर 75 श्रेणी की अवधारणा के तहत चयनित निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निर्धारित बिन्दुओं की पूर्ति करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की तैयारी करें। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशसन अरविंद शर्मा सहित संभाग के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

# कंबोडिया के फुटबॉल कोच ने कमिश्नर से की मुलाकात



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कमिश्नर सुरभि गुप्ता से कंबोडिया के फुटबॉल टीम के कोच चार्ली पॉमरोय एवं उत्तराखंड के सहायक फुटबॉल क्लब के श्रेष्ठ पांडे ने कमिश्नर कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कोच पॉमरोय ने च्चमिनी ब्राज़ीलज्ज के नाम से प्रसिद्ध ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों के जुनून, अनुशासन एवं प्रतिभा की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के राजीव श्रीवास्तव, कोच लक्ष्मी सहीस सहित मिनी ब्राज़ील के फुटबॉल खिलाड़ी भी उपस्थित रहे।

# आईजीएनटीयू विश्वविद्यालय में असम के छात्र के साथ हुई मारपीट के विरोध में एबीवीपी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्र मत)



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय में असम के छात्र के साथ हुई मारपीट के विरोध में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सोपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय में लगातार भय का वातावरण बनता जा रहा है, असामाजिक तत्वों का लगातार प्रवेश बढ़ रहा है जिसके कारण से छात्रों में भय का माहौल बढ़ता जा रहा है छात्र छात्राएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे है, विश्वविद्यालय के अंदर आसामाजिक तत्वों के प्रवेश के कारण नशीले पदार्थों का सेवन लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण से आए दिन कई बड़ी घटनाएं सामने आती हैं, साथ ही छात्रावासों के मुख्य अधीक्षक द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए आसामाजिक तत्वों को फर्जी तरीके से विश्वविद्यालय के अंदर शरण व संरक्षण देते हैं व उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम लगातार कर रहे हैं इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी परिषद ने अनूपपुर जिले की पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए यह कहा कि यदि सात दिवस में निर्णय नहीं लिया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन व पुलिस प्रशासन रहेगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री सावन सिंह, प्रांत सहमंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, जिला संयोजक, प्रणव मिश्रा लवकुश रौतेला अभिषेक तिवारी,आदित्य उपाध्याय, राजा राठौर चिराग ,मयंक, विवेक, हर्ष सावन आदित्य ,द्विवेदी, रोहन, दिव्या, आदि कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अबोध बालिका से दुष्कृत्य एवं हत्या के आरोपी को सजा-ए-मौत

शहडोल (स्वतंत्र मत)

तीन वर्षीय अबोध बालिका से दुष्कृत्य कर हत्या करने के मामले में न्यायालय विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम सुशील कुमार अग्रवाल द्वारा प्रकरण क्र1 121/23 एवं थाना खैरहा के अपराध क्र. 68/23 में आरोपी भानू उर्फ रामनारायण ढीमर को धारा 302 ताहि में आजीवन कारावस, धारा 201 ताहि. मे 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये जुर्माना तथा 506(बी) ताहि. एवं पाक्सो एक्ट की धारा 5(एम)/6 के तहत मृत्यु दण्ड से दण्डित किया गया है। अन्य आरोपी राजकुमार व पिंकी ढीमर को धारा 506 (2) ताहि. मे दोषी पाते हुये 04-04 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये जुर्माना से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण मे शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कुबेन्द्रशाह ठाकुर के व्दारा पैरवी की गई एवं उक्त प्रकरण मे पैरवी में सहयोग एडीपीओ संतोष कुमार पाटले किया गया है। प्रकरण की विवेचना उप निरीक्षक दिलीप सिंह द्वारा की गई।

# जिला भाजपा कार्यालय अटल निलय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आज होगा आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)



'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आज होगा। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष के रूप में अमिता चपरा के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर के कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 जनवरी को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक किया जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के तैयारी का जायजा भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर गुरुवार को तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ से विजय दुबे, डॉ सिद्धार्थ सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, भूपेंद्र मिश्रा जिला महामंत्री अमित मिश्रा जिला मंत्री सौरभ गोले कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट विपिन तिवारी आदित्य चपरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य शिविर विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा साथी विभिन्न प्रकारों की जांच भी निशुल्क की जाएगी इस स्वास्थ्य शिविर में जिला पदाधिकारी एवं जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ता गण अपने स्वास्थ्य की जाँच करवा सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने सभी कार्यकर्ताओं से विनम्र आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनें। साथ ही मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय खिचड़ी सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा।

# मकर संक्रांति पर जेंडर कैंपेन नई चेतना 4.0 के अंतर्गत तीन दिवसीय विशेष गतिविधियों का आयोजन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश डेङ्कराज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर जेंडर कैंपेन च्चनई चेतना 4.0ज्ज के तहत जिले में 13 से 15 जनवरी 2026 तक स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए तीन दिवसीय विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिव्यांशू चौधरी के नेतृत्व में जिले के समस्त विकासखंडों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने की दिशा में च्चहौसलों की उड़ानज्ज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस समूह से जुड़ी लखपति दीदियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दीदियों ने आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद अपने जीवन, परिवार एवं सामाजिक स्थिति में आए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने-अपने विकासखंडों में अधिक से अधिक स्व-सहायता समूह की दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प भी लिया। दूसरे दिवस मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में पतंग महोत्सव एवं तिल-गुड़ बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीदियों ने पतंगबाजी कर अपने बचपन की यादों को ताजा किया और पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर एक-दूसरे से अनुभव साझा किए। नर्मदा तट के किनारे पारंपरिक उल्लास और सामूहिक सहभागिता के साथ संक्रांति पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीसरे एवं अंतिम दिवस, दिनांक 15 जनवरी 2026 को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में महिलाओं के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आंखों की जांच भी की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। तीन दिवसीय इस जेंडर कैंपेन के माध्यम से न केवल महिलाओं में आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता बढ़ी, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और सामूहिक एकजुटता को भी मजबूती मिली। च्चनई चेतना 4.0ज्ज के तहत आयोजित यह अभियान जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में सराहा जा रहा है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर सभाकक्ष में गुरुवार, दिनांक 15 जनवरी 2026 को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. मनोज पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्री श्याम सिंह सिंगौर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, डॉ. राजकुमार डोंगरे (जिला टीकाकरण अधिकारी), डॉ. जयश्री मरावी (जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2), डॉ. मनोज उरैती (जिला क्षय अधिकारी) सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तर से समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बी.पी.एम., बी.ई.ई. एवं बी.सी.एम. उपस्थित रहे.बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 01 अप्रैल 2025 से दिसम्बर 2025 की अवधि में संचालित प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें ए.एन.सी. पंजीयन, सीवियर एनीमिया, पी.आई.एच. प्रबंधन, टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केन्द्र, परिवार कल्याण, आयुष्मान कार्ड, मातृ एवं शिशु मृत्यु, सिकल सेल एनीमिया तथा टी.बी. नियंत्रण कार्यक्रम शामिल रहे। समीक्षा के दौरान जिन विकासखण्डों में लक्ष्यानुसार उपलब्धि कम पाई गई, वहां के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। साथ ही सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रदत्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। अधिकारी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# झोला-छाप चिकित्सकों पर जिला प्रशासन की सख्ती, अवैध क्लीनिक सील

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जिले में अवैध रूप से चिकित्सा कार्य कर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले झोला-छाप चिकित्सकों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को सघन कार्यवाही की। इसी कड़ी में करंजिया तहसील अंतर्गत ग्राम रुसा में संचालित एक संदिग्ध क्लीनिक की जांच की गई, जहां गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान क्लीनिक संचालक डॉ. अरुण चन्द्र बाला की शैक्षणिक योग्यता होम्योपैथी पाई गई, जबकि क्लीनिक में बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं रखी और उपयोग में लाई जा रही थीं। नियमानुसार बिना वैध पंजीयन एवं अनुमति के एलोपैथिक उपचार करना कानूनन अपराध है। नियमों के स्पष्ट उल्लंघन को देखते हुए मौके पर ही एलोपैथिक दवाओं को जप्त किया गया तथा संबंधित क्लीनिक को सील कर दिया गया। साथ ही प्रकरण दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। यह संयुक्त कार्यवाही नायब तहसीलदार करंजिया श्री शैलेश गौर के नेतृत्व में की गई, जिसमें हल्का पटवारी विजय श्रीवास्तव, नंदकुमार परस्ते, शैलेन्द्र सिंह मार्को, कोटवार वीरेंद्र पड़वार सहित चिकित्सा विभाग की टीम शामिल रही। टीम ने क्लीनिक से संबंधित दस्तावेजों, दवाओं एवं उपचार पद्धति की बारीकी से जांच कर अनियमितताओं की पुष्टि की। जिला प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध रूप से चिकित्सा कार्य करने वाले, बिना मान्यता उपचार करने वाले तथा झोला-छाप चिकित्सकों के विरुद्ध आगे भी लगातार और सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे उपचार के लिए केवल पंजीकृत एवं योग्य चिकित्सकों से ही संपर्क करें और यदि कहीं अवैध क्लीनिक या संदिग्ध चिकित्सा गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग या प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर लोगों के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

# दुर्लभ वन्यजीवों पर भारी रफ्तार, कारोपानी में काला हिरण सड़क हादसे का शिकार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



अमरकंटक-जबलपुर नेशनल हाईवे पर स्थित कारोपानी कृष्ण मृग (काला हिरण) संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गुरुवार को कारोपानी के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क पार कर रही विशेष संरक्षित प्रजाति की मादा काले हिरण को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि कारोपानी संरक्षित क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाओं के कारण काले हिरणों की मौत हो रही है। इसके बावजूद न तो शासन और न ही प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

गौरतलब है कि कारोपानी क्षेत्र को कृष्ण मृग संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां बड़ी संख्या में दुर्लभ और विलुप्त होती प्रजाति के काले हिरण निवास करते हैं। इसके बावजूद नेशनल हाईवे पर न तो गति सीमा के संकेतक लगाए गए हैं, न ही स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड या रफ्तार नियंत्रित करने की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही सीधे तौर पर वन्यजीवों के अस्तित्व पर खतरा बनती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हाईवे पर गति नियंत्रण, साइन बोर्ड, फ्लैशर लाइट, अंडरपास या फेंसिंग जैसी व्यवस्थाएं नहीं की गईं, तो आने वाले समय में कई और बेजुबान वन्यजीव सड़क हादसों का शिकार होते रहेंगे। लगातार हो रही काले हिरणों की मौत ने शासन-प्रशासन और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब देखने वाली बात होगी कि इस घटना के बाद जिम्मेदार विभाग कब जागते हैं और संरक्षित वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या फिर यह मौतें यूं ही अनदेखी होती रहेंगी।

# बिजली बिल वसूलने गई टीम पर हमला, जेई को आई गंभीर चोटें

### पाटन तहसील के ग्राम साकरा का मामला, एफआईआर दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



पाटन तहसील स्थित ग्राम साकरा में गुरुवार की शाम बिजली कंपनी की टीम पर अचानक हमला कर दिया गया। इस घटना में जूनियर इंजीनियर के चेहरे पर गंभीर चोट आई। जैसे-तैसे गांव से निकलने के बाद बिजली कंपनी की टीम पाटन थाना पहुंची और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। जानकारी के मुताबिक बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जूनियर इंजीनियर मनोज दुबे टीम के साथ ओवरलोड बिजली बिल वसूलने गए थे। इसी बीच गांव निवासी सौरभ जैन से अधिक बिजली उपयोग का जुर्माना मांगने पर उन्होंने गाली-गलौज करते हुए टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान जूनियर इंजीनियर के चेहरे पर चोट आई। जूनियर इंजीनियर की शिकायत पर पाटन थाना पुलिस ने शासकीय काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया और सौरभ जैन व उसके पिता की तलाश शुरू कर दी है।

### ओवरलोड बिजली बिल वसूलने गई थी टीम

इस मामले में जूनियर इंजीनियर मनोज दुबे ने बताया कि साकरा गांव में रहने वाले लालचंद जैन का देहांत हो चुका है। वर्तमान में उनके बेटे और नाती खेत में पानी के लिए पंप का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सौरभ जैन अपने खेत में दो एचपी का पंप चला रहे थे, जबकि उनके मीटर में केवल एक एचपी की क्षमता थी। अधिक बिजली के उपयोग को लेकर जब जूनियर इंजीनियर टीम के साथ मौके पर पहुंचे, तो सौरभ जैन और अन्य लोग भड़क गए और उन्होंने जूनियर इंजीनियर पर हमला कर दिया।

### जान से मारने की दी धमकी

मनोज दुबे ने बताया कि सौरभ जैन और वहां मौजूद अन्य लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि दोबारा बिजली बिल वसूलने के लिए गांव में घुसे तो उन्हें जान से मार देंगे। मनोज दुबे के साथ मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव करते हुए उन्हें गांव से बाहर निकाला और पाटन थाना लेकर पहुंचे। जूनियर इंजीनियर की शिकायत पर पाटन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मिला सम्मान

### आईएसईआई एक्सीलेंस प्रोग्राम 2025 का हुआ सफल आयोजन

**जबलपुर (स्वंत्रत मत)।** इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) आईएसईआई द्वारा आईएसईआई एक्सीलेंस प्रोग्राम 2025 का सफल आयोजन रायपुर स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थानों एवं औद्योगिक इकाइयों को सम्मानित करना रहा। आयोजन की थीम एक्सीडेंट प्रीवेंशन, ग्रीन एंवायरमेंट रही, जो सुरक्षित कार्यस्थल, हरित पर्यावरण एवं सुरक्षित समाज के प्रति आईएसईआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा किसी भी राज्य की वास्तविक प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कार्यस्थलों की सुरक्षा से जुड़ी होती है। आईएसईआईजैसी संस्थाएं दुर्घटनामुक्त, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने दुर्घटना रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण तथा आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में ढ्ढस्श्वढ्ढ के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में दिलीप वासनीकर, आईएएस, जांच आयुक्त, रायपुर डॉ. राज्जू कुमार, डिप्टी चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्री, छत्तीसगढ़ शासन, अनिमा कुजूर, डिविजनल कमांडेंट एसडीआरएफ रायपुर, रिचा मिश्रा , एएसपी ट्रैफिक दुर्ग डिविजन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, सुरक्षा विशेषज्ञ




एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस अवसर पर टाटा स्टील लिमिटेड, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड सहित कई कंपनियां शामिल रहीं।

**उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित**-इस कार्यक्रम में जबलपुर के रोमिल सोमैय्या को सुश्री अनिमा एस. कुजूर द्वारा आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इसी के साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए सुरक्षा इंजीनियरों, औद्योगिक विशेषज्ञों, चिकित्सकों एवं प्रोफेशनल्स को उनके नवाचार, दुर्घटना निवारण, पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. एस रामपुरी, मुहम्मद सबा नवाज, तमन्ना अफरोज, तौसीफ आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)।



सिहोरा विधानसभा के तहत गोसलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक गत दिवस संपन्न हुई। जिसमें संजय यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठजनो का सम्मान, पार्टी के संगठन के पंचायत स्वर, बूथ स्वर से कार्यकर्ता से जुड़ाव पार्टी के संगठन एवं सृजन की रूपरेखा तैयार कर गांव गांव बूथ पर संगठन तैयार करना एवं जोश के साथ पार्टी के कार्यक्रम जन जन तक पहुंचना एवं वर्तमान सरकार द्वारा मनरेगा योजना के साथ छेड़ छाड़कर उसे बंद करने की साजिश का संदेश जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में संजय यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष, गोसलपुर ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुर, अजय सिंह, सौरभ नाटी शर्मा, रूपेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

# युवा संगम में 732 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) में 15 जनवरी 2को आयोजित प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला एवं युवा संगम युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर लेकर आया। मेले में कुल 732 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि लगभग 1800 आवेदकों ने पंजीयन कर रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक उत्तर मध्य विधानसभा डॉ. अभिलाष पाण्डे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधायक डॉ. पाण्डे ने युवाओं से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहे, बल्कि स्वरोजगार स्थापित कर दूसरों को भी रोजगार देने वाला बने। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवा कौशल सीखने के साथ-साथ आय भी अर्जित कर रहे हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेले में कुल 14 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

इनमें व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर, नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड जबलपुर, एस.एम.जी. सुजुकी मोटर, पुखराज हेल्थ केयर, बेसिक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं। कंपनियों द्वारा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए गए और मौके पर ही प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त संचालक एवं प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई बीएस पनिका एवं डॉ. अर्पित शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपसंचालक रोजगार एमएस मरकाम, महाप्रबंधक जिला रोजगार एवं उद्योग केंद्र विनीत रजक, प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, रोजगार अधिकारी सतीश काबड़े, मेला समन्वयक दीपेश उपाध्याय, प्रशिक्षण अधिकारी योगेश देशमुख आदि उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय में मनाया गया भारतीय सेना दिवस

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में प्राचार्य डॉ एमके श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं एनसीसी ऑफिसर डॉ अर्चना नामदेव के निर्देशन में 78वें भारतीय सेवा दिवस के उपलक्ष में लाइव ऑनलाइन इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेवा के अदम्य पराक्रम, एवं देश के प्रति समर्पण व साहस से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सूबेदार मुकेश कुमार यादव हरियाणा बटालियन एवं हवलदार पप्पू कुमार 1 एमपी सिग्नल कंपनी जबलपुर द्वारा भारतीय सेवा के अदम्य साहस एवं पराक्रम के संदर्भ में विभिन्न अनुभवों को साझा किया गया तथा विभिन्न एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेवा में प्रवेश संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ.अजय सिंह, साक्षी सिंह दागी, सीनियर अंडर ऑफिसर संतोष कुमार बढ़ई आदि शामिल रहे।

# आज से अग्रवाल प्रीमियर लीग की शुरूआत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अग्रवाल सभा के तत्वाधान में अग्रवाल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज द्वारा एक क्रिकेट टूर्नामेंट (एपीएल-सीजन 1) का आयोजन आगामी 16 जनवरी से किया जा रहा है, यह जानकारी श्रीकृष्ण अग्रवाल एवं मुरली अग्रवाल ने बताया अग्रवाल समाज द्वारा युवाओं कि खेल प्रतिभा को निखारने के लिए यह आयोजन प्रथम बार किया जा रहा है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं प्रेम अग्रवाल पिंकी ने जानकारी देते हुए बताया क्रिकेट लीग का आयोजन 16 जनवरी से 20 जनवरी तक स्टीमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजय नगर में किया जायेगा। यह प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 7 बजे से आयोजित होंगी। श्री अग्रवाल ने बताया इस आयोजन से युवाओं में



खेल भावना के साथ समाज सेवा के भाव आएगा। इस आयोजन को लेकर समाज के युवाओं में उत्साह है। पत्रकार वार्ता में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल पिंकी, राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### इन क्षेत्र में आज नहीं आएगा पानी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि भोंगाद्वार द्वारा जल शोधन संयंत्र में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण आज शाम की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस संबंध में प्लांट इंचार्ज अमजद मंसूरी एवं शमीम खान ने बताया कि भोंगाद्वार जलशोधन संयंत्र से होने वाली जलापूर्ति क्रमशः कजरवारा, भीटा, शिवपुरी, शिवपुरी, आदि क्षेत्र में सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

# शराब के लिये रुपयों की मांग कर मारपीट

### खितौला और सिहोरा में वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खितौला क्षेत्र में तीन असमाजिक तत्वों ने शराब के लिये रुपये न देने पर एक युवक व उसकी मॉ के साथ मारपीट करते हुए पत्थरों से हमला कर दिया। इसी प्रकार सिहोरा में एक बदमाश ने शराब दुकान के मैनेजर से फ्री में शराब की मांग करते हुए मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। उक्त दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। खितौला पुलिस ने बताया कि लखराम मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय सुरेन्द्र कोल बीती देरशाम को अपने घर के सामने खड़ा था। उसी समय दस्सू उर्फ आदर्श कोल, व मोहन कोल अपने साथी छग्गा उर्फ अनिल कोल के साथ पहुंचे और उससे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगे। सुरेन्द्र ने रुपये देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। सुरेन्द्र की चीख पुकार सुन उसकी मॉ पुष्पाबाई बीच बचाव करने पहुंची तोआरोपियों ने पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे मॉ-बेटे दोनों को चोटे आ गई। सिहोरा पुलिस ने बताया कि गडिया़ मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय श्रवण कुमार यादव सिहोरा मंझौली बाईपास स्थित शराब दुकान में सेल्समैन है। दोपहर को जब वह दुकान में था, उसी समय गडिया़ मोहल्ला निवासी मोनू चीमा शराब पीकर दुकान में पहुंचा और कहने लगा कि मै यहां का गुण्डा हूँ, शराब पीने के लिये रुपये दो। श्रवण ने रुपये देने से मना किया तो आरोपी दुकान के अंदर घुस गया और मारपीट शुरु कर दी। जिससे श्रवण को चोटे आ गई। शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामलों को विवेचना में लिया है।




# हितकारिणी डेंटल कॉलेज की टीम ने लगाया नि:शुल्क दंत परीक्षण शिविर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित नई चेतना 4.0 हौसलों की उड़ान अभियान के तहत दिनांक 15 जनवरी को ग्राम सरपंच कार्यालय, पनागर में एक निशुल्क महा-शिविर का आयोजन किया गया। यह महा-शिविर महिला आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य एवं जेंडर समानता विषय पर आधारित था। इस महा-शिविर के अंतर्गत निशुल्क दंत चिकित्सा सेवा भी शामिल की गई, जिसमें हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जबलपुर के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग से डॉक्टरों की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान 20 से अधिक लोगों के दाँतों का परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया। साथ ही लाभार्थियों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, तंबाकू त्याग की सलाह, दंत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं दाँतों की देखभाल एवं ब्रश करने की सही विधियों की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम सुशील इंदु तिवारी (विधायक) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय सहित अन्य चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एक साल का किराया होगा राजसात, कलेक्टर के निर्देश पर गोदाम हुआ ब्लैक लिस्ट

### अनियमितता पाये जाने पर जिला प्रशासन ने की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

धान उपार्जन में अनियमितताओं को रोकने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला उपार्जन समिति ने गड़बड़ी पाये जाने पर एक गोदाम को एक वर्ष के लिये ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है तथा उसे मिलने वाली किराये की राशि को राजसात करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा दो अन्य गोदामों को मिलने वाली राशि से एक रुपये प्रति क्विंटल की दर से कटौती करने का फैसला भी जिला उपार्जन समिति द्वारा लिया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार धान उपार्जन में अनियमितता की मिलने वाली



शिकायतों की जांच राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा की जा रही है। संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट पर अभी तक कई समितियों के प्रभारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों पर कार्रवाई की गई है। इसी सिलसिले में जिला उपार्जन समिति ने अनियमितता मिलने पर तीन गोदामों के विरुद्ध कारवाई की है।

### क्षमता से अधिक मिला भंडारण

जिला आपूर्ति नियंत्रक के अनुसार मझौली तहसील में मुड़कुरु स्थित ओम साईं राम वेयर हाउस को उपार्जित धान का भंडारण बिना किसी पार्टीशन के वर्ष 2021-22 से रखे घुन लगे गेहूँ के साथ करने तथा अधिक मात्रा में धान की तौल करने की वजह से एक वर्ष के लिये ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। इस गोदाम में इसकी अधिकतम क्षमता से कहीं अधिक धान का भंडारण भी पाया गया था। ओम साईं राम वेयर हाउस को एक वर्ष के लिये ब्लैक लिस्टेड करने के साथ ही इसे 2025-26 में मिलने वाली गोदाम किराये की राशि को भी राजसात करने का निर्णय जिला उपार्जन समिति ने लिया है।

### सीसीटीवी कैमरे मिले बंद

इसी प्रकार कुंडम तहसील के ग्राम टिकरिया स्थित वाधवा वेयर हाउस एवं पाटन तहसील में साईं एग्रो टेक वेयरहाउस को खरीदी परिसर के रूप में प्राप्त होने वाली राशि में से एक रुपये प्रति क्विंटल की कटौती करने का निर्णय जिला उपार्जन समिति ने लिया है। वाधवा वेयर हाउस टिकरिया पर धान उपार्जन की गतिविधियों की निगरानी के लिये लगाये गये सभी सीसीटीवी कैमरे बंद पाये जाने के कारण तथा साईं एग्रो मार्केटिंग वेयर हाउस पर उपार्जित धान की बोरियां अधिक वजन की पाये जाने के कारण यह कारवाई की गई है। साईं एग्रोटेक मार्केटिंग वेयरहाउस के संचालक द्वारा धान का वजन धर्मकांटे से करवाकर सीधे बारदानों में भरवा दिया गया था।

# किरनापुर में तेजी से अवैध प्लाटिंग कर रहा तेजस

## कोतवाली में अवैध कालोनाईजर पर एफआईआर के बाद किरनापुर में क्या होगी कार्यवाही..?

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

किरनापुर पर भूखण्ड को टुकड़ो में काटकर प्लाटिंग का अवैध खेल खेलने वाला तेजस रहांगडाले का खूब बोलबाला हैं, अवैध कालोनाईजर् के सामने मानो तो पटवारी, तहसीलदार और एसडीएम भी नतमस्कर हो गए हैं क्योकि जिस भूखड की शिकायत हुई वर्ष बीत गया पर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति की गई हैं। जिस तरह से बालाघाट के राजस्व विभाग ने कोतवाली थाना पुलिस में अवैध कालोनाईजर् के खिलाफ नामज़द एफआईआर दर्ज कराई हैं क्या किरनापुर में राजस्व विभाग के अधिकारी भी कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कराएंगे ये बड़ा सवाल है..? प्रदेश में हो रहीं अवैध प्लाटिंग के खेल को देखते हुए मोहन सरकार के द्वारा समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देशित कर अवैध प्लाटिंगों पर निगरानी व क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के कलेक्टर के द्वारा आदेशित किया गया हैं, किंतु किरनापुर में तो अवैध कालोनाईजर के द्वारा राजस्व अधिकारियों की साठगांठ से अवैध प्लाटिंगों की रजिस्ट्री का खेल जारी हैं। ज्ञात हो कि कालोनियों की निगरानी के लिए कलेक्टर मृणाल मिणा के द्वारा भी उप पंजीयक कार्यलयों को अवैध प्लाटिगों की लिस्ट सौंपाते हुए अवैध प्लाटों की रजिस्ट्री नहीं करने के आदेश दिये गये हैं। लेकिन किरनापुर में ये सब कागजों तक ही सीमित हैं धरातल पर शिकायत करने के बावजूद भी अवैध प्लाटिंग को अवैध घोषित करने के लिए राजस्व विभाग जांच में लिपापोती कर रहा हैं। उन अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं? जानकारी अनुसार, बीएएड कॉलेज किरनापुर के सामने बने शासकिय आदिवासी जनजातिय छात्रावास के पिछे भूमि खसरा नं. 478/2/2, 478/25, 499/2, रकबा (0.2020 है.) जो भूमिस्वामी की भूमि पर एग्रीमेंट करके अवैध कालोनाईजर तेजस रहांगडाले द्वारा प्लाटिंग काटी गई हैं। वहीं इसी से लगी भूमि पर अवैध कालोनाईजर नरेंद्र पिता श्यामलाल अग्रवाल निवासी किरनापुर द्वारा खसरा नम्बर 498/1/च एंव 498/1/ड़ को रजिस्ट्री करने के पश्चात भूमि के खसरा नं. 498/1/6 (स) एंव 498/1/5 भूमि पर अलग-अलग नाम से ले-आउट पर कालोनी का अवैद्य निर्माण व विक्रय कर रहा है एवं पटवारी फुलेश मानेश्वर द्वारा नक्शे काटकर दिए गए हैं।



### पटवारी बोले हमने तेजस और अन्य नोटिस दिए थे और कार्यवाही हुई हैं

पटवारी फुलेश मानेश्वर ने मौखिक चर्चा में कहा कि शिकायत के बाद अवैध प्लाटिंग करने के बाद तेजस रहांगडाले, भूमिस्वामी और अन्य करीब 11 से 12 लोगों को नोटिस दिए थे जिसमें आगे की कार्रवाई करते हुए एसडीएम को जांच रिपोर्ट दी गई हैं और वहीं बताएंगे कि कार्यवाही क्या की गई हैं। नक्शा काटने के सवाल पर बोले कि पहले काटे थे फ़िर नहीं काटे हैं। सवाल खड़े होते हैं कि क्या पटवारी को मोहन सरकार का आदेश और कलेक्टर के निर्देश को ढेंगा दिखाया गया हैं या अंजान बनकर मलाई खाई गई हैं। आखिर कितनी रजिस्ट्री हुई हैं इसका कोई न जवाब नहीं दे पाए..?

### कालोनाईजर एक्ट का नहीं हो रहा पालन

कालोनाईजर् एक्ट के तहत, कालोनी के विकास और निर्माण से जुड़े लोगों को ज़रूरी सुविधाएं देनी होती हैं। इनमें पीने का पानी, आश्रय और शौचालय जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मध्य प्रदेश में, मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनाइजर का पंजीकरण, नियम और शर्तें) नियम, 1998 और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 जैसे कानून हैं जो कॉलोनियों के विकास और विनियमन को नियंत्रित करते हैं। ये कानून कॉलोनाइजरों (कॉलोनी बनाने वालों) के पंजीकरण, कॉलोनी के विकास के लिए आवश्यक शर्तों, और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई जैसे विषयों को शामिल करते हैं। पंचायत क्षेत्र में, कलेक्टर को अवैध कॉलोनी को खत्म करने और इसके विकास करने वाले पर कार्रवाई करने का अधिकार हैं।उक्त खसरा पर अवैध कालोनाईजर तेजस रहांगडाले सहित अन्य 11 कालोनाइजनों के विरुद्ध किरनापुर एसडीएम, तहसीलदार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। ऐसा ही चलता रहा तो अवैध कालोनाईजरों के द्वारा कालोनी बसा दी जायेगी फिर खरिददारों के द्वारा सुविधाओं के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटते रहेगें और यहीं हो रहा हैं।

# कंजई जंगल की पहाड़ी पर मिला मानव कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंजई के पास स्थित बालाघाट-सिवनी रोड़ मुरूमनाला पहुंच मार्ग के ठीक विपरीत लेफ्ट साइड की दिशा में मेन रोड़ से लगभग तीन किलोमीटर अंदर कक्ष क्रमांक 750 के जंगल में पहाड़ी पर एक मानव का कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जंगल के अंदर मंगलवार 13 जनवरी को देखने में आया। वन विभाग को दोपहर में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने सूचना मिलते ही थाना लालबर्रा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। प्रथम दृष्टया मानव कंकाल के पास मिले कुछ कपड़े के आधार पर इसे पुरुष कंकाल माना जा रहा है। हालांकि, अंतिम पुष्टि मानव कंकाल की सभी हड्डियों का परीक्षण व डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा के बीएमओ डा. सुश्री रितु धुर्वे ने बताया कि मानव कंकाल परीक्षण व डीएनए जांच के लिए गुरुवार को जिला चिकित्सालय बालाघाट से टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा पहुंचने वाली है। परीक्षण उपरांत मानव कंकाल (सभी हड्डियों को) व डीएनए जांच के लिए फारेंसिक लैब सागर या जबलपुर भेजा जाएगा। शुरूआती जांच में यह मामला वन्य प्राणी द्वारा मानव का शिकार करने का प्रतीत हो रहा है या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगल में ले जाकर हत्या कर दी गई हो यह भी हो सकता है, लेकिन जांच रिपोर्ट आने तक कुछ भी कहना स्पष्ट नहीं है, हत्या या शिकार होने का सिर्फ अंदेशा लगाया जा सकता है। लालबर्रा थाना सहित आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी इकट्ठा की जा रही है। संभावित पहचान के लिए संबंधित परिवारों के डीएनए सैंपल लेकर मिलान कराया जाएगा। चूंकि विगत लगभग दो माह पूर्व 22-23 नवंबर 2025 को ग्राम भांडामुर्री निवासी मंगलप्रसाद पिता जेठू तुमसरे 50 वर्ष गुम हो चुका था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके स्वजनों ने लालबर्रा थाने में तत्कालीन समय में दर्ज करवाई थीं। जंगल में मानव कंकाल के पास मिले कपड़े जिसमें लाल कलर का एक ठंड से बचने के लिए ऊनी जैकेट, गहरे नीले कलर का पेंट पुलिस व वन विभाग की टीम ने बरामद किया है। बरामद कपड़े भांडामुर्री निवासी गुमशुदा व्यक्ति के स्वजनों को दिखाया गया तो उनके द्वारा अपने पिता के यह कपड़े होना बताया जा रहा है, जिससे यह हो सकता है कि यह मानव कंकाल भांडामुर्री निवासी गुमशुदा व्यक्ति का हो सकता है, लेकिन फिर भी जांच रिपोर्ट आने तक कुछ भी कहना स्पष्ट नहीं है सिर्फ अंदेशा लगाया जा रहा है। इस जांच में वन विभाग से विजय कुमरे लामता वन परिक्षेत्र अधिकारी लालबर्रा अपने स्टाफ के साथ, गौतमा मेश्राम जिला वैज्ञानिक अधिकारी एफएसएल टीम अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। पुलिस दल में सुनील चतुर्वेदी लालबर्रा थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ महेंद्र बघेल उपनिरीक्षक, विजय बिसेन सहायक उपनिरीक्षक, विजय हरदिया आरक्षक सहित शामिल रहे।



# जंगली सुअर के मांस सहित तीन आरोपित गिरफ्तार



**लामता(स्वतंत्र मत)।** वन परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक वृत्त समनापुर के ग्राम ठाकुरटोला में वन विभाग ने शुक्रवार को जंगली सूअर के मांस सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में रामदास पिता भाऊदास बागड़े, दुरजन पिता झाड़ूलाल कुमले, हंसलाल पिता महेतर कुमले शामिल है। परिक्षेत्र सहायक अधिकारी समनापुर कंचन खंडागले ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोगों ने जंगली सूअर का शिकार किया है और अपनी घर में मांस पका रहे है। मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपितों को हिरासत में लिया। इनके कब्जे से पका मांस, गंजी बर्तन जब्त किए गए। वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला पंजीबद्ध कर पीओआर क्रमांक 2738/74 जारी कर आरोपितों को जिला न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में कंचन खंडागले परिक्षेत्र सहायक अधिकारी समनापुर, तुलसीदास तिवारी वनरक्षक, देवांशु कुमार यादव वनरक्षक, नीरज खटीक वनरक्षक, राजा मेरावी वनरक्षक, दीपक सेंगर वनरक्षक, साजिद कुरैशी वाहन चालक, कृष्ण मुरारी कुतराहे सुरक्षा श्रमिक, योगेश पिछोड़े सुरक्षा श्रमिक, रमेश बनोटे सुरक्षा श्रमिक, बस्ताराम सुरक्षा श्रमिक की भूमिका रही।

# खरपड़िया-सिवनहेटी मार्ग के डोरिया नाले पर बना विकास का सेतु

## 10.40 करोड़ रुपये की लागत से मात्र 08 माह में तैयार हो गया पुल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले की तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत खरपड़िया से सिवनहेटी मार्ग पर डोरिया नाले पर निर्मित जलमग्नीय पुल अब पूर्णता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पुल के साथ-साथ उसके पहुँच मार्ग का कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है, जिससे शीघ्र ही क्षेत्रवासियों को आवागमन की स्थायी और सुरक्षित सुविधा प्राप्त होगी। 10 करोड़ 40 लाख 64 हजार रुपये की लागत का यह पुल मात्र 08 माह में तैयार हो गया है और अब इसके रेलिंग, एप्रोच रोड एवं फिनिशिंग का कार्य अंतिम चरण में है। यह क्षेत्र आदिवासी बहुल ग्रामों से घिरा हुआ है, जहाँ वर्षा ऋतु के दौरान डोरिया नाले में जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था। ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि कार्यों और दैनिक आवश्यकताओं के लिए जोखिम उठाकर नाला पार करना पड़ता था। कई बार यह स्थिति जानलेवा भी बन जाती थी, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता था। ग्रामीणों की इसी वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए शासन एवं जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयासों से डोरिया नाले पर 135 मीटर लंबा जलमग्नीय पुल स्वीकृत किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा 10 करोड़ 40 लाख 64 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। पुल निर्माण कार्य दिनांक 20 फरवरी 2025 से प्रारंभ हुआ और इसके वर्ष 2026 में पूर्ण होने की संभावना है। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के एसडीओ श्री अर्जुन सिंह सनोडिया ने बताया कि इस पुल के निर्माण की निर्धारित समय सीमा 27 माह थी, किंतु नवीनतम आधुनिक तकनीकों के उपयोग से पुल का निर्माण कार्य मात्र 08 माह में ही लगभग पूर्ण हो चुका है। पुल के सभी स्पान का कार्य पूरा कर लिया गया है, जो इसे समय से पूर्व तैयार होने वाली एक आदर्श परियोजना बनाता है। पुल एवं पहुँच मार्ग का कार्य पूर्ण होते ही खरपड़िया से सिवनहेटी मार्ग वर्षभर निर्बाध रूप से संचालित होगा। इससे आदिवासी ग्रामों को मुख्य मार्ग से सीधा संपर्क मिलेगा, कृषि उत्पादों के परिवहन में सुविधा होगी और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान बनेगी। इस पुल के बनने से सिवनहेटी एवं उसके आसपास के ग्रामीणों को अब तिरोड़ी, कटंगी एवं खवासा की ओर जाने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इस जनहितकारी परियोजना को लेकर क्षेत्र में उत्साह और संतोष का वातावरण है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि उनके सुरक्षित भविष्य और विकास की नई राह है। निस्संदेह, डोरिया नाले पर बना यह जलमग्नीय पुल शासन-प्रशासन की विकासोन्मुख सोच और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले समय में ग्रामीण अधोसंरचना विकास की मिसाल बनेगा।



## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित / प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से दिनांक 14 मार्च 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

# अपर कलेक्टर ने गोद लिए बच्चे के घर पहुँचकर जानी स्वास्थ्य की स्थिति

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कुपोषण दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने एवं जन जागरूकता लाने हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचार अंतर्गत कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार लाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियो ने उन्हें गोद लिया है, और बच्चों एवं उनके माता पिता को पोषण संबंधी समझाईश दे रहे हैं। अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने मानपुर विकास खंड के ताला में गोद लिए गए बच्चे राघव यादव के घर पहुँच कर परिजनों से उसकी तबियत के बारे में जाना। अपर कलेक्टर ने बच्चे को पौष्टिक चीजें जिसमे गुड़ की चिक्की, लाई, चना, मुनगा पाउडर, तिल की चिक्की, दलिया, सूजी,फल आदि दी, जिसका सेवन मां बच्चे दोनों को कराने की बात कही गई साथ ही, आंगनवाड़ी



कार्यकर्ता/एएनएम द्वारा दी जाने वाली दवाइयों का महत्व समझाते कहा कि जो मल्टी विटामिन दवाई उन्हें उपलब्ध कराई जाती है, उसे डोज अनुसार बच्चे को दवाई जरूर दे, ताकि उसके स्वास्थ्य में जल्दी सुधार हो सके।

# दो अलग अलग सड़क हादसों में कई घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** नौरोजबाद थाना अंतर्गत ग्राम मनेरी, ग्राम कौड़िया में दो अलग अलग सड़क हादसों में कई लोगो के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है। घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। घायल में एक मासूम भी शामिल है। घटना के बाद स्थल में लोगो की भीड़ जमा हो गई। सड़क हादसे में राजू पिता सुरेश बैगा उम्र 26 वर्ष निवासी कौड़िया, पंकज पिता अमित कोल उम्र 22 वर्ष निवासी जरहा,राखी पिता सुदामा कोल उम्र 18 वर्ष निवासी बोदली,प्रीति पिता कमलेश कोल उम्र 19 निवासी रहठा घायल हुए है,ये सभी मेला में शामिल होकर वापस आ रहे थे,तभी सड़क हादसे का शिकार हुए है। इसके अलावा ग्राम कौड़िया के पास हुए सड़क हादसे में सुदीप पिता कुमरईया बैगा उम्र 60 वर्ष,संजय पिता राजू बैगा, राजू पिता सुदीप बैगा घायल बताये जा रहे है। इन दोनों घटनाओं के अलावा गुरुवार की रात निगहरी के पास ही सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में भी देर रात दो बाइक की आपसी भिड़ंत हुई है,इस हादसे में धुर्वे क्रेसर,ग्राम हर्रई निवासी सोनू सिंह एवम डिंडौरी जिले के ग्राम चौरा निवासी दो युवकों के गम्भीर रूप से घायल होने की खबर है।



# कर्मचारी संगठन ने किया नववर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धनेश पुरी गोस्वामी एवं कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गड़ारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ का नवबर्ष 2026 का कैलेंडर विमोचन वा जिला संघ की बैठक नववर्ष मिलन कार्यक्र दिनांक 11 जनवरी 2025 दिन रविवार को सगरा धाम मंदिर प्रांगण में प्रांतीय सचिव ज्ञानेंद्र पाण्डेय की मुख्यातिथि में आयोजित किया गया। उक्त बैठक में सभी ब्लाक एवं तहसील अंतर्गत कर्मचारी हितों के मद्देनजर संगठन विस्तार करने पर चर्चा की गई साथ ही जिन विभागों में कर्मचारियों के लंबित प्रकरण जैसे समयमान, वेतनमान, सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रकरण आदि लंबित सत्व के भुगतान, लंबित एरियर्स आदि के भुगतान करवाए जाने जाने पर आपसी विचार विमर्श पर चर्चा की गई एवं एक दूसरे को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं गई। जिसमें संगठन के मार्गदर्शक बीरेंद्र दुबे, प्रांतीय सचिव ज्ञानेंद्र, जिलाध्यक्ष धनेशपुरी गोस्वामी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गड़ारी, कोषाध्यक्ष जयकरण सिंह, जिला सचिव राजीव लोचन सोनी, उपाध्यक्ष अंकज चतुर्वेदी, रूपलाल कुशवाहा, सचिव जिला मीडिया प्रभारी आदिल सिद्दीकी, निरीक्षण समिति अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, उपाध्यक्ष बैसाखू बैगा, जिला सचिव कमलेश रैदास, पूर्व जिल अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, सदस्य संतोष बैगा, महिला ई रानी सिंह, सदस्य मायादेवी वर्मन, सुषमा चौधरी, दुर्जन सिंह, राकेश सोधिया, मनोज रैदास, नंदू बैगा, प्रेमलाल वर्मन, रामनारायण बैगा, चरण सिंह, आशीष सिंह, दादूराम बैगा, बसतीया बाई, प्यारी बाई बैगा, सुरजीत सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, राकेश बर्मा, किशन बैगा, दिनेश बैगा, कन्हैया कचेर, मनीष पावेल, अच्छे लाल, अमित सिंह, उपाध्यक्ष रामलखन बैगा, सदस्य सोनू बैगा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अवैध शराब के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं, आबकारी को नहीं है जानकारी...!

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के चंदिया तहसील क्षेत्र के कोयलारी गांव में महिलाओं ने नशे के विरोध में प्रदर्शन किया। बुधवार 14 जनवरी को हुए इस प्रदर्शन के बाद चंदिया पुलिस ने गांव में दबिश दी और छह घरों की तलाशी ली। इसके बाद दो महिलाओं से 15 लीटर शराब जब्त की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। हालांकि, महुआ लहान पर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग दूसरे दिन भी गांव नहीं पहुंचा और न ही कोई कार्रवाई की। जैसे जिम्मेदार विभाग को कोई जानकारी ही न हो। बुधवार को महिलाओं ने नशे के विरोध में सड़क जाम कर दी थी। उन्होंने लगभग 50 डिब्बे महुआ लहान सड़क पर फेंक दिए और गांव को नशा मुक्त बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतढ़ी थीं। महिलाओं का मानना था कि नशे के कारण गांव की युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और परिवारों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय महिलाओं ने गैर-कानूनी शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। हाथों में लाठी लिए महिलाओं को देखकर गैर-कानूनी महुआ शराब बनाने और बेचने वाले लोग मौके से भाग गए। इसके बाद महिलाओं ने छिपी भट्टियों और तैयार की जा रही गैर-कानूनी शराब को ढूंढकर नष्ट कर दिया। महिलाओं ने भट्टी में उबल रही शराब को भी मौके पर ही बहा दिया। गुरुवार 15 जनवरी को मौके पर पहुंची चंदिया पुलिस ने बताया कि मईकी बाई और सुमन नामक दो महिलाओं से 15 लीटर शराब जब्त की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि महुआ लहान पर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सूचित कर दिया गया है। पुलिस लगातार सर्चिंग अभियान में जुटी हुई है।



## कॉलेज चलो अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. शरद नारायण खरे के निर्देशानुसार शासकीय जे एम सी महिला महाविद्यालय की टीम ने कॉलेज चलो अभियान 2026-27 के अंतर्गत आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर छात्राओं से संपर्क कर उन्हें अपने महाविद्यालय की श्रेष्ठताओं से परिचित कराया और अगले सत्र में अपने महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया कालेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी डॉ.देवेंद्र सिंह बघेल, सदस्य डॉ. अंजूसिंह, डीके रोहितास एवं सुश्री पूजा टेमरे ने छात्राओं को कॉलेज चलो अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## मिलीं इलाज की सुविधाएं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर की पहल पर जिले के प्रत्येक नागरिक तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरोग्यम 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 जनवरी को जनपद पंचायत नैनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर में जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिले में आमजन को ग्राम पंचायत स्तर पर ही बेहतर और नि:शुल्क प्राथमिक चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। कुल 33 स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया हीरापुर में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

## निर्झरणी महोत्सव 25 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नर्मदा जयंती के अवसर पर निर्झरणी महोत्सव का प्रदेश के विभिन्न घाटों स्थलों पर आयोजन किया जाना है। 25 जनवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर माहिष्मती घाट में निर्झरणी महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सचिन जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सहस्त्रधारा में जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सार्वजनिक स्थल सहस्त्रधारा में वन स्टॉप सेंटर सखी द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## तहसीलदार ने की दुकानों की जांच

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर के पड़ाव एवं इलाही चौक क्षेत्र में पतंग विक्रेताओं की दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान तहसीलदार हिमांशु भलावी द्वारा चाइनीज मांझे के विक्रय पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि चाइनीज मांझे का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित है तथा इसका उपयोग आमजन के लिए गंभीर रूप से खतरनाक साबित हो सकता है।

## स्थानीय अवकाश घोषित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना के अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर द्वारा जिला मण्डला वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने संपूर्ण मंडला जिला में 4 मार्च दिन बुधवार को होलिका धुरेड़ी एवं 22 सितंबर दिन मंगलवार को जल झूलनी एकादशी डोल ग्यारस पर्व तथा 11 नवंबर 2026 दिन बुधवार को भाईदूज का स्थानीय अवकाश घोषित है।

# मकर संक्रांति पर कैबिनेट मंत्री ने कराया भंडारा, संगम तट में पूजन अर्चन कर जिलेवासियों के सुखी समृद्ध जीवन को लेकर की कामना

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने गुरुवार को संगम घाट पहुंचकर मेले एवं घाट क्षेत्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एएसपी शिव कुमार वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने यहां आयोजित भंडारे का वितरण कर श्रृद्धालुओं को प्रसाद प्रदान किया और उनसे चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भंडारा वितरित किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था साफ-सफाई यातायात प्रबंधन एवं अन्य सुविधाओं को भी देखा। उन्होंने मेले में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रृद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं में किसी प्रकार की





लापरवाही न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें स्नान एवं नौका विहार के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को देखते हुए मंत्री श्रीमती उइके एवं कलेक्टर ने घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने रंगरेज घाट, वैद्यघाट, किलाघाट, जेलघाट, नानाघाट में पुलिस बल होमगार्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने श्रृद्धालुओं द्वारा नौकाविहार करने पर लाईफ जैकेट का इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत दी। नर्मदा नदी की गहराई में श्रृद्धालुओं को जाने से रोकने हेतु लगाए गए बैरिकेडिंग सांकेतिक चिन्हों एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति भी देखी और आवश्यक सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए मंत्री श्रीमती उइके ने मां नर्मदा को प्रणाम कर जिलेवासियों के सुखी सम्पन्न एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने नौका विहार के दौरान पक्षियों को दाना खिलाया और संगम घाट परिसर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मकर संक्रांति पर नर्मदा स्नान के लिए श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद आस-पड़ोस के जिलों से बड़ी संख्या में श्रृद्धालु और साधु-संत पुण्य लाभ के लिए नर्मदा में स्नान करने पहुंचे। जहां श्रृद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई वहीं अन्य जिलों से छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट के श्रृद्धालुओं ने मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर स्नान किया। वहीं उपनगर महाराजपुर स्थित संगम घाट और महिष्मती घाट में हजारों की संख्या में श्रृद्धालुओं की भीड़ नजर आई। जहां देखो वहां लोगों का पूजन अर्चन व स्नान चल रहा था दो दिवसीय मकर संक्रांति मेले के दूसरे दिन नर्मदा घाटों पर श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। माहिष्मति और संगम घाट पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्नान, पूजन-अर्चन और दान-पुण्य किया। संगम मेला स्थल में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया जहां श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने मेला स्थल पर दुकानों की व्यवस्था, घाटों पर स्नान और पूजन की सुविधाएं श्रृद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु यातायात के लिए विशेष प्रबंध किए हैं पुलिस और प्रशासनिक अमला लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इस साल की मकर संक्रांति बेहद खास रही क्योंकि इस दिन षटतिला एकादशी का भी व्रत रखा गया था। हजारों की भीड़ जुटने के बाद भी यातायात सुचारू रूप से चलता रहा कुंभ स्थल में भी बढ़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंचे और पिकनिक का आनंद लिया श्रृद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई संगम घाट में लोहे की सुरक्षा जालियां और संकेतक लगाए गए साथ ही पूजन और स्नान के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए पुलिस होमगार्ड के जवानों के साथ गोताखोर तैनात किए गए और श्रृद्धालुओं की सहायता के लिए विशेष कैंप भी लगाए गए।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

मण्डला(स्वतंत्रमत)

खैरमाई क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबले का समापन हुआ यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से से प्रारंभ हुई थी जिसमें जिले भर से लगभग 22 टीम उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें विजेता 15501रुपये व मैन ऑफ द सीरीज और उपविजेता 7501 रुपये व शील्ड देने का प्रावधान किया गया प्रतियोगिता के सेमी फाइनल में लालीपुर वर्सेस कटिया के बीच टॉस किया गया जिसमें कटिया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय ली और शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 140 रन बनाई जिसका पीछा करते हुए लालीपुर टीम 12 ओवर में 110 रन ही बना पाई 7 जिसमें शानदार प्रदर्शन की रहते हुए कटिया क्रिकेट टीम ने ट्रॉफी विजेता अपने नाम किया, प्रतियोगिता के दौरान



जनपद अध्यक्ष नारायणगंज के आसाराम भारतीय के द्वारा हैट्रिक हैट्रिक विकेट हैट्रिक 4 हैट्रिक 6 लगाने वाले खिलाड़ियों को 500-500रुपये का पुरस्कार राशि घोषणा की गई। इस अवसर में जिला सदस्य इंजीनियर भूपेंद्र वरकडे जनपद केंद्रीय मंत्री फागन सिंह कुलस्ते के सुपुत्र वेद प्रकाश कुलस्ते ने खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान गुलाब सिंह वरकड़े, रतन सिंह वरकड़े , रणजीत सिंह राजपूत अनिल सिंह बघेल धनेंद्र सिंह बघेल ग्राम सरपंच नोहर सिंह मरावी वार्ड पंच फूल सिंह योगेश पनारिया उमेदि मरावी बृजमोहन ठाकुर सुनील मलगाम राजेश उईके मनीष दुबे शिवम तिवारी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित रहे।

# रोवर रेंजर में छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट वंदना गुप्ता के निर्देशानुसार एवं पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर एडवांस रोवर लीडर अशोक वरकड़े के नेतृत्व में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम रोवर रेंजर राष्ट्रीय जम्बूरी ग्राम दुधली जिला बालोद छत्तीसगढ़ में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय जंबूरी में देश के सभी राज्यों के अलावा रेलवे और नवोदय विद्यालय सहित 33 राज्यों के 15000 से अधिक प्रतिभागी रोवर रेंजर सम्मिलित हुए जिले के 40 प्रतिभागियों का दल पूर्ण तैयारी एवं उत्साह के साथ विभिन्न विधाओं में भाग लेकर जिला के साथ-साथ मध्यप्रदेश राज्य का भी नाम रोशन किया है। जंबूरी में आयोजित विभिन्न विधाओं के अंतर्गत कैंप फायर में प्रथम, मार्च पास्ट द्वितीय, फूड प्लाजा में द्वितीय, फोक डांस में द्वितीय, फैशन शो में द्वितीय झांकी में द्वितीय, राज्य प्रदर्शनी में द्वितीय, स्टेट गेट सजावट में द्वितीय ,कैंप सजावटमें द्वितीय, पेनियरिंग प्रोजेक्ट में द्वितीय ऐसे कुल 16 प्रतियोगिताओं में से 14 प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है जिले का लोकनृत्य की प्रशंसा राष्ट्रीय जंबूरी मंच से में की गई। युवाओं में अनुशासन, स्वच्छता, आपसी सहयोग सेवाभाव युवाओं में ऊर्जा एकता संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं का संगम प्रस्तुत कर एक भारत श्रेष्ठ



भारत की भावना प्रस्तुत कर यह साबित कर दिया है की जब जिम्मेदारी और अवसर युवाओं को दिए जाते हैं तो असंभव को भी संभव बना देते हैं। मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जिले के पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर के 24 छात्र छात्राएं क्रमांक 2 मंडला विद्यालय से 8 छात्र तथा बिछिया विद्यालय से 2 छात्र सहित सभी रोवर रेंजर को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु जिला स्काउट सचिव लोकसिंह पदम डीओसी गाइड प्रीति मसराम गाइड लीडर लीमा कुजूर स्काउट लीडर गुलाब मरावी और स्काउट लीडर प्यारे लाल धुर्वे राष्ट्रीय जंबूरी में उपस्थित रहे छत्तीसगढ राज्य में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने एवं जिले के रोवर रेंजर छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त करने पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. संजय तिवारी, जिलाध्यक्ष अजय खोत, जिला उपाध्यक्ष गीता काल्पीवार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. स्वल्पा बड़गैया, जिला उपाध्यक्ष के के पटैल, जिला कब कमिश्नर अखिलेश चन्द्रोल, जिला रेंजर कमिश्नर सावित्री सांड्या, जिला गाइड कमिश्नर रश्मि बाजपेई, जिला एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर दिनेश कुमार दुबे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट केके सोनवानी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेश प्रसाद सरोंते, डीटीसी गाइड रजनी सिलेकर, जिलाध्यक्ष विवेक शुक्ला, सहायक कब कमिश्नर राजकुमार सिंगौर, जिला क्रीड़ा प्रभारी मंगलसिंह पन्द्रे, प्रभारी प्राचार्य सिंगारपुर जय बैरागी, प्रभारी प्राचार्य मोहगांव दीपक कुमार कछवाहा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव अजीत जैन, डीके सिंगौर, स्काउट मास्टर हेमंत कुमार श्रीवास्तव, दिलीप कुमार मरावी, कन्हैया लाल बरमैया, दिव्या मरावी, सुरेश चौधरी मनोज तिवारी एवं अन्य जिला पदाधिकारीगणों ने शुभाकामनाएं दी है।

# लोन दिलाकर की धोखाधड़ी, तीन गिरफ्तार

मण्डला(स्वतंत्रमत)

विगत दिनों गोपीराम नंदा उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर द्वारा चौकी हिरदेनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम मांद चौकी अंजनिया थाना बम्हनी निवासी खगेश झारिया द्वारा ट्रैक्टर लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है खगेश झारिया द्वारा एचडीएफसी बैंक जबलपुर से 4 लाख 9 हजार का ऋण स्वीकृत कराया गया गोपी राम नंदा द्वारा ट्रैक्टर क्रय न कर पाने की जानकारी देने पर आरोपी खगेश झारिया ने 25 नवंबर 2025 को उक्त राशि बैंक से निकलवाकर गोपी राम नंदा के खाते में जमा कराई तथा आईसीआईसीआई बैंक से अधिक ऋण दिलाने का झांसा देकर अपने



दो साथियों प्रत्येश ठाकुर सचिन पटेल को बैंक कर्मचारी बताकर रकम ले ली इसके पश्चात गोपी राम नंदा को एचडीएफसी बैंक की फर्जी जमा रसीद 3 लाख 91 हजार 300 रूपए की थमा दी गई जब गोपी राम नंदा के खाते से ऋण की किस्त कटने लगी तो बैंक में संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त राशि बैंक में जमा ही नहीं की गई है इस प्रकार आरोपियों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी करते हुए राशि हड़प ली गई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी कर 14 जनवरी को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया आरोपी खगेश झारिया निवासी ग्राम मांद चौकी अंजनिया, प्रत्येश ठाकुर निवासी ग्राम मांद चौकी अंजनिया, सचिन पटेल निवासी ग्राम मांद जप्त सामग्री नकद 15 हजार आरोपी खगेश झारिया से बरामद किया गया जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी खगेश झारिया के विरुद्ध पूर्व में भी कोतवाली बम्हनी एवं घुघरी थानों में धोखाधड़ी एवं विश्वासघात से संबंधित प्रकरण दर्ज रहे है शेष राशि की बरामद करने कार्यवाही जारी है।

# परीक्षा केन्द्र बदले जाने से पालकों में नाराजगी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गुरूवार को नारायणगंज बम्हनी भावल के ग्रामीण कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतिया उईके से मिले और परीक्षा केन्द्र बदले जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। कैबिनेट मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा करते हुए निर्देश दिए। बता दें कि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 2026 को सम्पन्न कराने परीक्षा केन्द्रों का चयन किया गया है। लेकिन इन केन्द्रों के चयन को लेकर विरोधाभाष दिखाई दे रहा है ऐसा ही एक मामला विकासखंड नारायणगंज का सामने आया है। यहां पर हायर सेकेण्डरी स्कूल बम्हनी भावल है जहां पर लगभग 170 बच्चें अध्ययनरत हैं और यहां पर वर्षो से परीक्षा केन्द्र बनाया जा रहा था जिसे अभी हुए आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बदल दिया गया है। बम्हनी भावल का परीक्षा केन्द्र मंगलगंज हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाया गया है जिससे स्थानीय पालकों में रोष है। जिसको लेकर जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया के साथ दर्जनों पालक परीक्षा केन्द्र यथावत रखने शिकायत करने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके,



कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर वास्तुस्थिति से अवगत करा चुकें हैं। 7 फरवरी से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक फर्नीचर, पेयजल, प्रकाश एवं प्रथक प्रथक प्रसाधन आदि की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें तथा संलग्न प्रपत्र में आवश्यकता अनुसार पर्याप्त पर्यवेक्षकों की जानकारी 15 जनवरी तक अनिवार्य रूप से इस कार्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी के पास जमा करें ताकि मण्डल के निर्देशानुसार पर्यवेक्षकों की जानकारी आनलाईन के माध्यम से फीड किया जा सके केवल शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को ही पर्यवेक्षक के रूप में चयनित किया जाना है।

# कोकीवाड़ा में दर्दनाक हादसा, घर में लगी आग में जिंदा जली वृद्धा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना क्षेत्र नैनपुर अंतर्गत ग्राम कोकीवाड़ा के पोषक ग्राम बर्रा टोला में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। एक कच्चे मकान में अचानक लगी आग में वृद्ध महिला गिरजा बाई पंद्रो की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वृद्धा को बाहर निकालने का मौका तक नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने शोर सुनते ही आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नैनपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही नैनपुर से फायर ब्रिगेड वाहन भी घटनास्थल पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों की मांग है कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## धान खरीदी प्रभारी तत्काल प्रभाव से पृथक

**नैनपुर (स्वतंत्रमत)।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर द्वारा अनुभाग नैनपुर अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र चिरईडोंगरी रेलवे केन्द्र कोड क्रं. 59335177 के धान खरीदी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। बताया गया कि धान खरीदी के उक्त केंद्र में खरीदी प्रभारी अकील अहमद वेग द्वारा उपार्जन कार्य में कृषकों से अनुचित राशि के लेनदेन से संबंधित वायरल वीडियों की जांच के संबंध में जांच दल गठित किया गया था। जिसमें वीडियों से संबंधित शिकायत की सत्यता पाई गई। इस आधार पर संबंधित खरीदी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया गया है।

# जैन समाज ने शोभायात्रा निकालकर मूर्तियों की अगवानी की

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

नैनपुर में निर्माणाधीन जैन मंदिर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। अब इस जिनालय में नगर के मूल नायक भगवान महावीर जी,भगवान पारस नाथ,भगवान शांति नाथ,भगवान अभिनंदन नाथ,भगवान मुनि सुब्रत नाथ जी भगवान वासू पूज्य भगवान पदम प्रभु भगवान पुष्प दंत नाथ,भगवान आदिनाथ जी की प्रतिमाएं विराजित की जा रही है। कल इन सभी देवताओं की पाषाण प्रतिमाओं को नैनपुर लाया गया। जैन समाज के द्वारा भगवान की मूर्तियों की दिव्य अगवानी की। नगर के सिंचाई कालोनी से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जो मुख्य मार्ग होकर उमरिया मोहल्ले में नवीन जैन मंदिर पहुंची। जहां सभी भगवानो को मंदिर में पूजा अर्चना के साथ अवतरित कराया गया। सिंचाई कालोनी नैनपुर से आरम्भ हुई इस शोभा यात्रा ने नगर का गौरव शाली भ्रमण किया। बड़े बाबा की असीम अनुकम्पा, छोटे बाबा की महती कृपा, नवाचार्य पूज्य श्री समय सागर जी महा-मुनिराज के मंगल आशीर्वाद , जगत पूज्य निर्यापक श्रमण श्री सुधासागर जी के



महाराज के मार्गदर्शन एवं शंका समाधान प्रवर्तक श्री प्रमाण सागर जी की महाराज की मंगल प्रेरणा से नैनपुर नगर में बन रहे निर्माणाधीन भव्यातिभव्य नवीन जैन मंदिर शोभायमान है। भव्य जिनालय की नवीन वेदी में दिव्य समोशरण विराजमान करने के लिए जयपुर से पाषाण की प्रतिमाएँ,सिल्वर जिंक व अष्ट धातु की प्रतिमाएँ व संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महा-मुनिराज के अष्ट धातु निर्मित युगल चरण कल नैनपुर लाये गये। माघ मासे कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ जी के जन्म-तप कल्याणक महा -महोत्सव के पुनीत व पावन अवसर एवं सोलह-कारण महापर्व के अनुपम अवसर पर नैनपुर नगर में नव- निर्मित भव्य जैन मंदिर की वेदी में विराजमान होने वाली प्रतिमाओं की भव्यातिभव्य आगवानी हुई। श्रीजी के प्रथम नगरागमन पर मंदिर में होने वाली समस्त मांगलिक व धार्मिक क्रियाएँ बाल ब्रह्मचारी श्री राकेश भैया जी ( प्रतिष्ठाचार्य) मंडला एवं बाल ब्रह्मचारी श्री अभय भैया जी ( प्रतिष्ठाचार्य) मण्डला के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराई गई।



संपादकीय

## ईरान में नरसंहार

विद्रोह की आग में धधक रहे ईरान में अब नरसंहार होने लगा है। एक आंकड़ा है कि अभी तक करीब 650 मौतें हो चुकी हैं, जबकि पश्चिमी मीडिया 6000 से अधिक मौतों की खबर दे रहा है। कथित 'क्रांतिवीर' इरफान को फांसी की सजा सुनाई गई है। ईरानी पुलिस ने 11,000 से अधिक विद्रोहियों को गिरफ्तार किया है अथवा हिरासत में रखा है। सड़कों पर 15-18 लाख विद्रोही आंदोलित हैं। लोग जिंदा जलाए जा रहे हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक कर्नल की विद्रोहियों ने हत्या कर दी है। मस्जिदें, बैंक, सरकारी इमारतें, पुलिस स्टेशन जलाए गए हैं। गवर्नर आवास भी आगजनी का शिकार हुआ है। ईरानी हुकूमत ने विद्रोहियों को देखते ही गोली मार देने के आदेश जारी किए हैं। विद्रोहियों को 'सजा-ए-मौत' भी दी जा सकती है। इन ऐलानों के बावजूद लाखों युवाओं के हुजूम सुप्रीम धार्मिक नेता खामेनेई का तख्तापलट करने पर आमादा हैं। सड़कों पर खामेनेई समर्थक भी फैल गए हैं। आंदोलन महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक पतन, ढहती मुद्रा रियाल आदि के खिलाफ शुरू हुआ था, लेकिन अब उसने अंतरराष्ट्रीय रूप ले लिया है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार ईरानी हुकूमत को धमका रहे हैं कि कभी भी हमला किया जा सकता है। एक ओर अमरीका है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ रूस, चीन सरीखी महाशक्तियां हैं। बीच में खबर आई थी कि खामेनेई अपने परिवार और घोर समर्थक 20 लोगों के साथ मॉस्को भाग सकते हैं, लेकिन वह अब भी ईरान के बेहद सुरक्षित ठिकाने के भीतर हैं और बेहद घातक बल के जवान उनकी सुरक्षा में मोर्चाबंद हैं।

ईरान वेनेजुएला नहीं है, लिहाजा ट्रंप किसी मुगालते में न रहें। ईरान एक ताकतवर और प्रशिक्षित सेना वाला देश है। उसके पास परमाणु सम्मत मिसाइल भी है, जिसका एक चित्र मीडिया में दिखाया गया था। ईरान ने ऐलान किया है कि यदि अमरीका ने हमला किया, तो ईरान अपने आसपास के 19 अमरीकी बेसों पर हमला कर उन्हें तबाह कर देगा। लिहाजा राष्ट्रपति ट्रंप खुद को संयमित रखें और दूसरे देशों को हड़पने की रणनीति फिलहाल शांत कर दें, क्योंकि उनके टैरिफवाद पर सुप्रीम अदालत का फैसला आने वाला है और अमरीका में ही सैकड़ों शहरों में ट्रंप-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। लोकतंत्र में जनता का हुजूम कोई भी करवट ले सकता है। सत्ताएं पलट जाती हैं। बेशक ईरान बहुत तेजी से विपन्नता की ओर बढ़ा है। जनवरी, 2026 में ही वहां की खाद्य मुद्रास्फीति 70-85 फीसदी तक उछल चुकी है। एक डॉलर की कीमत 14.20 लाख ईरानी रियाल हो गई है। गरीबी दर करीब 40 फीसदी है और देश की विकास दर मात्र 0.6 फीसदी है। खाने-पीने की चीजें दुर्लभ हो गई हैं। भारत के संदर्भ में देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का आपसी कारोबार करीब 1.68 अरब डॉलर रहा। भारत को करीब 0.80 अरब डॉलर का व्यावसायिक लाभ हुआ। भारत ईरान को चावल, चीनी, चाय, दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी, कृत्रिम फाइबर आदि निर्यात करता है, जबकि ईरान से सूखे मेवे, रसायन, कांच से बने उत्पाद भारत को भेजे जाते हैं। ईरान सबसे अधिक कच्चा तेल आपूर्ति वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। यदि ईरान संकट का असर होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंचता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होगी। क्योंकि दुनिया के करीब 20 फीसदी कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है।

# ईरान की उथल-पुथल एवं अमेरिका से टकराव गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

ईरान में बार-बार उभरती उथल-पुथल केवल किसी एक घटना, किसी एक फैसले या किसी एक पीढ़ी का आक्रोश नहीं है, बल्कि यह उस ऐतिहासिक, वैचारिक और भू-राजनीतिक संरचना की परिणति है, जिसने 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से इस देश को आकार दिया है। आज जब सड़कों पर विरोध के दृश्य, सोशल मीडिया पर आक्रोश और पश्चिमी विश्लेषकों की ओर से सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं, तब यह समझना जरूरी हो जाता है कि ईरान का संकट साधारण आंतरिक असंतोष नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। ईरान की आंतरिक उथल-पुथल एवं अस्थिरता के साथ-साथ उसका अमेरिका के साथ टकराव युद्ध की स्थितियों एवं वैश्विक असंतुलन का बड़ा कारण बन रहा है।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल द्विपक्षीय तनाव नहीं है, बल्कि इसके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ सकते हैं। इस संघर्ष से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की अस्थिरता अंतरराष्ट्रीय व्यापार की धमनियों को बाधित कर सकती है, जिससे महंगाई और आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ेगा। इसके साथ ही यह टकराव क्षेत्रीय देशों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध में खींच सकता है, जिससे शरणार्थी संकट, आतंकवाद और साम्प्रदायिक तनाव गहराने की आशंका है। महाशक्तियों के परस्पर टकराव की स्थिति में विश्व राजनीति और अधिक ध्रूवीकृत होगी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर पड़ेगा और शांति की जगह अविश्वास व सैन्य प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा, जिसका खामियाजा अंततः पूरी मानवता को भुगतना पड़ सकता है।

1979 की इस्लामिक क्रांति ने ईरान में केवल शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी को सत्ता से हटाकर एक नई सरकार स्थापित नहीं की थी, बल्कि एक ऐसी वैचारिक-राजनीतिक संरचना रची थी, जिसमें धर्म, राजनीति और सुरक्षा-तंत्र एक-दूसरे में घुलमिल गए। 'विलायत-ए-फकीह' की अवधारणा के तहत सर्वोच्च धार्मिक नेतृत्व को अंतिम राजनीतिक अधिकार सौंपा गया। इसी व्यवस्था के संरक्षण और विस्तार के लिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर यानी आईआरजीसी को खड़ा किया गया, जो समय के साथ केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक ताकत का भी केंद्र बन गया। यही कारण है कि ईरान की व्यवस्था को केवल सरकार या शासन कहकर नहीं समझा जा सकता; यह एक संपूर्ण तंत्र है, जिसे हटाने के लिए केवल विरोध-प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होते।

ईरान ने पिछले चार दशकों में कई बड़े जनांदोलन देखे हैं। 2009 का ग्रीन मूवमेंट, 2017-18 की आर्थिक असंतोष की लहर, 2019 में ईंधन मूल्य वृद्धि के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और 2022 में सामाजिक स्वतंत्रताओं को लेकर उठी आवाजेंकृहर बार यह माना गया कि शायद अब व्यवस्था डगमगाएगी। लेकिन हर बार वही सत्ता, वही ढांचा और वही शक्ति-संतुलन कायम रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान में सुरक्षा-तंत्र राज्य से अलग नहीं, बल्कि राज्य का ही विस्तार है। अरब स्प्रिंग के दौरान मिस्र या तुर्किए में सेनाओं ने अंततः राष्ट्र-राज्य को बचाने का रास्ता चुना, लेकिन ईरान में आईआरजीसी खुद को क्रांति और इस्लामिक रिपब्लिक का संरक्षक मानती है, न कि केवल सीमाओं की रक्षा करने वाली संस्था। फिर भी यह कहना गलत होगा कि ईरान की व्यवस्था पर कोई दबाव नहीं है। वास्तव में, आज का दबाव पहले से कहीं अधिक जटिल और गहरा है। इसका सबसे बड़ा कारण है पीढ़ीगत बदलाव। ईरान की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है, जिसने 1979 की क्रांति न देखी है और न ही उससे भावनात्मक रूप से जुड़ा है। उनके लिए क्रांति कोई जीवित स्मृति नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों का अध्याय है। उनकी आकांक्षाएं इंटरनेट, वैश्विक संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं से प्रेरित हैं। जब ये आकांक्षाएं एक सख्त सामाजिक-राजनीतिक व्यवस्था से टकराती हैं, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है।



इस असंतोष को और तीखा बनाया है दशकों से चले आ रहे अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों ने। इन प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। तेल निर्यात सीमित हुआ, विदेशी निवेश रुका, मुद्रा कमजोर पड़ी और महंगाई ने आम नागरिक की कमर तोड़ दी। विकास और आधुनिकीकरण की गति धीमी पड़ी, जिससे खासकर शहरी मध्यम वर्ग और युवा वर्ग में भविष्य को लेकर निराशा बढ़ी। आज ईरान के कई नागरिक यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या अमेरिका और इजराइल के साथ अंतहीन दुश्मनी का बोझ उन्हीं के कंधों पर डाला जाना जरूरी है। धीरे-धीरे यह वैचारिक टकराव राष्ट्रवादी गौरव से अधिक सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाने लगा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस पूरे परिदृश्य को और खतरनाक बना देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के आदेश और सैन्य हस्तक्षेप के संकेतों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। ईरान आज 1979 के बाद से शायद सबसे गंभीर बाहरी दबाव का सामना कर रहा है। यह टकराव केवल दो देशों के बीच का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा भू-राजनीतिक खेल बन चुका है, जिसमें महाशक्तियां अपने-अपने हित साधना चाहती हैं।

अकसर यह धारणा बनाई जाती है कि बाहरी हस्तक्षेप से ईरान में सत्ता परिवर्तन संभव है। लेकिन इतिहास बताता है कि ईरान में विदेशी दखलअंदाजी ने हमेशा उल्टा असर डाला है। 1953 में मोसादेग सरकार के तख्तापलट से लेकर आज तक, 'विदेशी साजिश' का कथानक ईरानी राष्ट्रवाद को मजबूत करता रहा है। बाहरी समर्थन से होने वाले आंदोलनों को जनता का व्यापक और स्थायी समर्थन नहीं मिल पाता। यही वजह है कि विपक्षी नेतृत्व, जो अक्सर देश से बाहर बैठा होता है, ईरान के भीतर विश्वसनीय विकल्प नहीं बन सका। इसके अलावा, ईरान वेनेजुएला नहीं है। यह एक बड़ा, संगठित और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है, जिसकी पकड़ इराक, सीरिया, लेबनान और यमन तक फैली हुई है। यहां किसी भी प्रकार का सैन्य हस्तक्षेप पूरे पश्चिम एशिया को आग में झोंक सकता है। इजराइल, खाड़ी देश, अमेरिका और यूरोपीय शक्तियां-सब इसके प्रभाव में आएंगे। चीन और रूस भी एक अस्थिर ईरान नहीं चाहते, क्योंकि वह उनके क्षेत्रीय और वैश्विक हितों के खिलाफ होगा। यह बहुध्रूवीय संतुलन ईरान की व्यवस्था को एक अप्रत्यक्ष सुरक्षा कवच प्रदान करता है।

ईरान के भीतर आम नागरिकों का गुस्सा अब केवल आर्थिक कुप्रबंधन या भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं रह गया है। एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि शासन की प्राथमिकताएं आम लोगों की जरूरतों से कट चुकी हैं। जब नागरिक भोजन, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हों, तब बाहरी दुश्मनों के खिलाफ वैचारिक युद्ध और यहूदी-विरोधी राजनीति उन्हें खोखली प्रतीत होती है। कई ईरानी मानते हैं कि इसी नीति ने देश को अंतरराष्ट्रीय अलगाव में धकेला और आर्थिक बर्बादी को जन्म दिया। यदि ईरान में बाहरी मदद से सत्ता परिवर्तन की कोशिश होती है, तो इसके परिणाम केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेंगे। मध्य पूर्व में शक्ति-संतुलन बुरी तरह बिगड़ सकता है। शिया-सुन्नी तनाव, इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा बाजार-सब पर इसका गहरा असर पड़ेगा। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी। भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध रहे हैं। चाबहार बंदरगाह से लेकर ऊर्जा सुरक्षा तक, ईरान भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। ऐसे में भारत को अत्यंत सावधानी के साथ अपने रणनीतिक संतुलन को बनाए रखना होगा, ताकि वह किसी एक ध्रुव का मोहरा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सके। अंततः, ईरान की वर्तमान उथल-पुथल यह संकेत देती है कि व्यवस्था पर दबाव वास्तविक है, लेकिन तात्कालिक पतन की भविष्यवाणियां अक्सर जल्दबाजी साबित होती हैं। यह संघर्ष केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि पहचान, वैचारिक दिशा और भविष्य की कल्पना का संघर्ष है। ईरान का भविष्य संभवतः न तो अचानक क्रांति से बदलेगा और न ही केवल दमन से स्थिर रहेगा। यह एक लंबी, जटिल और अंतर्द्वंद्वों से भरी प्रक्रिया होगी, जिसके परिणाम न केवल ईरान, बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति को प्रभावित करेंगे।

# अमेरिकी रुख में परिवर्तन



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सनकी रवैये को देखते हुए कोई भी अनुमान लगाना मुश्किल है। पिछले कुछ दिनों से वे लगातार भारत विरोधी बयान देते आ रहे हैं लेकिन पिछले दो दिनों में अमेरिका का जो रुख देखने को मिला उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली और वाशिंगटन के बीच कूटनयिक सम्पर्क फिर से कायम हो गया है। दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को लेकर सक्रियता नजर आ रही है। पहले भारत में नियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच दोस्ती बहुत मजबूत है और दोनों के रिश्ते सबसे ऊंचे राजनीतिक स्तर पर बहुत मजबूती से टिके हुए हैं।

असली दोस्ती में कभी-कभी मतभेद हो जाते हैं लेकिन वे दोनों मिलकर मतभेदों को अच्छे से सुलझा लेते हैं। उन्होंने चौंकाने वाला बयान यह भी दिया कि राष्ट्रपति ट्रंप जल्द भारत आ सकते हैं। अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा अहम साझेदार कोई नहीं है। अब एक अच्छी खबर यह है कि विदेश?मंत्री एस.जयशंकर और अमेरिकी विदेशी मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो में फोन पर बातचीत हुई। दोनों ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता दुर्लभ खनिजों, रक्षा, परमाणु सहयोग, ऊर्जा और अगले महीने होने वाली संभावित बैठक पर चर्चा की। इस बात की उम्मीद लगाई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार वार्ता में काफी प्रगति हो चुकी है लेकिन अन्य विषयों के महत्व को कम नहीं आंका जा सकता।

मार्को रूबियो ने हाल ही में भारत द्वारा परमाणु ऊर्जा दोहन एवं विकास विधेयक यानि परमाणु ऊर्जा कानून पारित करने पर भारत की सराहना की और कहा कि इससे अमेरिकी कम्पनियों के लिए अवसरों का विस्तार करने और साझा ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद मलेगी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने बयान में अमेरिका द्वारा पैक्स सिलिका रणनीतिक पहल के लिए भारत को आमंत्रित करने की बात कही थी जो अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। पैक्स सिलिका एक ऐसी पहल है जो चीन का मुकाबला करने के लिए शुरू की गई है जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा स्रोतों से लेकर उन्नत विनिर्माण, सभी कंडक्टर, एआई विकास और लोजिस्टिक तक एक सुरक्षित समृद्ध और नवाचार संचालित सिलिकान आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है।

इस पहल में जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और इजराइल पहले ही शामिल हो चुके हैं। भारत को इस समूह में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। विदेश मंत्री एस.जयशंकर और मार्को रूबिय में पिछले वर्ष भी मुलाकातें होती रही हैं। भारत ने सितंबर 2025 से रूस से तेल आयात कम कर दिया है जिससे वाशिंगटन को यह संकेत मिला है कि अमेरिका को 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ हटा देना चाहिए। सूत्रों ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ जुर्माने की छूट एक ऐसा कदम है जो दोनों पक्षों के बीच संबंधों में तनाव को कम कर सकता है, जबकि दोनों पक्ष शेष 25 प्रतिशत कम टैरिफ प्राप्त करने के लिए व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रखते हैं। इस मामले में तात्कालिकता का भाव ऐसे समय में भी सामने आया है जब भारत और यूरोपीय संघ अपने स्वयं के व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड और समारोहों के लिए मुख्य अतिथि के रूप में यूरोपीय संघ के नेताओं के भारत आने और उसके बाद भारत-यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले इसे अंतिम रूप दे दिया जाए। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि अमेरिका के रुख में परिवर्तन क्यों आया है। ट्रंप ने तो रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फरमान जारी कर रखा है। सच्चाई तो यह है कि अमेरिका को आज भारत की बहुत जरूरत है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जरूरत सिर्फ भारत को ही है।

दोनों ही देशों ने द्विपक्षीय कारोबार को लेकर बड़ा लक्ष्य बनाया है। भारत और अमेरिका ने साल 2030 तक अपने द्विपक्षीय कारोबार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य बनाया है। व्यापार के अंतर को कम करने के लिए भारत ने अमेरिका से वादा किया है कि वह एनर्जी और रक्षा उपकरणों की खरीद बढ़ाएगा। भारत ने यह वादा तब किया है, जबकि पिछले साल दोनों के बीच हुई व्यापार वार्ता अभी तक बेनतीजा रही है। ट्रंप के टैरिफ के प्रभाव से बचने के लिए भारत लगातार उपाय कर रहा है। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत आए थे। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद दोनों देशों में रक्षा और सेमीकंडक्टर समेत महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। दोनों नेताओं ने भू-राजनीतिक उथल-पुथल और खासतौर पर ट्रंप के मनमाने रवैये पर चर्चा भी की।

भारत और जर्मनी ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का रोड मैप तैयार किया। अमेरिकी दबाव के बावजूद जर्मनी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना हुआ है। भारत ने खाड़ी देशों और कई अन्य देशों के साथ व्यापार को प्राथमिकता दी है। भारत वाशिंगटन तक यह संदेश पहुंचाने में सफल रहा है कि अमेरिका के कदम द्विपक्षी रिश्तों को नुक्सान पहुंचा सकते हैं और इस तरह अमेरिका भारत के रूप में एक अच्छा मित्र खो देगा। युद्ध से लेकर तेल तक ट्रंप हर दिन कोई न कोई नया दावा कर देते हैं। ट्रंप की बातें पारम्परिक कूटनीतिक भाषा से अलग और असामान्य हैं।

ट्रंप के फरमानों से नाटो और यूरोपीय देश भी परेशान हो चुके हैं और ट्रंप अपना भरोसा गंवाते जा रहे हैं। दबाव कितना भी क्यों न हो ट्रंप की तानाशाही को कोई इतना क्यों सहेगा। ट्रंप अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भी ऊटपटांग बातें कर रहे हैं। तमाम जटिलताओं के बावजूद भारत-अमेरिका में समग्र ट्रेड डील पर सहमति बनती है तो यह दोनों देशों के लिए बेहतर होगा।

# शराब का लाजवाब शबाब

संतोष उत्सुक

शराब का अपना शबाब होता है। हमारे यहां मदिरा बहुत अनुशासित और सांस्कृतिक तरीके से पी जाती है जिसमें बची खुची शर्म और हया भी शामिल है। अब खुलेपन और निहायत बेशर्मी ने हमारे पीयू समाज पर कब्ज़ा करना शुरू कर रखा है लेकिन विदेशों में मदिरापान की पूरी विकसित संस्कृति बहुत पहले से है। परिवार में सुबह के नाश्ते से लेकर रात को सोने से पहले तक इसका मज़ा लिया जाता है। सैंकड़ों किस्म और स्वाद की वाइन बनाई जाती है जिनका स्वाद विकसित करने के लिए समंदर में भी रखा जाता है।



व्यंग्य

मदिरा से हमारे जितना लगाव विदेशी नहीं रखते। इस सन्दर्भ में वहां होने वाले दिलचस्प अध्ययन, रिपोर्ट्स, सर्वेक्षण बताते हैं कि साल का पहला महीना यानी जनवरी ड्राई रखा जाता है। शायद इसलिए कि दिसंबर में ज़्यादा पी ली जाती है। हमारे यहां तो पीने वालों को एक दिन भी सूखा रहने के लिए कहा जाए तो काफी कुछ गीला हो सकता है। बताते हैं वहां पार्टियों की लम्बी श्रृंखला के बाद लाखों लोग नए साल के लिए संकल्प लेते हैं कि जनवरी में शराब को दूर से ही देखेंगे, मुंह तो क्या हाथ भी न लगाएंगे। सुना है अमेरिका में दो सौ साठ लाख लोगों ने ऐसी गलत किस्म की कसम ली है। हमारे विकसित समाज में ऐसी दुखी करने वाली, फ़िज़ूल की कसमें कोई नहीं लेता। हमारे पास कई दूसरे बेहद ज़रूरी और महत्वपूर्ण मसले हैं जिनके बारे कसमें, वायदे और संकल्प लिए जाते हैं।

वहां के एक विश्वविद्यालय की रिपोर्ट की दिलचस्प बात यह है कि महीने भर शराब न पीकर लोगों ने अधिक ऊर्जावान महसूस किया। उन्हें बेहतर नींद भी आई। ग्यारह महीने पीते रहने से बढ़ गया वज़न भी कम होने लगा। ब्लड शुगर लेवल भी नीचे उतरा। बेहद प्रशंसनीय और अचरज भरी बात यह पता चली कि चार सप्ताह शराब न पीने से पुरुषों से ज़्यादा महिलाओं पर बहुत सकारात्मक असर हुआ। उनकी कई बीमारियां जल्दी ठीक होती दिखी और स्वास्थ्य में सुधार हुआ। यह विदेशी विश्वविद्यालय भी कैसे कैसे काम करवाते रहते हैं। इन्हें हमारे समझदार विश्वविद्यालयों से सीखना चाहिए कि पढाई लिखाई क्या वस्तु होती है। हमारे यहां कोई ऐसे अध्ययन नहीं करवाता न ही ज़रूरत है। किसी को भी एक महीना या कुछ दिन शराब छोड़ने के लिए नहीं बल्कि ऐसी सुविधा संस्कृति उपलब्ध करवाई जा रही है कि सिर्फ एक बार मिली ज़िंदगी की परेशानियां शराब और दूसरे नशों में डूबकर कम कर सकें। हमारे यहां तो पीना लगातार ऊर्जा का स्रोत है और तनाव कम करने का तो है ही। गोवा जैसी खूबसूरत धरती पर, जहां की फैनी बहुत प्रसिद्ध रही है, किया गया शोध बताता है कि तनाव, अवसाद, चिंता, थकान, वर्क लाइफ संतुलन, प्रशासनिक दबाव, मौत को नज़दीक से देखने और भावनात्मक बोझ में लिपटी ज़िंदगी के लिए शराब संबल का काम कर रही है। ऐसी वफादार दोस्त को, कोई एक महीना तो क्या एक शाम के लिए भी क्यूं छोड़ेगा।

# पैक्स सिलिका क्या है? इसमें भारत को शामिल करने से अमेरिका को क्या लाभ मिलेगा?

कमलेश पांडे

पैक्स सिलिकाअमेरिका की अगुवाई वाली एक रणनीतिक तकनीकी पहल है, जो सिलिकॉन-आधारित सप्लाई चेन को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह एआई सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक निर्भरता कम करने का प्रयास करती है। यह नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय पहल क्रिटिकल मिनरल्स, ऊर्जा संसाधनों, चिप निर्माण, एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स की सुरक्षित सप्लाई चेन बनाती है। इसलिए अमेरिकी विदेश विभाग इसे पॉजिटिव-सम साझेदारी मानता है, जो चीन जैसी निर्भरताओं से बचाव करती है। इससे विश्वसनीय देशों में नवाचार और निवेश बढ़ता है। इस प्रकार पैक्स सिलिका का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में चीन के प्रभुत्व को कम करना और विश्वसनीय देशों के बीच सुरक्षित तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है।

चूंकि भारत के लिए इसका रणनीतिक महत्व है, इसलिए भारत को हाल ही में इसमें पूर्ण सदस्यता का न्योता मिला है, जो ग्लोबल चिप हब बनने का अवसर देगा। इससे जहां अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसी कंपनियों से भारी निवेश, तकनीकी हस्तांतरण और रोजगार सृजन होगा। वहीं रक्षा, अंतरिक्ष और सैन्य सुरक्षा में भी मजबूती मिलेगी। इसका प्रमुख उद्देश्य है कि यह वैश्विक पहल महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा स्रोतों, सेमीकंडक्टर, उन्नत विनिर्माण, एआई अवसंरचना और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में दबावपूर्ण निर्भरताओं को घटाती है। उच्च-तकनीकी संयुक्त उद्यमों और रणनीतिक सह-निवेश को बढ़ावा देकर नवाचार को प्रोत्साहित करती है। संवेदनशील प्रौद्योगिकियों को चिंताजनक देशों से बचाने का लक्ष्य रखती है।

जहां तक इसकी संरचना की बात है तो अमेरिका इसके संस्थापक सदस्य के रूप में नेतृत्व करता है, जिसमें जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड्स, यूनाइटेड किंगडम, इज़राइल, यूएई और ऑस्ट्रेलिया जैसे समान विचारधारा वाले देश शामिल हैं। यह गठबंधन-आधारित मॉडल पर काम करती है, जो साझा निवेश और सहयोग पर जोर देती है। भारत को हाल ही में पूर्ण सदस्यता का निमंत्रण मिला है। जनवरी 2026 में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भारत को इसमें शामिल करने की घोषणा की। जबकि इससे पहले टैरिफ विवाद से भारत बाहर था, लेकिन अब यह साझेदारी भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाई देगी।

पैक्स सिलिका में अमेरिका नेतृत्व करता है और इसमें जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान जैसे प्रमुख देश शामिल हैं। यह पहल विश्वसनीय साझेदार देशों को जोड़ती है ताकि सिलिकॉन सप्लाई चेन मजबूत हो। इसके मुख्य सदस्य देश निम्नलिखित हैं- संस्थापक सदस्य- अमेरिका (नेतृत्वकर्ता), जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान। अन्य प्रमुख सदस्य- नीदरलैंड्स, यूनाइटेड किंगडम, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया। मसलन, ये देश उच्च-तकनीकी विनिर्माण और एआई क्षेत्रों में मजबूत क्षमता रखते हैं। इससे भारत को सेमीकंडक्टर और एआई सप्लाई चेन में प्रमुख स्थान मिलेगा।



भारत के पैक्स सिलिका में शामिल होने से चीन पर मुख्य रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यह पहल विशेषकर सिलिकॉन, सेमीकंडक्टर और एआई सप्लाई चेन में उसके एकाधिकार को चुनौती देगी। रूस पर अप्रत्यक्ष प्रभाव हो सकता है, लेकिन सीधा उल्लेख कम है। यह वैश्विक तकनीकी निर्भरता को पुनर्गठित करेगा। इसका चीन पर प्रभाव पड़ेगा क्योंकि चीन वर्तमान में महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा स्रोतों, चिप निर्माण और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर हावी है। लिहाजा पैक्स सिलिका के माध्यम से भारत का प्रवेश उसके प्रभुत्व को कम करेगा, दबावयुक्त निर्भरता घटाएगा और वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाएगा। इससे चीन के निर्यात बाजार और तकनीकी वर्चस्व पर दबाव बढ़ेगा।

जहां तक रूस पर प्रभाव की बात है तो रूस पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिला, लेकिन ट्रंप प्रशासन के रूसी तेल खरीद पर 500% टैरिफ जैसे कदमों से व्यापक आर्थिक दबाव जुड़ सकता है। दरअसल पैक्स सिलिका ऊर्जा स्रोतों की सुरक्षित चेन पर फोकस करता है, जो रूस के पारंपरिक ऊर्जा निर्यात को अप्रत्यक्ष चुनौती दे सकता है। इसका सामरिक निहितार्थ यह होगा कि भारत के बढ़े कदम से अमेरिका-भारत साझेदारी मजबूत होगी इससे मजबूत कर भू-राजनीतिक संतुलन बदलेगा, जहां चीन-रूस गठजोड़ कमजोर पड़ सकता है। जबकि भारत को निवेश और तकनीक मिलने से उसकी वैश्विक स्थिति मजबूत होगी।

भारत के पैक्स सिलिका में शामिल होने से चीन पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा क्योंकि नई पहल मुख्य रूप से सेमीकंडक्टर,एआई और महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन में उसके वर्तमान प्रभुत्व को कम करके बढ़ेगा। यह वैकल्पिक उत्पादन केंद्र स्थापित कर चीन के निर्यात बाजार को सीधे चुनौती देगा। रणनीतिक रूप से यह अमेरिका-नीत गठबंधन को मजबूत करेगा। जहां तक सप्लाई चेन पर प्रभाव की बात है तो चीन सिलिकॉन, चिप निर्माण और एआई हार्डवेयर में 70-90% वैश्विक आपूर्ति नियंत्रित करता है। लिहाजा इसमें भारत का प्रवेश निवेश आकर्षित कर उत्पादन क्षमता बढ़ाएगा, जिससे चीन के बाजार हिस्से में 10-20% गिरावट आ सकती है। इससे उसके निर्यात राजस्व में अरबों डॉलर का नुकसान होगा। इससे निर्यात और बाजार हानि भी होगी क्योंकि भारत जैसे नए केंद्रों से जापान, कोरिया और यूरोपीय कंपनियां खरीदारी स्थानांतरित करेंगी। चीन के सस्ते उत्पादों पर निर्भरता घटेगी, जिससे उसके व्यापार अधिशेष पर दबाव पड़ेगा। लंबे समय में एआई और टेक निर्यात 15-25% कम हो सकते हैं। जहां तक भू-आर्थिक परिणाम की बात है तो भारत का यह कदम चीन को तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए मजबूर करेगा, लेकिन तत्काल पूंजी और बाजार हानि से उसकी विकास दर 0.5-1% धीमी हो सकती है। भारत-अमेरिका साझेदारी से वैश्विक टेक व्यापार का पुनर्वितरण होगा।

इस प्रकार देखा जाए तो भारत को अपने पाले में मिलाने के लिए और रूस-चीन से उसकी रणनीतिक दूरी बढ़ाने के लिए दुनिया का थानेदार अमेरिका बेकरार है, क्योंकि गुटनिरपेक्ष भारत जिधर होगा उस वैश्विक गठबंधन का अंतर्राष्ट्रीय वजन स्वतः बढ़ जाएगा। ऐसा इसलिए कि भारत दुनिया की सबसे आबादी वाला गणतांत्रिक देश है। यहां के लोगों में बल और बुद्धिमत्ता कूट कूट कर भरी है। आर्थिक और सैन्य दृष्टि से भी भारत निरंतर प्रगति कर रहा है।

यही वजह है कि अमेरिका ब्रेक के बाद एक से बढ़कर एक वैश्विक गुटीय ऑफर दे रहा है। यह बात अलग है कि रूस से भारत के घनिष्ट रिश्ते में खटास पैदा करने के लिए वह टैरिफ इजाफे का भी दांव चल चुका है और आगे ज्यादा करने की धमकी भी दे रहा है। वहीं द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को भी बेवजह लंबा खींच रहा है। ऐसे में अमेरिका अब भारत का भरोसेमंद मित्र नहीं हो सकता है। लेकिन रूसी-चीनी दोस्ती के दृष्टिगत अमेरिका से खुलेआम शत्रुता भी नहीं की जा सकती। इसलिए चीन की तरह ही अमेरिका से भी शो शो का रिश्ता रखना लाजिमी है।

अनुभव बताता है कि अमेरिका भारत से अपनी मनवाने पर तुला हुआ है, लेकिन भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता के दृष्टिकोण पर अडिग है जिससे अमेरिका की हर कोशिश कमतर प्रतीत होती है। ऐसा इसलिए कि भारत अपने भरोसेमंद अंतर्राष्ट्रीय मंच मित्र रूस को न तो छोड़ना चाहता है और न ही अपने रणनीतिक दुश्मन चीन-पाकिस्तान से बेवजह पंगा लेना चाहता है,भारत निज विकास के द्वारा अपनी जनता के जीवन स्तर में बढ़ोतरी को प्राथमिकता देता है। यही कारण है कि अब अमेरिका ने भारत को पैक्स सिलिका समूह में शामिल करने का लॉलीपॉप थमाया है, ताकि भारत को पटाकर रणनीतिक लाभ हासिल किया जा सके।

# संगम की रेती पर उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रयागराज (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के मौके पर गुरुवार को संगम की रेती पर आस्था का सैलाब हिलोरें मारता दिखायी पड़ा। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं, ब्रह्म मुहूर्त से लेकर सुबह नौ बजे तक 12 लाख से अधिक श्रद्धालु पावन डुबकी लगा चुके थे। मेला प्रशासन का अनुमान है कि आज एक से डेढ़ करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे,बुधवार को एकादशी पर ही 85 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। पौष पूर्णिमा पर 31 लाख श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

माघ मेले में 20 से 25 लाख कल्पवासी एक माह का कल्पवास कर रहे हैं। पूरे माघ मेले के दौरान डेढ़ महीने में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे। माघ मेले में 12000 फीट लंबा स्नान घाट तैयार किया गया है। स्नान घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग, जल पुलिस,एनडीआरएफ एसडीआरएफ और गोताखोर तैनात किए गए हैं ।मेले से जुड़े अधिकारी भी ग्राउंड जीरो पर मौजूद है,



सिंचाई विभाग माघ मेले में 10 हजार क्यूसेक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की है,माघ मेले में 160 किमी की चकर्ड प्लेट लोक निर्माण विभाग द्वारा बिछाई गई है,यूपी जल निगम द्वारा 242 किमी पेयजल लाइन बिछाई गई है ।85 किमी सीवर लाइन बिछाई गई है। यूपी पावर कारपोरेशन की ओर से 25 अस्थाई विद्युत सब स्टेशन बनाए गए हैं,श्रद्धालुओं के त्वरित उपचार के लिए दो अस्पताल 20 20 बेड के बनाए गए हैं। 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो हेल्थ सेंटर बनाए गए हैं ।एक वेक्टर कंट्रोल यूनिट 5 आयुर्वेदिक और पांच होम्योपैथिक अस्पताल भी मेले में खोले गए हैं,50 एम्बुलेंस की व्यवस्था मेले में दी गई है,माघ मेले में 25 हजार शौचालय, 8 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 30 सक्सन गाड़ियां लगाई गई हैं,तीन हजार सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है,मेले का दायरा बढ़ाया गया है,800 हेक्टेयर में 7 सेक्टर में मेला बसाया गया है,अलग-अलग दिशाओं से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है, मेला क्षेत्र में 17 थाने,42 चौकियां, 20 फायर टेंडर, सात अग्निशमन चौकी 20 अग्निशमन के वॉच टावर,एक जल पुलिस थाना, एक जल पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है,स्नान घाटों पर एटीएस कमांडो भी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे से और ए आई युक्त 400 कैमरे से क्राउड मैनेजमेंट, क्राउड डेंसिटी एनालिसिस और इंसिडेंट रिपोर्टिंग की जा रही है ।माघ मेले में 3800 परिवहन निगम की बसें लगाई गई हैं ।इसके बाद 18 को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ स्नान पर्व के साथ मेले का समापन होगा।

## नाटो और सैनिक भेजेगा, अमेरिका से आर-पार के मूड में ग्रीनलैंड, ट्रंप को सीधी चुनौती

नई दिल्ली

अमेरिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद ग्रीनलैंड के उप प्रधानमंत्री म्यूट एगेडे ने बुधवार को कहा कि नाटो के और अधिक सैनिक ग्रीनलैंड की ओर भेजे जा रहे हैं।

म्यूट एगेडे ने आगे कहा, आज से और आने वाले दिनों में ग्रीनलैंड में नाटो सैनिकों की उपस्थिति बढ़ने की उम्मीद है। सैन्य उड़ानों और जहाजों की संख्या में भी वृद्धि होने की संभावना है।

फ्रांस, जर्मनी और नॉर्डिक देशों ने पहले ही कहा था कि वे डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र में एक यूरोपीय सैन्य अभियान में भाग लेंगे, जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प की नजर है।



नाटो के सहयोगी डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडरिकसन ने पिछले हफ्ते यूरोपीय सहयोगियों के साथ एक बयान में कहा था कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा किया तो इसका सीधा अर्थ नाटो सैन्य गठबंधन का अंत होगा। खनिज संपदा से संपन्न यह द्वीप यहां के लोगों का है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड से संबंधित मामलों में निर्णय लेने का अधिकार केवल यहां के लोगों के पास है। मैक्रों ने कहा, अभूतपूर्व होंगे प्रभाव रायटर के अनुसार, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि अगर किसी यूरोपीय देश और उसके सहयोगी देश की संप्रभुता पर असर पड़ता है तो प्रभाव अभूतपूर्व होंगे।

बिल्ड अखबार ने बुधवार को बताया कि जर्मनी इस सप्ताह ग्रीनलैंड में अपने पहले सैनिक भेजेगा। स्वीडन और नार्वे ने भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस मांग के बाद ग्रीनलैंड में टोही दल भेजने की घोषणा की है कि वॉशिंगटन को द्वीप पर नियंत्रण दिया जाए। अखबार ने जर्मन सरकार और संसदीय सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि टोही दल की तैनाती गुरुवार तक हो सकती है।

### आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण को लेकर स्पेन और इराक ने किया समझौता

**मैड्रिड, (वार्ता/स्पूतनिक)।** स्पेन और इराक ने आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण को लेकर रणनीतिक समझौते किया है। स्पेन के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा, स्पेनिश रक्षा मंत्रालय और इराकी आतंकवाद विरोधी सेवा (सीटीएस) ने आज आतंकवाद विरोधी प्रशिक्षण को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक सुरक्षा के प्रति स्पेन की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह समझौता ज्ञापन सितंबर 2026 में ऑपरेशन इनहेरेंट रिजॉल्व, इस्लामिक स्टेट आतंकी समूह (आईएस, आईएसआईएस) के खिलाफ इराकी सुरक्षा बलों को प्रशिक्षित करने और सलाह देने में स्पेन की लगातार भागीदारी का प्रावधान करता है, और इराक में स्पेनिश सैनिकों की गतिविधियों के लिए कानूनी निश्चितता प्रदान करता है।

## क्या एआई की वजह से जाएगी लोगों की नौकरी? एआई गॉडफादर जेफ्री हिंटन ने बताया इस टेक्नोलॉजी का सच

नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी के गॉडफादर माने जाने वाले और नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने एक बड़ी बात कही की है। हिंटन का कहना है कि यह टेक्नोलॉजी भविष्य में लोगों की नौकरी जाने की वजह बन सकती है। जेफ्री हिंटन का कहना है कि यह नई टेक्नोलॉजी बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ा सकती है। इसका इस्तेमाल अमीर लोग अपने प्रॉफिट को बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। हिंटन का यह भी कहना है कि इससे समाज में आर्थिक असमानता और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। जेफ्री हिंटन ने सितंबर 2025 में दिए एक इंटरव्यू में बताया, अमीर लोग ज्यादा प्रॉफिट के लिए एंप्लॉय की जगह एआई का इस्तेमाल करेंगे, जिससे वे लोग और भी अमीर बनते जाएंगे जबकि ज्यादातर लोग गरीब रह जाएंगे। हिंटन का कहना है कि यह समस्या तकनीक की नहीं बल्कि पूंजीवादी व्यवस्था की है। हिंटन ने यही बात अगस्त 2025 में फॉर्च्यून पत्रिका को दिए इंटरव्यू में भी भविष्य में बढ़ने वाली बेरोजगारी को लेकर बाद कही थी। हिंटन ने कहा था, एआई कंपनियां लॉन्ग-टर्म इंपेक्ट की जगह शॉर्ट-टर्म गेन में ही खुश हैं।



इसका मतलब है कि एआई कंपनी थोड़े से मुनाफे में ही खुश रहती हैं। हिंटन का कहना है कि हालांकि लोगों को निकालकर एआई से काम कराने से उन्हें कुछ ज्यादा फायदा नहीं होता है। हिंटन का यह भी कहना है कि एआई नौकरी के नए अवसर भी पैदा कर रहा है, खासकर उन युवाओं के लिए जो हाल ही में नौकरी के अवसर तलाश कर रहे हैं।

न्यूयॉर्क फेड ने एक रिसर्च में पता लगाया कि एआई का इस्तेमाल करने वाली कंपनियां अपने एंप्लॉय को निकालने की जगह उन्हें एआई से जुड़ी बातों के बारे में बता रही हैं और उन्हें प्रशिक्षण दे रही हैं। लेकिन भविष्य में एआई की वजह से कंपनियों में छंटनी की आशंका बनी हुई है।

### यूक्रेन ने लागू किया ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल

**कीव, (वार्ता)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर ज़ेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है।

श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद बैकअप पावर इक्विपमेंट को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज़्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी।

श्री ज़ेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज़्यादा खराब है।

## ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद हो रही हैं : ट्रम्प

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें आश्वासन मिला है कि ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद हो गई हैं। जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने उन अफवाहों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि तेहरान के पास विरोधियों फांसी देने की कोई योजना है। श्री ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में एक हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से कहा, हमें बताया गया है कि ईरान में हत्याएं बंद हो रही हैं और फांसी की कोई योजना नहीं है। मुझे यह विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है। हम इस विषय में और भी कुछ जानना चाहेंगे। मैं वहां बहुत महत्वपूर्ण सूत्रों के संपर्क में हूं और अमेरिका इस संकट पर बारीकी से नजर रख रहा है। यदि आवश्यक हुआ तो हम सैन्य कार्रवाई भी करेंगे।



श्री अराघची से जब सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को फांसी देने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ईरान के रुख की पुष्टि करते हुए फॉक्स न्यूज से कहा, फांसी की कोई योजना नहीं है। फांसी का सवाल ही पैदा नहीं होता।

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासचिव को सूचित किया है कि अमेरिका हिंसा भड़का रहा है। वह ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहा है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी मिशन द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र में कहा गया है।

गौरतलब है कि ईरान में विरोध-प्रदर्शन बुधवार को 20वें दिन में प्रवेश कर गए। ये रिकॉर्ड महंगाई और मुद्रा में भारी गिरावट के प्रदर्शनों से शुरू होकर व्यापक अशांति में बदल गए, जिससे देशभर में 280 से अधिक स्थानों पर अशांति की सूचना मिली। भारत में ईरानी दूतावास ने एक बयान जारी कर अमेरिका के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय निकायों से हटने और अनुचित व्यापार शुल्क लगाने की निंदा की और चेतावनी दी कि वाशिंगटन की नीतियों ने दुनिया में वैश्विक मानदंडों को टूटने की ओर धकेल दिया है।

### बसपा अकेले दम पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव

**लखनऊ (वार्ता)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से सावधान रहने की नसीहत देते हुये कहा कि उनकी पार्टी 2027 में विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। सुश्री मायावती ने गुरुवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बसपा कैडरों को विपक्षी दलों की चालबाजी से सतर्क रहना चाहिये और किसी भी भ्रम में पड़ना नहीं चाहिये। कैडरों को विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरे जोर शोर से जुटने की जरुरत है ताकि 2027 में एक बार फिर अकेले दम पर बसपा की सरकार बन सके। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में मेट्रो, जेवर हवाई अड्डा और विभिन्न एक्सप्रेस वे के निर्माण की रूपरेखा बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार के समय तैयार की गई थी लेकिन कांग्रेस के अवरोध और व्यवधान से बसपा के विकास कार्यो को अमली जामा नही पहनाया जा सका। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि बसपा किसी से डरने या झुकने वाली नहीं है, आने वाले विधानसभा चुनाव पार्टी अकेले लड़ेगी। मायावती ने कहा कि उनका जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ता 'जनकल्याणकारी दिवस' के रूप में मनाते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है।

ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किये जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किये जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गये हैं जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है।

उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है। सूत्रों ने बताया है कि एयर इंडिया की अमेरिका जाने वाली तीन उड़ानें रद्द की गयी हैं। अन्य उड़ानों के मार्ग बदले गये हैं। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी ईरान द्वारा अचानक हवाई क्षेत्र बंद किये जाने का हवाला देते हुए एक्स पर बताया है कि उसकी कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ा है।

उसने स्थिति पर खेद जताते हुए कहा है कि यह स्थिति एयरलाइंस के नियंत्रण से परे है। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने भी एक्स पर पोस्ट करके बताया है कि उसकी कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि ईरान ने पहले दो घंटे के लिए अपने हवाई क्षेत्र को वाणिज्यिक उड़ानों के लिए बंद करने की घोषणा की थी। बाद में समय सीमा और बढ़ा दी गयी।

### कुंभ से पहले हरिद्वार में गैर-हिंदू प्रवेश निषेध की मांग तेज

**हरिद्वार, (वार्ता)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में आगामी कुंभ मेले से पहले कुंभ क्षेत्र और हर की पौड़ी सहित गंगा घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग तेज हो गई है। श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने इस संबंध में गुरुवार को रुख अपनाते हुए कहा कि गैर हिंदू प्रवेश निषेध की मांग किसी एक संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन परंपरा, मां गंगा की धार्मिक अस्मिता और हर की पौड़ी की पवित्र व्यवस्था से जुड़ा विषय है। श्री गौतम ने कहा कि कुंभ क्षेत्र, हर की पौड़ी और आसपास के घाटों में किसी भी गैर-हिंदू व्यक्ति का प्रवेश नहीं होना चाहिए, चाहे वह सरकारी विभाग का कर्मचारी हो, किसी संस्था से जुड़ा हो या मीडिया कर्मी ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि 1916 के म्युनिसिपल बायलॉज श्रद्धालुओं की भावनाओं के आधार पर बनाए गए थे और संवैधानिक अधिकारों के तहत इस व्यवस्था को लागू किया जाना चाहिए।

# फिल्म/टीवी मनोरंजन




## आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दिन' की पहली झलक रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दिन' की पहली झलक रिलीज हो गयी है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे। इसका निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और इसे मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है। 'क़यामत से क़यामत तक', 'जो जीता वही सिकंदर' और 'जाने तूऽ या जाने ना' जैसी आइकॉनिक फिल्मों के बाद आमिर और मंसूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। यह फिल्म साई पल्लवी के बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड डेब्यू को भी चिन्हित करती है। 'एक दिन' के फर्स्ट लुक में साई पल्लवी और जुनैद खान एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में दिखाई दे रहे हैं। सर्दियों की पृष्ठभूमि में दोनों सड़क पर चलते हुए नज़र आते हैं, जहाँ उनकी गर्मजोशी, आकर्षण और सहज केमिस्ट्री साफ झलकती है। पोस्टर के साथ टैगलाइन दी गई है, (एक प्यारऽ एक मौका)। इस पहली झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, वहीं फिल्म का टीज़र कल रिलीज़ किया जाएगा।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी 'एक दिन' की कहानी स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने लिखी है। संगीत राम संपत का है और गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह फिल्म एक मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

## अल्लू-लोकेश की अगली अनटाइटल्ड फिल्म के लिए हुआ मेगा कोलैबोरेशन का ऐलान



दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार अल्लू अर्जुन ने निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट का ऐलान किया है। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस की जा रही इस फिल्म का म्यूज़िक अनिरुद्ध रविचंदर देंगे, जो इसे एक बड़े ब्लॉकबस्टर स्पेक्टेकल की ओर ले जाता है। पुष्पा 2- द रूल की ऐतिहासिक कामयाबी के बाद अल्लू अर्जुन ने अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट से पर्दा उठा दिया है, जिसका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। सभी की नजरें इस बात पर थीं कि आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन आगे किस दिशा में जाएंगे, और लोकेश कनगराज के साथ उनकी साझेदारी की खबर सामने आते ही उत्साह कई गुना बढ़ गया है। लोकेश कनगराज कैथी, मास्टर, विक्रम, लियो, कुली जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ खुद को इंडस्ट्री की एक बड़ी ताकत साबित कर चुके हैं। कैथी (2019) की जबरदस्त कामयाबी के बाद उन्होंने लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत की थी। इससे पहले लोकेश अनिरुद्ध रविचंदर के साथ चार फिल्मों में काम कर चुके हैं, और यह फिल्म दोनों की साथ में पांचवीं कोलैबोरेशन होगी। पुष्पा फ्रेंचाइज़ी की जबरदस्त कामयाबी के बाद यह प्रोजेक्ट अल्लू अर्जुन और माइथ्री मूवी मेकर्स की एक और बड़ी साझेदारी भी है।

## फिल्म नागबंधम में पार्वती बनीं नाभा नतेश



अभिनेत्री नाभा नतेश फिल्म नागबंधम में पार्वती के किरदार में नजर आयेंगी। मेकर्स ने कल आने वाली फिल्म का एक पोस्टर शेयर कर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी, जिसमें बस एक छोटी सी झलक दिखाई गई थी। इस पोस्टर ने सबको पार्वती की पहचान को लेकर सोच में डाल दिया था, साथ ही आज रिवील करने का वादा भी किया गया था। अब आखिरकार इंतज़ार खत्म हो गया है और पार्वती से पर्दा उठ चुका है। फिल्म नागबंधम में पार्वती के किरदार में नाभा नतेश को पेश किया गया है, और इसके साथ मेकर्स ने उनका बेहद खूबसूरत पोस्टर भी रिलीज़ कर दिया है। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने पार्वती के रोल में नाभा नतेश को रिवील किया। वह ट्रेडिशनल इंडियन साड़ी में बेहद स्टनिंग और अट्रैक्टिव लग रही हैं, जो पूरी तरह से एलिगेंस और ग्रेस दिखा रही हैं। पार्वती को रिवील करने के साथ-साथ मेकर्स ने फिल्म का टाइटल, नागबंधम भी रिवील किया और कैप्शन लिखा,रहस्यों से भरी दुनिया में, उसका विश्वास ही उसकी किस्मत बन जाता है नागबंधम से पार्वती के रूप में खूबसूरत नाभा नतेश को पेश करते हुए.इस गर्मी में पैन-इंडिया सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी..!!

नागबंधम के पोस्टर में पार्वती के रूप में ग्रेसफुल नजर आ रहीं नाभा नतेश सिर्फ किरदार ही नहीं, बल्कि एक ऐसी फिल्म का वादा भी करती हैं जो भारतीय संस्कृति में गहराई से रची-बसी है। पार्वती की उंगली पर बैठा खूबसूरत पक्षी एक सरप्राइज़ एलिमेंट जोड़ता है, वहीं बैकग्राउंड में मोर और मंदिर का माहौल इस बात का भरोसा दिलाता है कि कहानी भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत से जुड़े एक अलग ही आयाम को छुएगी। फिल्म नागबंधम की कहानी, स्क्रीनप्ले और निर्देशन अभिषेक नामा ने संभाला है। फिल्म को किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागीरेड्डी प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसे समर 2026 में पैन-इंडिया रिलीज़ करने की योजना है।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त रूप से सम्पूर्ण बरमान मेले का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं





नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने गुरूवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक बरमान मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्पूर्ण मेले का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं व नागरिकों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए बरमान के नर्मदा नदी घाट, दुकानों, अस्थाई पुलिस थाना सहित सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेले में दो पहिया वाहन लाने वाले वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

उन्होंने मेले की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले नागरिकों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा और अन्य सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न हो। दुकानों के निरीक्षण के दौरान दुकानों में रखे अग्निशमन यंत्र को अपने समक्ष चलवा कर देखा।

स्नान करते समय किसी भी तरह दुर्घटना न हो, इसे लेकर अधिकारियों ने घाटों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से नर्मदा नदी की गहराई में श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेडिंग व सांकेतिक चिन्ह और अन्य सुरक्षा उपकरणों का अवलोकन किया।

कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी नागरिकों व श्रद्धालुओं से कहा कि वे स्नान करते समय अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान दें और नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने मां नर्मदा जी का पूजन- अर्चन किया

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बरमान कलां के गोपाल घाट में गुरूवार को मां नर्मदा जी का पूजन- अर्चन किया। उन्होंने मां नर्मदा जी से जिले की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

# हौंसलों की उड़ान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बरमान मेला में लगाया स्टॉल

## प्लास्टिक दोना- पत्तलों के स्थान पर माहुल के पत्ते के उपयोग को दिया गया बढ़ावा



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मकर संक्रांति के अवसर पर बरमान मेले के दौरान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभागीय प्रदर्शनी लगाई है। मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हौंसलों की उड़ान के अंतर्गत बरमान मेला में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा व सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित मेले में आए श्रद्धालुओं व नागरिकों ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर उत्पादों की खरीददारी की।

मेले के दौरान स्वच्छता के उद्देश्य से प्लास्टिक युक्त दोना-पत्तल के स्थान पर माहुल के पत्ते के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। साथ ही माहुल के पत्तों का विक्रय किया गया। इस दौरान आजीविका मेला कार्यक्रम नोडल श्री ज्वाला करोसिया, सहायक नोडल श्री अनिल नेमा, स्टाल/ उत्पाद व्यवस्था श्री प्रमोद पारे सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, स्वसहायता समूह की सदस्य व सीआरपी मौजूद थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर आवेदक पुरूषोत्तम पटेल की चिल्का स्थित भूमि का राजस्व अमले द्वारा किया गया पुनःसीमांकन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनसुनवाई में दिए गए निर्देशों के परिपालन में आवेदक ग्राम बंधा के पुरूषोत्तम पटेल की ग्राम चिल्का में स्थित भूमि का राजस्व विभाग के अमले द्वारा पुनः सीमांकन का कार्य किया गया। आवेदक के दो खसरा नंबरों में नक्शा व खसरे में विसंगति है, जिसमें वर्ष 2025 में भी सीमांकन का कार्य किया गया था। एक खसरे का सीमांकन पूर्ण किया गया, बाकी खसरों में नक्शा दुरूस्त करने की समझाइश दी गई। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन व नक्शा दुरूस्ती के लिए दी गई समझाइश से आवेदक व अन्य पड़ोसी कृषक संतुष्ट नजर आए। इस तरह आवेदक श्री पुरूषोत्तम पटेल की समस्या का समधान किया गया।

# मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान अजय सिंह यादव गाडरवारा के न्यायालय द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने वाले आरोपी गोलू उर्फ भैयाजी पिता मंगल कौरवए आयु 25 वर्षए निवासी दृ ग्राम तेंदूखेडाए थाना चीचली जिला नरसिंहपुर ;मण्प्रण्द्धए को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा. 303;2 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि है फरियादी पुनीत उदेनिया के द्वारा थाना गाडरवारा में दिनांक 28/07/2025 को इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम कामती में रहता है तथा किसानी करता है। दिनांक 22/07/2025 को रात्रि 08ण्30 बजे के करीब वह जबलपुर जाते समय रेल्वे स्टेशन गाडरवारा गेट के सामने अपनी मोटरसाईकिल कमांक ड्च49 क् 5058 को खड़ी कर ट्रेन से जबलपुर चला गया था। दूसरे दिन सुबह वापस गाडरवारा आकर उसने अपनी मोटरसाईकिल को देखा तो उसकी मोरसाईकिल रेल्वे स्टेशन के बाहर नहीं थी। मोटरसाईकिल को तलाश किया किन्तु मोटरसाईकिल का कोई पता नहीं चला।

कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन कमांक 49 क 5058 कीमती 50 हजार रूपये चोरी करके ले गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस थाना गाडरवारा में प्रथम सूचना रिपोर्ट कमांक 887द्ध2025 अन्तर्गत धारा 303 ;2बी.एन.एस.के तहत पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान फरियादी पुनीत उदेनिया के कथन लेखबद्ध किए गए। घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। अभियुक्त का मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया तथा चोरी गई मोटरसाईकिल अभियुक्त के आधिपत्य से जप्त की गई तथा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साक्षी भगवानदास कहार, सोनू कहार, सुजीत बागरी के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये। उपरोक्त विवेचना में अभियुक्त के विरूद्ध धारा 303;2 बी.एन.एस.का अपराध सिद्ध पाया गया। जिसके बाद सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रभारी उपनिदेशक ;अभियोजन सहायक निदेश्क ;अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन मेंए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

# एक दीप राष्ट्र के नाम कार्यक्रम में अभाविप कार्यकर्ताओं का हुआ स्नेहमिलन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नरसिंहपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पुण्य अवसर पर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज, नरसिंहपुर में एक दीप राष्ट्र के नाम कार्यक्रम संगठन से जुड़े पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन की विशिष्ट कार्यपद्धति से स्नेहसंवाद और राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित, भव्य व दिव्य स्वरुप मे राष्ट्रभक्ति व आत्मीय भावना से संपन्न हुआ। जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक चेतना और आपसी समन्वय का विस्तार व सुदृढ़ीकरण करना रहा । सर्वप्रथम दीपदान के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना के साथ एक-एक दीप प्रज्वलित कर अपने मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे पंच परिवर्तन (स्व का बोध, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता व नागरिक कर्तव्य निर्वहन) मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका व कर्तव्यों के प्रति संकल्प व्यक्त किया। इसके पश्चात अनुभव कथन का साझा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व कार्यकर्ताओं ने अपने संगठनात्मक अनुभव, संघर्ष, उपलब्धियाँ और युवाओं के लिए मार्गदर्शनपूर्ण विचार साझा किए। वहीं वर्तमान कार्यकर्ताओं ने संगठन के साथ अपने जुड़ाव, दायित्वों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। यह सत्र विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायी एवं ऊर्जा से भरपूर रहा।

यहाँ उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ताओ के लम्बे समय तक चले संघर्षपूर्ण आंदोलन के पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के नाम से महाविद्यालय का नामकरण व उनकी प्रतिमा स्थापित हुई है, उसी समय से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है जिसमे कार्यकर्ता अपने परिवारजनो के साथ सम्मलित होकर गौरवान्वित होते है ।इस कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन हुआ, जिससे पीढ़ियों के बीच संवाद-सम्बन्ध और सहयोग की भावना और अधिक प्रबल हुई। सभी ने संगठनात्मक एकता, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया।इस अवसर पूर्व व वर्तमान अनेक कार्यकर्ता सपरिवार व वर्तमान अभाविप पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने युवाओं के नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ओलम्पियाड सत्र 2025-26 जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों कक्षा 2 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर ओलम्पियाड का आयोजन किया गया था। जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र से कक्षावार एवं विषयवार चयनित विद्यार्थियों के लिये जिला स्तरीय (द्वितीय चरण) की प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय पर दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2026 को किया जाना है। जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता हेतु राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी है ।जिला परियोजना समन्वयक श्री मनीष चौकसे ने बताया कि जिसके अनुसार 16 जनवरी 2026 को कक्षा दूसरी एवं तीसरी के हिन्दी,अंग्रेजी,गणित, विषय एवं कक्षा छठवीं से आठवीं तक के हिन्दी,अंग्रेजी, संस्कृत विषयों की प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी एवं 17 जनवरी 2026 को कक्षा चौथी, पांचवीं की हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण अध्ययन विषय एवं कक्षा छठवीं से आठवीं की विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान विषयों की प्रतियोगिता परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# अवैध चायनीज मंजा के विरुद्ध पुलिस की 2 बड़ी कार्यवाही



**नरसिहपुर ।स्वतंत्रमत।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर डॉ. ऋषिकेश मीणा के निर्देशानुसार थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिक रहे प्रतिबंधित चायनीज मंजा (धागा) के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। 14.01.2026 को मुखबिर सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल 05 बंडल एवं 38 लच्छी चायनीज मंजा, कीमती लगभग 1800/-, जप्त किए। दोनों प्रकरणों में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 42/26 एवं 43/26, धारा 223(ए) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसकी सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।



# नर्मदा के घाटों पर नर्मदा स्वच्छता और जल संरक्षण कार्यक्रम

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** श्री श्याम किशोर सेवा समिति के द्वारा सतत नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है और इसी श्रृंखला में समिति द्वारा मां नर्मदा के घाटों पर नर्मदा स्वच्छता और जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत घाट पर आसपास साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया जा रहा है जिसमें समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिल रहा है जिसमें आम जनों के साथ प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हो रहे हैं जिसमें घाट पर से डिस्पोजेबल पन्नियां रैपर्स कचरा के साथ-साथ शराब की बोतले भी नर्मदा तट पर पड़ी हुई मिल रही है, समेट कर एक तरफ किया गया और साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की मुहिम की गई जिसमें कुछ ग्रामीणों ने भी अपने-अपने वक्तव्य कार्यक्रम के द्वारा लोगों को दिए समिति के महासचिव विष्णु विश्वकर्मा ने समस्त श्रद्धालुओं को अपने शब्दों में समझाएं इस दी और उनसे आग्रह किया कि अब इस प्रकार से घाट पर प्लास्टिक की कोई भी सामग्री ना डालें और नर्मदा तट पर शराब खोरी ना करें क्योंकि यह हमारी माता नर्मदा का अपमान है और इस कारण अन्य श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने स्नान करने में तकलीफ हो रही है ।

# अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता विधायक कप का हुआ शुभारंभ





## आज पहला सेफा मैच मथुरा और दिल्ली के बीच

## लाईन्स क्रिकेट क्लब द्वारा खिलाड़ियों के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाएं,

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चेम्पियन ट्राफी 2026 लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में विधायक कप का शुभारंभ कॉलेज ग्राउंड, रुद्र मैदान पर किया गया । जिसमे प्रथम पुरुस्कार 2 लाख नगद व कप, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार मालपानी द्वारा, प्रत्येक मैच का मेन ऑफ द मैच - आकर्षक ट्राफी एवं नगद 21 सौ अन्नू शर्मा (ज्वारा) द्वारा, मेन ऑफ दी सीरीज 21 हजार चन्द्रकांत शर्मा भाजपामंडल अध्यक्ष द्वारा दिया जा रहा है। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्गीय कमल गुर्जर की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे । उद्घाटन मैच दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच खेला गया । दिल्ली ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाए जवाबी पारी खेलते हुए दिल्ली ने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 7 विकेट खोकर 19 ओवर में 152रन बनाकर मैच जीत लिया । दिल्ली क्लब के बल्लेबाज मयंक मेन 43 बॉल में 57रन बनाकर मैन ऑफ द मैच हासिल किया इस मैच के अंपायर इशाक खान और देवेंद्र रजक रहे । रुद्र मैदान पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित खिलाड़ियों ने राष्ट्रगीत का गायन किया ।तत्पश्चात मैच का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैदान पर बैटिंग कर किया । सर्वप्रथम अतिथियों ने शंकर मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत लाईन्स क्रिकेट क्लब का ध्वज फहराया । मंचासीन अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह,सभापति आनंद दुबे सुरेंद्र गुर्जर सतीश कौरव पूर्व क्रिकेटर अरविंद जोशी गणमान्य जन मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन अवधेश रुसिया ने किया । प्रतियोगिता में दूसरे दिन मथुरा उत्तर प्रदेश जलगांव महाराष्ट्र के बीच मैच खेला गया । टॉस जीतकर जलगांव ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया इसके पूर्व बैडमिंटन क्लब के सभी सदस्यों ने दोनों टीमों खिलाड़ियों से रूबरू होकर उनका उत्साह बढ़ाया । मथुरा में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए । जवाबी पारी खेलते हुए जलगांव 105 रन ही बना पाई और मथुरा उत्तर प्रदेश में 39 रन से मैच जीत लिया इस मैच का मैन ऑफ द मैच मथुरा टीम के राहुल को दिया गया जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 बाल में 9 चौके 1 चक्का की सहायता से 58 रन बनाए थे । पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि समाजसेवी रंजन स्थापक ने संबोधित करते हुए कहा कि लायंस क्रिकेट क्लब की मेहनत से बहुत दिनों के बाद रुद्र मैदान पर यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है निश्चित रूप से आयोजन समिति बधाई की पात्र है जिन्होंने सफल आयोजन किया ।

समाजसेवी रंजन स्थापक, राजेश त्रिपाठी, अब्दुल फिरोज खान, संतोष सोनी, आयुष अग्रवाल, प्रियांशु यादव, राजदीप दुबे, आयुष यादव, हर्षित रूसिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण किया । मैच के अंपायर इरशाद खान शैलेंद्र शर्मा रहे कमेंट्री राजेश त्रिपाठी, बृजेश सोनी एवं स्कोरिंग सुभी श्रीवास्तव लाला ने की । प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच आज मथुरा क्रिकेट क्लब एवं दिल्ली क्रिकेट क्लब के मध्य खेला जाएगा ।

मैच के दौरान रुद्र मैदान खेल प्रेमियों से खचाखच भरा रहता है शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल खेल प्रेमी मैच का आनंद लेने के लिए रूद्र मैदान पहुंच रहे हैं । रुद्र मैदान मैदान की सजावट और मैदान की व्यवस्थाएं मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर (म.प्र.)**

कमांक/28/आ.वि.आ./पट्टा/ 2026 नरसिंहपुर दिनांक 13/01/2025

**प्रांरभिक सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल तथा राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का पत्र कमांक/एफ 4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17.11.2025 के अनुसार मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के अंतर्गत ऐसे भूमिहीन (आवासहीन) नगरीय गरीब व्यक्तियों को, जो दिनांक 31 दिसम्बर 2020 की स्थिति में भूमि में काबिज व्यक्ति जो वहां कटुम्ब के किसी सदस्य के नाम से स्वामित्व में नही रखता हों, को आवासीय पट्टे प्रदान किया जाना है।

जिसके परिपालन में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सर्वेक्षण कार्य किये जाने हेतु अधिकारी / कर्मचारी का सर्वेक्षण दल गठित कर स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें हितग्राहियों का मौका स्थल एवं दस्तावेजों का सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र/अपात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। हितग्राहियों के प्रति किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 24 जनवरी 2026 समय साय. 05.00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगरपालिका परिषद् नरसिंहपुर एवं तहसील कार्यालय नरसिंहपुर के आम नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है।

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहपुर म.प्र.**

# नीलकंठेश्वर भक्ति धाम में महाशिवरात्रि पर लगेगा दिव्य मेला

## भक्ति आस्था और श्रद्धा के संग महापर्व की भव्य तैयारी, गूंजेगी हर दिशा हर-हर महादेव से

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ देवों के देव महादेव को समर्पित नीलकंठेश्वर भक्ति धाम एक बार फिर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था श्रद्धा और भक्ति का महासंगम बनने जा रहा है। यह दिव्य धाम अब केवल एक मंदिर नहीं बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आस्था विश्वास और चमत्कारों का जीवंत केंद्र बन चुका है। इस पवित्र धाम में प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश संकटमोचन हनुमान जी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार सहित 12 ज्योतिर्लिंग अलग अलग मंदिरों में विराजमान हैं जो भक्तों को संपूर्ण तीर्थ का अनुभव एक ही परिसर में प्रदान करते हैं। इस भव्य धार्मिक स्थल की स्थापना महान शिवभक्त मदनलाल ग्रोवर द्वारा कराई गई थी। आज भी उनकी पुण्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर समस्त धार्मिक आयोजनों का संपूर्ण व्यय व्यक्तिगत रूप से वहन कर रहे हैं। यह सेवा नहीं बल्कि भोलेनाथ के चरणों में समर्पण की जीवंत मिसाल है। धीरे धीरे यह धाम अपनी अद्भुत



आध्यात्मिक ऊर्जा और चमत्कारिक अनुभूतियों के लिए दूर दूर तक प्रसिद्ध हो चुका है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहाँ दर्शन हेतु पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाओं के पूर्ण होने की अनुभूति करते हैं। महाशिवरात्रि की तैयारी के अंतर्गत सावन के प्रथम सोमवार से ही भगवान भोलेनाथ के दरबार में संगीतमय अखंड रामायण एवं सुंदरकांड पाठ प्रारंभ किया गया जो लगभग पांच महीनों तक निरंतर चलने के पश्चात महाशिवरात्रि के दिन पूर्णाहुति और महापूजन के साथ संपन्न होगा। महाशिवरात्रि के दिन यहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारों लाखों भक्तों की उपस्थिति को देखते हुए ग्रोवर परिवार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सेवा और सुविधाओं की उत्तम व्यवस्था की जाती है। दो दिवसीय आयोजन में धार्मिक अनुष्ठान भजन कीर्तन शिव महिमा गान आकर्षक झांकियां और भव्य शिव बारात मुख्य आकर्षण रहती है। पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें न केवल क्षेत्र बल्कि अन्य जिलों से आए श्रद्धालु भी प्रसाद ग्रहण करते हैं। धाम में दर्जनों विद्वान पंडित 24 घंटे भगवान की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। सलैया-पड़खुरी क्षेत्र में स्थित यह धाम अब जन-जन की आस्था का प्रतीक बन चुका है। स्थानीय महिलाएं और पुरुष प्रतिदिन यहां भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बनाए रखते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि नीलकंठेश्वर धाम में मांगी गई सच्चे मन से हर मुराद पूरी होती है। यह धाम केवल पूजा स्थल नहीं बल्कि भक्त और भगवान के बीच अटूट प्रेम का जीवंत प्रमाण बन चुका है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि ग्रोवर परिवार जितना भोलेनाथ को समर्पित है भोलेनाथ भी उतनी ही कृपा इस परिवार पर बनाए हुए हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जब हर दिशा से हर हर महादेव के जयघोष गूंजेंगे तब नीलकंठेश्वर भक्ति धाम स्वयं कैलाश पर्वत का स्वरूप प्रतीत होगा।

फोटो : विकास गुप्ता



# श्री सत्य साई नित्य नारायण सेवा जिला कटनी को हुए एक वर्ष पूर्ण

### श्री हनुमान चालीसा के साथ हुआ वर्षगांठ कार्यक्रम का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)। भगवान सत्यसाई बाबा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मानव सेवा ही माधव सेवा है की भावना से गत वर्ष जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के परिजनों के भोजन हेतु नित्य नारायण सेवा का शुभारंभ सत्य साई सेवा संगठन द्वारा किया गया था। 14 जनवरी को इस सेवा को उत्साहपूर्वक चलते हुए 1 वर्ष पूर्ण हो गए। इसी उपलक्ष्य में बुधवार, 14 जनवरी को जिला चिकित्सालय परिसर में प्रातः 9 बजे सभी साईभक्तों ने तीन ओंकारम एवं मंत्रोचारण के साथ श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। तत्पश्चात उपस्थित जरूरतमंदों को प्रतिदिन की भांति क्रमबद्ध रूप से 251 भोजन पैकेट के साथ तिल के लड्डू और फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन सेवादल सदस्यों एवं मददगार प्रबुद्धजनों का सतना से पधारे प्रांतीय नारायण सेवा प्रभारी सी.एम. सिंह द्वारा सम्मान किया गया, जिन्होंने पूरे वर्षभर इस भोजनसेवा को सुचारु रूप से संचालित करने में निश्चलभाव से सहयोग किया। साई समिति के जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह भोजनसेवा शासकीय जिला चिकित्सालय में पैकेटों के माध्यम से प्रतिदिन प्रातः 9:30 पर संपादित की जाती रही है और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। वर्षगांठ कार्यक्रम का समापन महामंगल आरती एवं स्वल्पाहार प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## यादव महासभा के जिला अध्यक्ष के पद पर किया मनोनीत



कटनी (स्वतंत्रमत)। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव (दादा) के आदेशानुसार एवं महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह यादव व महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत यादव व महासभा के संभागीय अध्यक्ष विजय यादव व महासभा के कटनी जिला पर्यवेक्षक मनोज यादव जबलपुर व महासभा के जिला पर्यवेक्षक परम यादव की अनुसंशा पर आपको यादव महासभा के जिला शहर अध्यक्ष कटनी के पद पर मनोनीत किया जाता है। आपसे अपेक्षा है कि आप पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन के साथ यादव महासभा के उत्थान एवं प्रगति के लिए कार्य करेंगे। साथ ही आपके द्वारा किए जाने वाले कार्यों से निरंतर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराते रहेंगे।



## दद्दाधाम में नववर्ष पर मिले शिष्य

कटनी (स्वतंत्रमत)।

देवप्रभाकर नगर दददाधाम मे नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन देवप्रभाकर नगर विकास एवं रखरखाव सहकारी समिति मर्यादित दददाधाम कटनी अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल के निवास स्थान पर किया गया जिसमे दददाधाम के सैकडो निवासियो के साथ जिला अधिवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष एड. अमित शुक्ल, सिन्धी समाज के वरिष्ठ नेता झम्मटमल थारवानी, कटनी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एच. एस. नेमा, दददाधाम की शान नीरज त्रिपाठी, सहित हरिशंकर शुक्ल, गोलू चतुर्वेदी, गुरमुखदास बालानी, विजय गोखरू, नागेश्वर प्रसाद, आ.के. शुक्ल, संजय मिश्रा, अनिल शुक्ल, संदीप पारिख, एम.एल. निगम, धीरज जग्गी, नरोत्तम दुवे, राहुल बडगैया, कमलेश तिवारी, अरुण कुमार बाजपेई, आदित्य उपाध्याय, आ.के. सेठिया, अमोल पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जलप्रदाय व्यवस्था की महापौर ने की गहन समीक्षा

### वॉटर टेस्टिंग से लेकर जल सुनवाई तक, महापौर ने दिए निर्देश

### पेयजल की गुणवत्ता एवं आपूर्ति पर विशेष जोर

कटनी (स्वतंत्रमत)। इंदौर में हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण जलजनित त्रासदी को गंभीरता से लेते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सोमवार को मेयर इन काउंसिल सदस्य जलप्रदाय उमेन्द्र अहिरवार व जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित



पेयजल उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जल आपूर्ति से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली। महापौर ने प्रतिदिन की जाने वाली वॉटर टेस्टिंग की संख्या, परीक्षण की प्रक्रिया, शहर की समस्त जल टंकियों की नियमित सफाई, जल की गुणवत्ता एवं उपलब्धता की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं है, उन्हें अलग कलर कोडिंग कर स्पष्ट सूचना चस्पा की जाए, जिससे आम नागरिक भ्रमित न हों और दूषित पानी के उपयोग से बचा जा सके। इसके साथ ही महापौर ने निर्देशित किया कि शहर में जहां-जहां जल की टेस्टिंग की जाती है, वहां पर्याप्त संख्या में सूचना बैनर लगाए जाएं, ताकि नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके और वे अपने घरों से पानी के सैंपल लाकर जांच करा सकें। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जनजागरूकता से ही जलजनित बीमारियों को रोका जा सकता है।

महापौर ने ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति के समय में आवश्यक परिवर्तन करने के भी निर्देश दिए। साथ ही राज्य शासन के निर्देशानुसार वार्ड स्तर पर जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं मौके पर ही पेयजल के नमूनों की जांच के लिए प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जल सुनवाई के सफल और नियमित आयोजन पर विशेष जोर दिया। बैठक में उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव, केमिस्ट मानेन्द्र सिंह बघेल, समस्त क्षेत्रीय समयपाल सहित जलप्रदाय विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर ने सभी अधिकारियों से सतर्कता, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताते हुए कहा कि नागरिकों की शुद्ध जलापूर्ति में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फोटो : विकास गुप्ता



## श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा कटनी की नई कार्यकारिणी का गठन

कटनी (स्वतंत्रमत)। श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा कटनी की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से विभिन्न दायित्वों पर नियुक्तियां की गईं। नवगठित कार्यकारिणी से समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई। श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा के संयोजक के रूप में अनिल खरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष पद पर अनादि निगम तथा कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पंकज निगम का चयन किया गया। उपाध्यक्ष के रूप में राजेश श्रीवास्तव प्रखर आर.एम. खरे, राजेंद्र बक्शी, दिनेश वर्मा, मनोज निगम एवं रमाकांत गुमास्ता को दायित्व सौंपा गया है। सचिव हेमन्त श्रीवास्तव तथा सहसचिव सुनील निगम एडवोकेट एवं मुकेश खरे एडवोकेट बनाए गए हैं। कोषाध्यक्ष का दायित्व राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट को दिया गया। संगठन मंत्री रणवीर कर्ण एवं अतीत निगम एडवोकेट, मीडिया प्रभारी संजीव श्रीवास्तव तथा विधिक सलाहकार दिनेश निगम एडवोकेट नियुक्त किए गए। कार्यालय प्रभारी प्रवीण सक्सेना रहेंगे। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनुपम वर्मा, विजय श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, राजेश निगम एडवोकेट, विकास श्रीवास्तव, के.सी. खरे, चंदन श्रीवास्तव, ओ.पी. खरे, जयकुमार बक्शी एवं राकेश निगम को शामिल किया गया। क्षेत्रीय समन्वय के तहत रीठी संयोजक विकास श्रीवास्तव, बड़वारा संयोजक विकास निगम एवं स्लीमनाबाद संयोजक अनिल खरे बनाए गए।

**श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा महिला समिति**-महिला इकाई में संरक्षक के रूप में अनु श्रीवास्तव, सविता श्रीवास्तव एवं गीतांजलि श्रीवास्तव नियुक्त हुईं। संयोजक प्रीति खरे, अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव तथा उपाध्यक्ष नंदिता कर्ण, नीति वर्मा, डॉ. तरुणि खरे एवं विनिता श्रीवास्तव बनाई गईं। सचिव इंदू निगम, सहसचिव रचना हेमंत श्रीवास्तव एवं सुरभि श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी रचना संजीव श्रीवास्तव तथा संगठन मंत्री अलका वर्मा होंगी। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में वंदना सक्सेना, शालिनी सिन्हा, वर्षा खरे एवं सपना श्रीवास्तव को स्थान दिया गया।

**श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा युवा इकाई**-युवा इकाई में संयोजक पवन श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुराग खरे, अध्यक्ष समीप श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नवनीत श्रीवास्तव एवं आशुतोष वर्मा, सचिव प्रदीप श्रीवास्तव, सहसचिव अमोघ श्रीवास्तव, संगठन मंत्री शरद खरे, विधिक सलाहकार यश खरे, मीडिया प्रभारी भारत श्रीवास्तव तथा कार्यालय मंत्री प्रवीण सक्सेना बनाए गए। इस इकाई में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिवम निगम, दीपक श्रीवास्तव, अंचित श्रीवास्तव, राज श्रीवास्तव, ऋषभ श्रीवास्तव, आशुतोष निगम, अर्चित खरे, रितेश निगम काठी बड़खेड़ा एवं सीए समीर बख्शी को शामिल किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी ने समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने, युवाओं को जोड़ने एवं सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को गति देने का संकल्प व्यक्त किया।

फोटो : विकास गुप्ता

# भूमिप्रकट शारदा देवी मंदिर में आस्था और भक्ति का संगम

### महापौर सूरी ने पार्षद साथियों के साथ किए दर्शन, भजन-कीर्तन में हुई शामिल

कटनी (स्वतंत्रमत)। नगर में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच महापौर प्रीति संजीव सूरी गुरुवार को अपने पार्षद साथियों के साथ भूमिगत शारदा देवी मंदिर पहुँचीं। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत माता शारदा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की। दर्शन-पूजन के उपरांत महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधि मंदिर परिसर में आयोजित भजन-



कीर्तन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। भक्तिमय वातावरण में गूंजते भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। महापौर ने भजन-कीर्तन के माध्यम से धर्म, संस्कार एवं सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर महापौर एवं पार्षदों ने भंडारे में पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद भी किया। इस दौरान महापौर ने मंदिर समिति के सदस्यों की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों को निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 18 को मनाया जाएगा श्री गहोई दिवस

कटनी (स्वतंत्रमत)। सभी स्वजातीय बंधु बांधवों, मातृ शक्ति को सूचित कर हर्ष हो रहा है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष में भुवन भास्कर सूर्य भगवान की आराधना एवं सामाजिक समरसता से ओत प्रोत श्री गहोई दिवस का गरिमामय आयोजन रविवार 18 जनवरी को किया जा रहा है। शोभा यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए नवयुवक मंडल एवं संयोजक की टीम द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें समाज की सभी संस्थाओं द्वारा सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर आचार्य कृपलानी वार्ड में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

### क्षेत्रीय पार्षद स्व. ईश्वर बहरानी को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### विकास के साथ संवेदनाओं का सम्मान, बहरानी परिवार का हुआ विशेष अभिनंदन





कटनी (स्वतंत्रमत)। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आचार्य कृपलानी वार्ड में लगभग 16.48 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित सड़क डामरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन क्षेत्रीय पार्षद स्वर्गीय ईश्वर बहरानी के पुत्र सौरभ बहरानी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर की महापौर प्रीति संजीव सूरी, मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्वर्गीय ईश्वर बहरानी को पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के साथ किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उनके सामाजिक एवं विकासात्मक योगदान को स्मरण करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात महापौर के सानिध्य में बहरानी परिवार द्वारा विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, सुमन राजू माखीजा, बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, समाजसेवी संजय तिवारी, मूलचंद बहरानी, झम्मटलाल ठारवानी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों ने सर्वसम्मति से निर्माणाधीन सड़क का नाम स्वर्गीय पार्षद ईश्वर बहरानी के नाम पर रखे जाने की माँग की। नागरिकों की इस भावनात्मक माँग पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वस्त किया कि मेयर इन काउंसिल एमआईसी में प्रस्ताव पारित कराए जाने के उपरांत इसे परिषद में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि विधिवत प्रक्रिया के अनुसार सड़क का नामकरण किया जा सके। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य कृपलानी वार्ड को विकास कार्य की सौग़ात मिलना निश्चित ही हर्ष का विषय है, किंतु यह क्षण भावुक करने वाला भी है, क्योंकि इस कार्य के लिए अथक परिश्रम करने वाले पार्षद स्वर्गीय ईश्वर बहरानी आज हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्व. बहरानी सदैव समाजसेवा और वार्ड विकास के लिए समर्पित रहे और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महापौर ने आगे कहा कि इस विकास कार्य के माध्यम से स्वर्गीय ईश्वर बहरानी का सपना साकार हुआ है और उनका प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इस वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य कराए जाएँ।

उन्होंने यह भी कहा कि यह वार्ड उनका अपना वार्ड है तथा कैम्प क्षेत्र के अन्य स्थानीय पार्षद भी वार्ड की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महापौर ने स्वागत की परंपरा को संवेदनशील एवं भावनात्मक स्वरूप प्रदान करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत स्वागत के स्थान पर स्वर्गीय ईश्वर बहरानी के संपूर्ण परिवार का सम्मान किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बहरानी परिवार का अभिनंदन करते हुए सड़क डामरीकरण कार्य के सफल एवं शीघ्र पूर्ण होने की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सड़क डामरीकरण कार्य को क्षेत्र के लिए आवश्यक एवं जनहितकारी बताया।

फोटो : विकास गुप्ता

# अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से शुरुआत

## अमेरिका को 6 विकेट से हराया, हेनिल पटेल को 5 विकेट



बुलावायो (वार्ता)।

हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और अभिज्ञान कुंडू की नाबाद 42 रन की शानदार पारी की बदौलत की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को डीएलएस पद्धति के तहत छह विकेट से हराकर विजयी शुरुआत की। अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेटने के बाद भारत ने बारिश के कारण 37 ओवर में 96 रन के संशोधित लक्ष्य को शुरूआती झटकों से उबरते हुए 17.2 ओवर में चार विकेट पर 99 रन बनाकर हासिल कर लिया। अभिज्ञान कुंडू ने 41 गेंदों पर नाबाद 42 रन में पांच चौके और एक छक्का लगाया। कनिष्क चौहान 10 रन पर नाबाद रहे।

### वैभव सूर्यवंशी मात्र दो रन बनाकर बोल्ड हो गए

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही। फॉर्म में चल रहे वैभव सूर्यवंशी मात्र दो रन बनाकर अप्पिडी की गेंद पर आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए। अप्पिडी ने वेदांत त्रिवेदी को दो रन पर आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। कप्तान आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 19 रन बनाकर ऋषभ शिम्पी का शिकार बने। भारत ने अपना तीसरा विकेट 25 के स्कोर पर गंवाया। अभिज्ञान कुंडू और विहान मल्होत्रा ने चौथे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की लेकिन विहान टीम के 70 के स्कोर पर उत्कर्ष श्रीवास्तव का शिकार बन गए। विहान ने 17 गेंदों में 18 रन बनाये। लेकिन अभिज्ञान ने कनिष्क के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचकर दम लिया। हेनिल पटेल को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया

इससे पहले आज यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिंदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुये। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुये। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी ने दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिये। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव सूर्यवंशी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### वेस्टइंडीज ने तंजानिया को हराया

ग्रुप-डी में वेस्टइंडीज और तंजानिया के बीच विंडहोक में मैच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए तंजानिया 122 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम से दयालन ठकरार ने 26 और दर्पण जोबनपुत्र ने 19 रन बनाए। वेस्टइंडीज से विटेल लाव्स ने 3 विकेट लिए। बैटिंग में तानेज फ्रांसिस ने 52 और विकेटकीपर जूल एंड्रयू ने 44 रन बनाकर टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश पंगालिया, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, खिलन पटेल।

**अमेरिका:** उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अमरिंदर गिल, साहिल गर्ग, अर्जुन महेश (विकेटकीपर), ऋत्विक अप्पीदी, अदनीत झाम्ब, अमोघ अरेपल्ली, नितीश सुदिनी, सबरीश प्रसाद, शिव शनि, अदित कप्पा, ऋषभ शिम्पी।







# लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत और प्रणय बाहर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन ने अपने मजबूत डिफेंस और तेज खेल की बदौलत जापान के केंटा निशिमोटो को हराया, जबकि किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय का शानदार प्रदर्शन योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के दूसरे राउंड में काफी नहीं रहा। यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा गुरुवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। सेन ने निशिमोटो को 21-19, 21-11 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि श्रीकांत फ्रांस के वर्ल्ड टूर फाइनल्स विजेता क्रिस्टो पोपोव से 21-14, 17-21, 21-17 से हार गए, और प्रणय सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से 18-21, 21-19, 21-14 से हार गए।

महिला सिंगल्स में भी भारत की चुनौती खत्म हो गई, जब चीनी पांचवीं वरीयता प्राप्त हान यू ने मालविका बंसोड़ को 21-18, 21-15 से हरा दिया। निशिमोटो के खिलाफ पहले गेम के शुरुआती चरणों में सेन के लिए भी राह मुश्किल थी, क्योंकि भारतीय खिलाड़ी अपनी लय और स्ट्रोक की लंबाई खोजने में संघर्ष कर रहा था। इंडियन ऑयल के कर्मचारी पहले गेम में जापानी खिलाड़ी से 11-16 और फिर 14-18 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को लंबी रैलियों में उलझाए रखा।

### बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को हटाया

**ढाका (वार्ता)।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा के बाद नजमुल इस्लाम को बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन पद से तुरंत प्रभाव से हटा दिया है। बीसीबी का यह फैसला राष्ट्रीय क्रिकेटरों द्वारा क्रिकेटर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले यह कहने के कुछ घंटों बाद आया कि जब तक नजमुल इस्तीफा नहीं देते, वे चल रहे बीपीएल में हिस्सा नहीं लेंगे। इस वजह से बोर्ड को शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच दिन का पहला मैच स्थगित करना पड़ा। सीडब्ल्यूएबी के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने पत्रकारों से कहा कि अगर चेतावनी के बाद नजमुल को उनके पद से नहीं हटाया जाता है, तो क्रिकेटर बीपीएल में हिस्सा नहीं लेंगे।

# स्टार्क और वोल्वार्ट दिसंबर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए





दुबई (वार्ता)।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने पुरुषों और महिलाओं के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ़ द मंथ का अवॉर्ड जीता है, शानदार प्रदर्शन की एक सीरीज़ के बाद जिसमें उन्होंने कड़ी टक्कर को पीछे छोड़ा। स्टार्क, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया की 4-1 से एशेज जीत में प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया था, ने दिसंबर में 21.25 की औसत से 16 विकेट लिए, साथ ही महीने के दौरान तीन टेस्ट में 139 रन भी बनाए। सबसे शानदार प्रदर्शन ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में प्लेयर ऑफ़ द मैच का था, जहाँ उन्होंने आठ विकेट लिए और महत्वपूर्ण 77 रन बनाए। उन्होंने एडिलेड में सीरीज तय करने वाले टेस्ट में भी उपयोगी 54 रन का योगदान दिया। स्टार्क ने यह अवॉर्ड न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स को पछाड़कर जीता। वोल्वार्ट ने आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज़ में तीन वनडे में 111.84 के स्ट्राइक रेट से 255 रन बनाए, साथ ही दो टी20 में 190.27 के शानदार स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए। उन्होंने दोनों फॉर्मेट में टॉप ऑर्डर में शानदार प्रदर्शन किया, तीन शतक लगाए। वोल्वार्ट को वनडे में प्लेयर ऑफ द सीरीज़ चुना गया, जिसमें उन्होंने आखिरी दो मैचों में 124 और 100 रन बनाए, इससे पहले उन्होंने पहले टी20 में नाबाद 115 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी टीम की साथी सुने लुस और भारत की ओपनर शेफाली वर्मा को पछाड़कर तीन महीनों में अपना दूसरा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीता।

# ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की तालिका में हरमनप्रीत और नंदनी शीर्ष पर

नवी मुंबई (वार्ता)।

डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नज़र डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज़ के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के ख़िलाफ़ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के ख़िलाफ़ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे। डीसी की ओपनर लिज़ेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के ख़िलाफ़ 67 रनों की पारी



खेली और इससे पहले जीजी के ख़िलाफ़ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीज़न के उनके दूसरे अर्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफ़ी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के ख़िलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूज़ीलैंड की ओपनर ने डीसी के ख़िलाफ़ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

### पर्पल कैप टेबल

डीसी की तेज गेंदबाज़ नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाज़ों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8.80 की रही है। उन्होंने जीजी के ख़िलाफ़ फ़ाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के ख़िलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6.41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

# लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड




**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नये रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है। पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसंबर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार, कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303.97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं, वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा। पहले नौ महीने की अवधि में अमेरिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसंबर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आयी है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसंबर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।

### नगर निकाय चुनाव के कारण बंद रहे मुद्रा और शेयर बाजार

**मुंबई (वार्ता)।** बृहन्नमुंबई नगरपालिका परिषद (बीएमसी) चुनावों के कारण मुद्रा और शेयर बाजारों में गुरुवार को अवकाश रहा। महाराष्ट्र के अन्य नगर निकायों के साथ बीएमसी के लिए मतदान आज सुबह शुरू हो गया। बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने बताया है कि इस अवसर पर शेयर बाजारों में सभी प्लेटफॉर्म पर कारोबार बंद है। मुद्रा बाजार में भी आज अवकाश है। बाजार में शुक्रवार से सामान्य कारोबार होगा।

# दिसंबर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़ा

नयी दिल्ली (वार्ता)।

निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसंबर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसंबर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसंबर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आयी है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसंबर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।



# चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े-दालों, तेलों में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गये। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गयी जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गयी। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी।

# अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत जारी : अग्रवाल

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए बातचीत जारी है लेकिन इस द्विपक्षीय समझौते की तारीख या समय के बारे में तब तक कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता जब तक कि बातें पूरी तरह तय न हो जाएं। वाणिज्य उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने दिसंबर, 2025 के निर्यात-आयात के आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि अमेरिकी बाजार में भारत के सामानों पर शुल्क ऊंचा किये जाने के बावजूद बावजूद अमेरिका को भारत के निर्यात में सालाना आधार पर वृद्धि दिख रही है। उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बारे में एक सवाल पर कहा, दोनों पक्ष बातचीत में लगे हुए हैं... और दोनों पक्षों को लगता है कि एक समझौता हो सकता है। उन्होंने कहा कि समझौते के लिए दोनों पक्ष बराबर सम्पर्क में हैं। दोनों के बातचीत उच्च स्तर पर बातचीत भी हो रही है। गत दिसंबर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक हुई थी। दोनों और से वार्ता में शामिल अधिकारियों की टीमें भी वर्चुअली (वीडियो-कांफ्रेंसिंग) के जरिए लंबित विषयों पर बातचीत में लगी है। दोनों पक्षों के समझौते के करीब पहुंचने की बातों का उल्लेख किये जाने पर उन्होंने कहा कि जब तक बात पक्की न हो जाए तो उसे करीब क्या कहा जा सकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका में ऊंचे शुल्क के बीच हम उन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान लगा रहे हैं जहां शुल्क कम हैं, या जहां हमारे उद्योग मजबूत हैं और आपूर्ति श्रृंखला को बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे प्रमुख बाजार में श्रम प्रधान कपड़ा और चमड़ा उद्योग के समक्ष चुनौतियों पर सरकार का ध्यान है। इसी संदर्भ में उन्होंने बाजार विविधीकरण के लिए किये जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। वाणिज्य सचिव ने एक प्रश्न पर कहा कि न्यूजीलैंड, ओमान और



ब्रिटेन के साथ हुए तीन व्यापार समझौतों पर अमल इसी साल शुरू करने का प्रयास है। हम इन समझौतों को लागू करने के लिए आवश्यक नियम और प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इनमें कुछ पक्षों (न्यूजीलैंड) को अपनी संसद से अनुमति लेने की आवश्कता हो सकती है। प्रयास है कि हम ये तीन एफटीए इसी साल लागू कर दें। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश की निर्यातोन्मुख इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एईजेड) के लिए रियायत और प्रोत्साहन देने की उपयोगिता के बारे में एक सवाल पर कहा कि इन क्षेत्रों की ओर से ऐसी मांगें सरकार के ध्यान में हैं और सरकार देख रही है कि वर्तमान दौर में इनके लिए क्या किया जा सकता है। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त समझौते के इस माह गणतंत्र दिवस के आसपास हस्ताक्षर होने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर वाणिज्य सचिव ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच 24 में से 22 विषयों को तय कर लिया गया है। उन्होंने कहा, दोनों ओर से प्रयास है कि बातचीत के जरिए समझौते को जल्द से जल्द अंतिम रूप दे दिया जाए ताकि हम (किसी भी उपयुक्त अवसर पर) उसकी घोषणा की स्थिति में हों। भारत के तेल आयात के बारे में वाणिज्य सचिव ने कहा कि देश अपने सभी पारंपरिक सप्लायर से खरीद रहा है, लेकिन ज्यादातर तेल पश्चिम एशिया से ही आता है। उन्होंने कहा, हम इन दिनों अमेरिका से भी बहुत सारा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका से तेल का आयात बढ़ा है। ईरान से कारोबार करने पर अमेरिका में और ऊंचे शुल्क का सामना होने के जोखिम के बारे में एक सवाल पर श्री अग्रवाल ने कहा, ईरान के साथ हमारा व्यापार सीमित है।

हम उसके साथ खाद्य और औषधियों जैसी कुछ मानवीय आवश्यकताओं वाली कुछ वस्तुओं का ही व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन को भारत से निर्यात में वृद्धि हुई है जो स्वागत योग्य है। पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) क्षेत्र के देशों में भी भारत का निर्यात दिसंबर में तेजी से बढ़ा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात में वृद्धि बनी हुई है। दिसंबर में देश से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात के सालाना आधार पर 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर और आयात 8.67 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर रहा। आज जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसंबर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार, कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव ने कहा, आखिरी तिमाही में भी यही रुझान जारी रहा और कई नयी बाधाकारी चुनौती न खड़ी हुई तो इस वित्त वर्ष में हमारा कुल निर्यात 850 अरब डालर या उससे ऊपर पहुंच जाएगा। इसमें वस्तु निर्यात 450 अरब डालर और सेवाओं का निर्यात 400 अरब डालर के स्तर पर होगा।

# प्रदेश में जल्द लाई जाएगी 'एआई' नीति

## मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का किया शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एआई आधारित प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन, तकनीक-प्रौद्योगिकी और अकादमिक क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रभावी रूप से सहायक होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का अध्ययन केंद्र और शंकराचार्य जी की साधना का केंद्र भी है। राज्य सरकार मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। हमारा राज्य जल्द ही एआई नीति भी लाएगा और एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जिसमें आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता है। विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हमारी सरकार हर कदम पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को



झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इंपैक्ट पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया। एआई को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत आरंभ युवा एआई फॉर ऑल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। एम.पी. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष वशिष्ठ ने कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपीएसईडीसी प्रदेश में एआई इंफ्रॉस्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए नोडल एजेंसी है।

### अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, अवसंरचनात्मक और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### कौशल विकास के लिए हुए 7 एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 6 समझौता ज्ञापन-यंगोवेटर (आंसर फाउंडेशन), सीईईडब्ल्यू (कॉउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर), गूगल, नैसकॉम, एआईएसईसीटी और भाषिणी के साथ किए गए। ये समझौते शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार एवं रोबोटिक्स को बढ़ावा देने, जलवायु परिवर्तन व सतत विकास से जुड़े क्षेत्रों में एआई आधारित शोध एवं निर्णय सहयोग विकसित करने, शासकीय विभागों में एआई और क्लाउड तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करने, राज्य में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं कौशल विकास को गति देने, राष्ट्रीय एआई मिशन से जुड़कर कंप्यूटर एवं डेटा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता और एआई जागरूकता बढ़ाने और एआई आधारित शासन को सक्षम करने के उद्देश्य से किए गए हैं। इसके अलावा इंडिया एआई और तकनीकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मध्य एक समझौता ज्ञापन हुआ। उच्च गुणवत्ता वाली एआई शिक्षा तक पहुंच को व्यापक बनाने के लिए इंडिया एआई मिशन देश के टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में 570 डेटा एवं एआई लैब्स की स्थापना कर रहा है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश में 30 डेटा एवं एआई लैब्स स्थापित की जाएंगी।

### मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का हुआ शुभारंभ

कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश इनोवेशन एक्सपो का शुभारंभ किया गया, जिसमें इंडिया एआई पेवेलियन, मध्यप्रदेश पेवेलियन, स्टार्ट-अप शोकेस शामिल रहे। एमपी पेवेलियन में प्रदेश सरकार की एआई आधारित नवाचार पहलें प्रदर्शित की गईं, जिनका उद्देश्य शासन को अधिक सटीक, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना है।

# सांस्कृतिक अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में करें उपयोग: पटेल

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण आपको केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सजग राष्ट्र-प्रहरी के रूप में तैयार करने का प्रयास है। प्रशिक्षण, व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिभागियों को एक-दूसरे के राज्य की संस्कृति, विशेषताओं और विविधताओं को समझने का अवसर देता है। विविधता में एकता की भावना को मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अपने राज्य की विशिष्टताओं की अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में उपयोग कर, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान दे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरूवार को सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्र के प्रतिष्ठित बल में चयन की बधाई और शुभकामनाएं दी। लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आप सभी उन सौभाग्यशाली लोगों में शामिल हैं, जिन्हें सशस्त्र सीमा बल का हिस्सा बनकर माँ भारती की सेवा का महान अवसर मिला है। आपकी वर्दी केवल पहचान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के सम्मान



**राज्यपाल से लोकभवन में मिले सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स**

का प्रतीक है। इसी वर्दी के साये में देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। आप जब अपने परिवार से दूर सीमाओं पर तैनात होकर देश की रक्षा करते हैं, तभी हर देशवासी चैन और शांति की नींद सो पाता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का पालन करने वाले अधिकारी ही समाज में विश्वास और सम्मान अर्जित करते हैं।

आप सभी निष्ठा, समर्पण और साहस के साथ राष्ट्र की सेवा करें। सशस्त्र सीमा बल की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में देश के समक्ष आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, नक्सलवाद, तस्करी, साइबर अपराध और असामाजिक गतिविधियाँ जैसी अनेक महत्वपूर्ण चुनौतियां है। राष्ट्र प्रहरी के रूप में आपके निर्णय और कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी प्रतिभा से सीमा सुरक्षा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक, व्यावसायिक ज्ञान, शारीरिक और मानसिक सक्रियता के नए मानक स्थापित करें। यह सुनिश्चित होना चाहिए कि असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी तत्वों पर कठोरता से नियंत्रण करें। जनसेवा में निष्पक्षता, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं हो, जनता सुरक्षित महसूस करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों का निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करें। उनके अनुभवों से सीखें और अपने ज्ञान को सहकर्मियों के साथ साझा भी करें।



# जलखंडेश्वर में संक्रांति पर लगा मेला

हटा (स्वतंत्र मत)।

दमोह जिले की अंतिम सीमा पर स्थित गैसाबाद में व्यारमा नदी के विराजे श्री जलखंडेश्वर में संक्रांति के पावन पर्व पर मेले का आयोजन किया गया। दमोह पन्ना जिले की सीमा के बीचों बीच स्थित व्यारमा नदी के बीच धार में बैठे भगवान जलखंडेश्वर धाम में प्रतिवर्ष दो बार मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें एक बार पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है और एक बार गैसाबाद थाना क्षेत्र के जवानों की ड्यूटी लगाई जाती है। मेले का महत्व उस समय और ज्यादा बढ़ गया, जब 2005 में आई भीषण बाढ़ की वजह से आसपास के गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए थे लेकिन उस समय भी भगवान जलखंडेश्वर धाम में स्थापित मूर्ति अपनी जगह से हिली भी नहीं। इस कारण इस धाम का महत्व और भी बढ़ गया।इस बर्ष मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। नदी में पानी होने की वजह से श्रृद्धालु नाव में सवार होकर दर्शन के लिए पहुंचे कुछ श्रृद्धालुओं ने नदी किराने से ही दर्शन लाभ लिए। मेले में आसपास के आधा सैकड़ा गांवों से श्रद्धालु आते हैं। मेले बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# बच्चों को टीका लगवाकर 11 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा दिलाएं

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मातृ-शिशु सुरक्षा के उद्देश्य से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया इस कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक विभिन्न चरणों में टीके लगाये जाते है जिससे वे पोलियो, टीबी, डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, खसरा, रूबेला, रोटावायरस, निमोनिया, हेपेटाईटिस बी जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रहते है। डॉ. अठया ने जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण चक्र का पालन करें।

निर्धारित तिथी पर टीकाकरण करायें और टीकाकरण कार्ड सुरक्षित रखें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत ने बताया कि जन्म के समय बच्चे को बीसीजी, पोलियो, हेपेटाईटिस दिया जाता है। डेढ़ माह, ढाई माह एवं साढ़े तीन माह की आयु में पोलियो, रोटावायरस, आईपीव्ही, पेण्टावेलेण्ट एवं पीसीबी के टीके लगाये जाते है।

# आने वाले वर्षा काल में जलभराव से होने वाली क्षति को रोका जाए : विधायक मलैया



### सिविल वार्ड 6 सुभाष कालोनी एवं करौंदिया नाला क्षेत्र का किया भ्रमण

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** विधायक जयंत कुमार मलैया ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ दमोह नगर के सिविल वार्ड 6 सुभाष कालोनी का भ्रमण कर करौंदिया नाले से वार्ड में पानी भराव क्षेत्र जायजा लिया। उन्होंने किल्लाई एवं सागर मार्ग पर बने करौंदिया पुलों का भी जायजा लिया और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। विधायक जयंत मलैया ने कहा नगर के सिविल वार्ड क्रमांक 6 में लंबे समय से जलभराव की समस्या को लेकर आज स्थल निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर, समस्त राजस्व अधिकारी एवं नगरपालिका के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का गहन मुआयना कर आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गयाए ताकि आने वाले वर्षा काल में जलभराव से होने वाली क्षति को रोका जा सके। उन्होंने कहा निरीक्षण के अंत में करोंदिया नाला क्षेत्र का भी अवलोकन किया गया जहां से जल निकासी होती है। अधिकारियों ने निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु जल निकासी स्तर बढ़ाने की आवश्यकता बताई। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आगामी सोमवार तक समस्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया दमोह विधायक के मार्गदर्शन में गुरूवार को सुभाष कॉलोनी का पुनः निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए समय रहते समुचित योजना बनाकर आवश्यक कार्यों को पूर्ण करना है क्योंकि बारिश शुरू होने में लगभग तीन से चार माह का समय शेष है। इस निरीक्षण में जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी के साथ मिलकर आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना तैयार की गई है जिसके अंतर्गत छोटे.छोटे चरणों में कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष सुभाष नगर क्षेत्र में किसी भी स्थिति में बाढ़ का पानी प्रवेश न करे और एक भी परिवार प्रभावित न हो, यही प्रशासन का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि आगामी सोमवार से चरणबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे नियमानुसार हटाया जाये।

# ससुराल से लौट रहे युवक की बाइक फिसली, घायल



**हटा (स्वतंत्र मत)।** थाना क्षेत्र के हारट बिजौरी के पास एक बाइक फिसलने से एक व्यक्ति के घायल हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार सुनील पिता खुमान पटेल 25 निवासी कुंडलपुर अपनी ससुराल बिजौरी आया था। गुरुवार की सुबह लौटते समय हारट के पास बाइक फिसलने से वह गिरकर घायल हो गया जिसे निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया था जिसे हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। रैफर के बाद अस्पताल से दमोह जाने के लिए घायल को स्ट्रेचर नसीब नहीं हुआ उसे पैदल चलकर बाहर वाहन में बैठना पड़ा इस बीच उसे लगाई गई। बाटल को मरीज के परिजन हाथ में लिए चलते देखें गए। इस तरह की तस्वीर हटा सिविल अस्पताल में आए दिन सामने आती हैं लेकिन कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।

# श्री शिव साईं मंदिर से 21 जनवरी को निकलेगी राम गंगा यात्रा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण राम गंगा यात्रा का आयोजन 21 से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। यह पावन यात्रा श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल दमोह से 21 जनवरी की प्रातः 9 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे। यात्रा में जुगल किशोर दर्शन, चित्रकूट में कामतानाथ परिक्रमा, मंदाकिनी स्नान, रामघाट, हनुमान धारा, गुप्त गोदावरी, सती अनुसुइया, स्फटिक शिला एवं बराह के हनुमान दर्शन

# नशा करने वालों को न दें सामाजिक सम्मान: तोमर

## जनकल्याण समिति के नवीन भवन निर्माण के लिये हुआ भूमिपूजन

### स्वच्छ, हरे-भरे, प्रदूषण मुक्त और नशामुक्त शहर के लिए हुआ सुंदरकांड पाठ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

नशा संपूर्ण समाज के लिए एक बड़ी समस्या है। नशे के नाश के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आकर प्रयास करना चाहिए। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को जनकल्याण समिति के नवीन भवन निर्माण के भूमिपूजन समारोह में कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा नशा मुक्त ग्वालियर बनाने के लिए युवाओं को आगे आकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आहवान किया कि आज यह शपथ लें कि मैं भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करुंगा। साथ ही अपने वार्ड ,गली, मोहल्ले के लोगों, साथियों, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखूंगा जिससे नशा मुक्त समाज के निर्माण का सच्चा सेवक बन सकूं। नशा करने वाले व्यक्तियों को सम्मान देना बन्द करें।



ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। नशा न केवल व्यक्ति का जीवन बर्बाद करता है बल्कि परिवार के लिए भी संकट पैदा करता है। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी संगत में रहना चाहिए, हम जैसे लोगों के साथ रहेंगे, हम वैसे संस्कार सीखेंगे। नशा मुक्ति से न केवल नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य होगा, बल्कि हमारे शहर का भी विकास होगा।

नशा एक बुरी आदत है, जो व्यक्ति को तन, मन और धन से खोखला कर देती है। इसलिए इस प्रवृत्ति का सामाजिक बहिष्कार करें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सुन्दरकाण्ड पाठ में शामिल श्रद्धालुओं को अपने शहर को स्वच्छ और भरा बनाने के लिए डस्टबिन प्रदान करते हुए शपथ दिलाई कि ग्वालियर को स्वच्छ, हरा-भरा, प्रदूषण मुक्त और नशा मुक्त बनाने के अभियान के लिए खुद समय दें। साथ ही अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की पहल पर ग्वालियर शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए आरंभ हुई संगीतमय रामधुन की श्रृंखला में जन कल्याण समिति ग्वालियर द्वारा गुरुवार को गणेश कॉलोनी, गोवर्धन बिहार, खरगेश्वर मंदिर चार शहर का नाका में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान जनकल्याण समिति के सभी सदस्य और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मप्र के ट्रक ऑपरेटर सरकार से खफा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मप्र कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रजु यशोधरन ने बताया की वर्तमान समय में ट्रक व्यवसाय पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। डीजल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने कहा कि वर्तमान समय में ट्रक व्यवसायी को अनेक प्रकार की समस्याओं में डीजल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं। इसी बीच सरकार द्वारा लागू की गई ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली ट्रक मालिकों के लिए एक नई और बड़ी परेशानी बन गई है। इन सेंटरों पर मनमाने तरीके से ट्रकों को फेल किया जा रहा है जबकि वाहन पूरी तरह चालू और सड़क योग्य होते हैं। छोटे-छोटे तकनीकी कारण बताकर ट्रकों को रोक दिया जाता है, जिससे ट्रक कई-कई दिनों तक खड़े रहते हैं और ऑपरेटरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। श्री पांधे ने कहा कि पहले सरकारी फिटनेस व्यवस्था में कम खर्च और पारदर्शिता थी लेकिन अब निजी ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटरों में अत्यधिक शुल्क, समय की बर्बादी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी निवासी संजय गाँधी वार्ड, सिंधी डबल क्वाटर नं. 6, काँचघर, जबलपुर की स्थायी निवासी हूँ मेरा नाम विवाह के पूर्व शिल्पा दीन पुत्री श्री प्रकाश दीन था तथा दिनांक 15.10. 2024 को मोहित साइमन फ्रेडी पिता स्व. श्री मनोहर फ्रेडी निवासी काँचघर, जबलपुर से मेरा विवाह हुआ है। विवाह के पश्चात के मेरा नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फेडी हो गया है। अतः शिल्पा दीन मेरा विवाह के पूर्व नाम था व विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी हो गया है। अब मैं अपना नाम श्रीमति शिल्पा साइमन फ्रेडी पति श्री मोहित साइमन फ्रेडी प्रमाणित करने के समर्थन में यह शपथपत्र पेश कर रही हूं।

जबलपुर
दिनांक - 06.01.2026 शपथकर्ता

BV 224957

### आम सूचना

सर्व साधारण को मैं अपने पक्षकार की तरफ से अधिकृत होकर सूचित करता हूं कि मौजा अंधुवा, प.ह.नं.17, वीर दुर्गादास राठौर वार्ड नं. 71, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं, 58/2/1 प्राईवेट प्लाट नं. 21 प्लाट ऐरिया 1000 वर्गफुट भूखण्ड है, जो कि नामांतरण उपरांत खसरा नं. 58/2/1/1 का भाग है जिसके मालिक श्री बी. बम्लेश्वर राव पिता बी. वेंकट राव साकिन एलआई जी 310, भूकंप कॉलोनी, धनवंतरी नगर, जबलपुर के हैं, जिनसे मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को खरीद करने का सौदा कर लिया गया है, और उसके अनुपालन में उक्त सम्पत्ति स्वामी विक्रेता द्वारा शीघ्र ही विक्रय पत्र का निष्पादन पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करने का निश्चय कर लिया है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग/ बैंक वित्तीय संस्थान का कोई भी स्वत्व अथवा आपत्ति दावा हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन तारीख से 7 दिवस की समयावधि के भीतर अपनी आपत्ति दावा मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात की गई आपत्ति दावा मान्य नहीं होगा और मेरा पक्षकार रजि. बैनामा करा लेवेगा।

**(संजीव गुप्ता) एडवोकेट**
**कार्या. पता- जगदीश रैकवार**
**चेम्बर नं. F F 2 रब्स अपार्टमेंट,**
**पुल नं. 2 के पास, सिविल लाईन जबलपुर**
**मो.नं. 7869087433**

### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T. NO/PWD/08/PRO No. 761 Dated 15/01/2026

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_475587_1 Date 20/01/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत ललित राजपूत के घर से नाले तक रोड का निर्माण कार्य। (अन्य मद) | 04 माह<br>3.61 लाख | 2,000/-<br>3610/- | 3/02/2026 |
| 2. | 2025_UAD_475587_2 Date 20/01/2026 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत राम श्रीवास्तव के घर के पास से अर्चना चौहान एडवोकेट के घर तक रोड निर्माण कार्य। (अन्य मद) | 04 माह<br>4.06 लाख | 2,000/-<br>4069/- | 3/02/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 1514/अ-6/2025-26

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजेन्द्र कुमार शाह पिता शशिकान्त शाह निवासी जबलपुर सुख सागर वैली द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक के माध्यम से मौजा कटंगा नं.बं. 02 प.ह.नं. ख.नं. 24,21/1,25/2 रकबा 2550 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/01/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/12/2025 को जारी।

जारी दिनांक 30/12/2025
पेशी दिनांक 15/01/2026

सील — **नायब तहसीलदार गोरखपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आंनद नगर जबलपुर में भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस (एच)-06 श्री शेख नजीर पिता श्री गुलाम रसूल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2012 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री शेख नजीर पिता श्री गुलाम रसूल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2018 के माध्यम से श्री दाउद रजा पिता श्री मोहम्मद जाबिर को विक्रय किया है। श्री दाउद रजा पिता मोहम्मद जाबिर द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन/भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक 498 श्रीमती किरण सोनी पति श्री आनंद सोनी को आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती किरण सोनी पति श्री आनंद सोनी ने पंजीकूत विक्रय विलेख दिनांक 27.06.2023 के माध्यम से श्री विपिन कुमार उरमलिया पिता श्री शिव कुमार उरमरिया को विक्रय किया है। श्री विपिन कुमार उरमलिया पिता श्री शिव कुमार उरमलिया द्वारा उक्त भूखण्ड अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

# ईडी की कार्यवाही से निष्पक्ष चुनाव और संघीय व्यवस्था खतरे में: तन्खा

## राज्यसभा सांसद ने नव वर्ष मिलन कार्यक्रम के दौरान मीडिया से कही बात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हालिया कार्यवाही और केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश में स्थिति बेहद विचित्र होती जा रही है। न्याय व्यवस्था कमजोर हो रही है और संविधान के प्रति बेरुखी दिखाई दे रही है। दरअसल सांसद विवेक तन्खा द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य में गुरूवार को पत्रकार मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसके बाद उन्होंने उक्त बातें मीडिया से चर्चा के दौरान कहीं। श्री तन्खा ने कहा कि चुनाव से ठीक तीन महीने पहले ईडी का पश्चिम बंगाल पहुंचना और चुनावी रणनीति से जुड़ी संस्था आई-पैक के यहां कार्यवाही करना संदेह पैदा करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आई-पैक वही संस्था है, जिसने पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के लिए भी चुनावी रणनीति तैयार की थी। उन्होंने कहा कि अगर वर्ष 2014 में मनमोहन सिंह की सरकार ने प्रशांत किशोर की इस संस्था पर इसी तरह की कार्यवाही कराई होती, तो भाजपा की प्रतिक्रिया क्या होती, यह सब जानते हैं।

### छापेमारी की राजनीति करनी होगी बंद

सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि यदि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने हैं, तो इस तरह की छापेमारी की राजनीति बंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि आई-पैक के साथ जो हुआ, वह गलत है और स्वाभाविक रूप से इसका विरोध भी हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं पुलिस महानिदेशक को लेकर उस स्थान पर पहुंचीं, जहां ईडी की टीम गई थी। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले में अब सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप किया है और कार्यवाही पर रोक लगाई है। यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय में सुना जाएगा। श्री तन्खा ने कहा कि यदि देश में संघीय व्यवस्था को मजबूत करना है, तो केंद्र को राज्यों का और राज्यों को केंद्र का सम्मान करना होगा। यदि इस तरह के तमाशे चलते रहे, तो संघीय ढांचा कमजोर हो जाएगा।



### इंदौर की घटना को बताया शर्मनाक

इस दौरान विवेक तन्खा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मप्र यात्रा को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का उन्हें फोन आया था और उन्होंने निर्देश दिया कि राहुल गांधी के साथ कार्यक्रम में शामिल होना है। तन्खा ने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी जबलपुर और आसपास के जिलों में हो रहे घटनाक्रम को लेकर आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राहुल गांधी मृतकों पर राजनीति करने नहीं, बल्कि देश का ध्यान सरकार की विफलता की ओर आकर्षित करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दूषित पानी पिलाने से 20 लोगों की मौत हो जाती है और सरकार इसे राजनीति बताती है, तो यह बेहद शर्मनाक है।

### सरकार की विफलताओं को उजागर करना कांग्रेस का काम

*सांसद विवेक तन्खा ने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक न तो किसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी निर्माणाधीन इमारत में दुर्घटना हो जाए और दो मजदूरों को चोट लग जाए, तो तत्काल मामला दर्ज कर लिया जाता है, लेकिन यहां 20 लोगों की मौत के बाद भी सरकार चुप है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की मंशा इस मामले की निष्पक्ष जांच की नहीं, बल्कि लीपापोती की है, क्योंकि यह सरकार की स्पष्ट विफलता है। श्री तन्खा ने कहा कि कांग्रेस का काम सरकार की विफलताओं को उजागर करना है और चुनाव के समय जनता स्वयं तय करती है कि उसे किसे वोट देना है और किसे नहीं देना है।*

# शिक्षक रिकॉर्डेड लेक्चर के माध्यम से ऑनलाइन टीचिंग पर जोर दें: डॉ. चौबे

*जबलपुर। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एस.सी. चौबे ने कहा है कि 21वीं सदी में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और इस परिवर्तन का सबसे प्रमुख कारण है डिजिटल क्रांति। अध्ययन-अध्यापन की पारंपरिक विधियां अब तकनीक आधारित शिक्षा प्रणाली में रूपांतरित हो रही हैं। वर्तमान दौर के शिक्षक छात्रों के फैसिलिटेटर, गाइड, और डिजिटल लर्निंग लीडर के रूप में उभर रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों की डिजिटल साक्षरता ट्रेनिंग अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हालांकि, शिक्षकों को डिजिटल साक्षरता से लैस करना किसी एक संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक समवेत प्रयास शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बना सकता है। कुलगुरु डॉ. एस.सी. चौबे ने यह बात दैनिक 'स्वतंत्र मत' से एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान कही।*

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा को प्रौद्योगिकी-सक्षम बनाने की दिशा में समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है, जो न केवल शिक्षण-पद्धति में सुधार करेगा, बल्कि सीखने को भी अधिक व्यक्तिगत, लचीला और सशक्त बनाएगा। नीति में यह मान्यता दी गई है कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके छात्रों को व्यावसायिक कौशल, संवाद कौशल, समस्या समाधान क्षमता और रचनात्मकता जैसे जीवनोपयोगी गुण सिखाए जा सकते हैं। कुलगुरु डॉ. चौबे ने कहा कि शिक्षकों को रिकॉर्डेड लेक्चर के माध्यम से ऑनलाइन टीचिंग पर जोर देना चाहिए ताकि कक्षा में भौतिक रूप से अनुपस्थित छात्र भी उसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म में भी अपने रिकॉर्डेड लेक्चर वायरल करने चाहिए।



डॉ. चौबे ने कहा कि डिजिटल रूप से सशक्त बनाना भी एक प्राथमिक लक्ष्य है। इसके लिए व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है, जो उन्हें न केवल डिजिटल उपकरणों के प्रयोग में निपुण बनाए, बल्कि उन्हें ऑनलाइन शिक्षण में नवीनतम शैक्षणिक विधियों से भी परिचित कराएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इस बात पर भी बल देती है कि तकनीक का उपयोग शिक्षण की गुणवत्ता, मूल्यांकन की पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को भी बढ़ाने के लिए होनी चाहिए। डिजिटल साक्षरता का आशय विभिन्न शिक्षण-प्रशिक्षण तकनीकों, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, ई-सामग्री निर्माण, ऑनलाइन मूल्यांकन और वर्चुअल शिक्षण पद्धतियां बनाना है। इसमें शिक्षकों को मल्टीमीडिया टूल्स, स्मार्ट बोर्ड, ई-कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम जैसे प्लेटफार्म का कुशल उपयोग सिखाया जाता है। डिजिटल शिक्षण के लिए शिक्षक को छात्रों के लिए ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार करना होगा जिसमें वे न केवल ज्ञान अर्जित करें, बल्कि सोचने, समझने, विश्लेषण करने और नवीन रिसर्च में भी सक्षम बन सकें।



# कमजोर छात्रों के लिए किए जाएं विशेष प्रयास

**शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की समीक्षा बैठक संपन्न**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गहलोत ने कहा कि आगामी दिवसों में सभी शिक्षक पढ़ाई पर विशेष फोकस करते हुए समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कर शत् प्रतिशत परिणाम लाने हेतु प्रयास करें। सभी छात्रों के स्तर में उन्नयन हो, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का विधिवत क्रियान्वन हो। सभी मॉनिटरिंगकर्ता अपने लक्ष्य अनुसार समस्त विद्यालयों की अकादमिक मॉनीटरिंग अनिवार्य रूप से करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गहलोत ने शिक्षकों एवं छात्रों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, एमपीटास्क छात्रवृत्ति स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेशन, फेल्ड अकाउंट करेक्शन कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। ई-अटेंडेंस न लगाने वाले लोकसेवको को स्पष्टीकरण जारी किया जाए। शाला परिसर, कक्षाओं एवं बालक-बालिका शौचालय की साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिवसों में सभी निरीक्षणकर्ताओं के द्वारा स्कूलों की सतत अकादमिक मॉनिटरिंग कर शतप्रतिशत परिणाम लाने समस्त शिक्षकों के द्वारा विद्यालय स्तर पर दैनिक पाठ योजना के अनुसार अध्यापन किया जा रहा है या नहीं तथा कमजोर छात्रों के लिए क्या प्रयास किया जा रहे हैं, विशेष रूप से देखा जाएगा। इसके साथ ही शालावार तैयारियों की समीक्षा जिला स्तर से की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्माए, डाइट प्राचार्य अजय दुबे आदि उपस्थित रहे।

# सैम सीनियर सिटीजन क्लब ने मनाया लोहड़ी एवं संक्रांति पर्व

जबलपुर (स्वंत्रत मत)।

जैसे ही सूर्य अस्ताचल की ओर भरा वैसे ही ढोल और नगाड़ों की थाप पर साउथ एवेन्यू मॉल में सैम सीनियर सिटीजन क्लब के 100 से अधिक सदस्यों ने लोहड़ी प्रज्वलित की। पंजाबी गीतों के बीच पूरा वातावरण खुशी और उत्साह से भर गया। प्रभा बच्चन श्रीवास्तव एवं मेंहदी दत्ता के पंजाबी नृत्य ने सबको तालियां बजाने मजबूर कर दिया। क्लब संयोजक जादूगर एस के निगम के संयोजन एवं पूर्व न्यायाधीश मीणा पुरुषोत्तम भट्ट के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस महोत्सव में जसवीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव, अनीता आहूजा, आरती जायसवाल, राजकुमारी रैकवार, दिनेश स्थापक, बच्चन श्रीवास्तव जमकर थिरके। वहीं सरदार अमरजीत, रंजीता, पूनम सेठी, ऋतिक, उर्मिला श्रीवास्तव, विजय राजपूत ने अपने गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संचालन नीरज शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ रंगकर्मी लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान वितरित किया।



## तन्हाई होटल के पास से ई-रिक्शा चुरा ले गये चोर

जबलपुर (**स्वतंत्र** मत)। ओमती थानातंर्गत तन्हाई होटल के पास से बीती कोई अज्ञात चोर पंकज सिंह राजपूत का ई-रिक्शा चुरा ले गया। पुलिस ने बताया कि पंकज सिंह ने अपना ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडके-9246 को तन्हाई होटल के सामने खड़ा करके बाजार सामान लेने चला गया था। एक घंटे बाद वापस लौटे तो उसका ई-रिक्शा गायब था, जिसे कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# गहोई दिवस-2026 का शुभारंभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गहोई वैश्य समाज के तीन दिवसीय गहोई दिवस के प्रथम दिवस में गुरूवार को गहोई शिरोमणि राष्ट्र कवि श्री मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि अमरीश मिश्रा नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, समाज अध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, पूर्व अध्यक्ष, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं उपस्थित सामाजिक बन्धुओं, नारी मण्डल, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष, मंत्री, आदि सभी ने माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अरूण सरावगी ने दद्दाजी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर गहोई दिवस का आग्रज किया तथा सायं 5 बजे से पंचायती भवन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। आज द्वितीय दिवस पर सायं 5.00 बजे से पंचायती भवन तमहराई चौक में नृत्य, फैन्सी ड्रेस एवं अन्य कार्यक्रम सामाजिक बंधुओं हेतु आयोजित किये गये हैं। रविवार 18 जनवरी को प्रात: 9.30 बजे पंचायती भवन तमहराई चौक से शोभायात्रा प्रारंभ होगी तथा शहर के मुख्य मार्ग से होते हुये शहीद स्मारक पहुंचेगी जहां सभी कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम में शम्भूदयाल बड़ेरिया, विजय कुमार सुहाने, विजय सरावगी, गोविन्द दास बरसैंया, कमलकांत गुप्ता, श्रीकृष्ण बिलैया, सुभाष रावत, एड. अशोक गुप्ता, उत्तमचंद बिलैया, प्रो. राजेन्द्र चपरा, श्याम सोहाने, मेघा बड़ौन्या, हर्षना तीतबिलासी, अभिषेक गेड़ा, पुष्पा ददरया, रागिनी सरावगी, आर.एस. सोहाने, आशुतोष ददरया, शोभना बिलैया, सुरेश चौदहा आदि की उपस्थित सराहनीय रही ।

## बिल्डर की कार से लोडेड पिस्टल चुरा ले गया चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विजय नगर थाने में राईट टाउन निवासी 60 वर्षीय प्रदीप कुमार गोटियां ने लिखित शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि वह आदि प्लाजा के पीछे लक्ष्मीपुर में कालोनी विकास का कार्य कर रहे है। दोपहर तीन बजे आदि प्लाजा के पीछे कृष्णा एलाइट के आगे एमएच रेसीडेंसी के पास उन्होंने अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीएम-7003 बिना लॉक किये अपने काम पर व्यस्त हो गये थे। उनकी कार की दराज में लाइसेंसी पिस्टल रखी हुई थी, जिससे छह कारतूस लोड थे।

# 5 रंगों की पतंगों से दिया स्वच्छता संदेश




**जबलपुर (स्वंत्रत मत)।** मकर संक्रांति के अवसर पर नगर निगम द्वारा स्वच्छता संक्रांति का उद्देश्यपूर्ण आयोजन भंवरताल पार्क में किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार आदि ने बच्चों के साथ पतंगें उड़ाई तथा तिल के लड्डुओं से सबका मुंह मीठा कराया। मुख्य बात यह थी कि 5 रंगों की पतंगों द्वारा 5 रंगों की डस्टबिनों का उपयोग समझाया गया। महापौर ने कहा कि कचरों को अलग-अलग पृथक्करण करके कचरे वाली गाड़ी में देना आवश्यक है। जैसे पतंग शीर्ष पर उड़ रही है, ऐसे ही हमें भी कठोर परिश्रम और सक्रिय जनभागीदारी से स्वच्छता के शीर्ष पर आना है। कार्यक्रम में शामिल स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता श्रेया खंडेलवाल तथा बाल प्रतिभा आराध्या तिवारी ने बच्चों के बीच जाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य अंशुल यादव, अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन और जन- सामान्य उपस्थित थे। इंजी. गणेश राव एवं श्रेया खंडेलवाल ने मंच संचालन किया।

# बेटे के हत्यारे ने पिता पर कट्टे से फायर कर किया जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मंझौली थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम धनवाही में एक बदमाश ने 64 वर्षीय वृद्व पर कट्टे से फायर कर जान लेने की कोशिश की, गनीमत रहीं कि वृद्व का हाथ लगने से गोली का एंगल मुड़ गया और वह कान के समीप से गुजर गई। जिसके बाद वृद्व मौके से जान बचाकर भागा तो आरोपी ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और जमकर मारपीट की। आरोपी ने सात साल पहले वृद्व के बेटे की भी अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की थी। पीड़ित वृद्व की शिकायत पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि धनवाही निवासी 64 वर्षीय मणिशंकर गौड़ शाम को बीछी तिराहे पर छोटेलाल नाई के यहां सेविंग कराने गये थे। जहां दुकान पर रोहित गौड़ अपनी कटिंग करा रहा था। जैसे ही मणिशंकर दुकान के अंदर गया, जिसे रोहित आग बबूला हो गया और अपनी कमर से कट्टा निकालकर मणिशंकर के सिर तरफ फायर किया, जिसके बाद मणिशंकर ने रोहित को धक्का मारा तो गोली मणिशंकर के कान के पास से निकल गई और दुकान के कांच पर लगी। जिसके बाद मणिशंकर अपनी जान बचाकर वहां से भागा तो आरोपी रोहित ने पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया और मधिशंकर के मुंह में मुक्का मारा, जिससे उसके सामने वाला दांत टूट गया।

## पमरे ने कमाया 824 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू

**जबलपुर (स्वंत्रत मत)।** महाप्रबंधक द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देशों और वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह में रूपये 824 करोड़ 35 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की इसी माह (रूपये 707 करोड़ 85 लाख) की तुलना में 16.46 प्रतिशत अधिक है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (818 करोड़ 85 लाख रूपये) ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से 0.67 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 219 करोड़ 90 लाख, माल यातायात से रुपये 572 करोड़ 57 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 17 करोड़ 31 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 14 करोड 57 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर माह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 498 करोड़ 82 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# आदिवासी छात्रों को घटिया किस्म का खाना खिलवाते थे अधीक्षक, इसी से हुई थी एक की मौत

## कुंडम तहसील में बने छात्रावास का मामला, बिसरा रिपोर्ट में हुआ छात्र की मौत का खुलासा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विगत 21 अगस्त को कुंडम तहसील के हरदुली आदिवासी छात्रावास में जिस बैगा छात्र की मौत हुई थी, उसकी वजह वहां पर परोसा जा रहा दूषित भोजन था। इसी भोजन को खाने के बाद छात्र बीमार पड़े थे। इसका खुलासा प्रशासनिक जांच रिपोर्ट पोस्टमॉर्टम और बिसरा जांच से हुआ है। जांच में यह भी सामने आया है कि छात्रावास अधीक्षक गजेंद्र झारिया ही घटिया किस्म की खाद्य सामग्री गांव से मंगवाते थे और कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उसी से खाना बनवाकर छात्रों को परोसा जाता था।

इस मामले में खाद्य विभाग की जांच में यह भी पता चला कि घटिया खाद्य सामग्री खाने से अन्य 12 छात्रों की तबीयत भी बिगड़ी थी। रिपोर्ट सामने आने के बाद कुंडम पुलिस ने अधीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस लापरवाही में अधीक्षक के साथ और कौन-कौन शामिल था।






### ये है पूरा मामला

कुंडम के गांव बिलटुकरी निवासी छोटेलाल धुर्वे का 14 साल का बेटा राजाराम धुर्वे हरदुली आदिवासी छात्रावास में रहकर 9वीं कक्षा में पढ़ाई करता था। 20 अगस्त को राजाराम सहित छात्रावास के 13 छात्रों ने भोजन किया, जिसके बाद अचानक सभी की तबीयत बिगड़ गई। किसी को उल्टियां होने लगीं तो कोई बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर छोटेलाल सहित अन्य छात्रों के परिजन उन्हें घर ले गए। बीमार छात्रों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजाराम की हालत गंभीर होने पर 21 अगस्त को उसे जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। 22 अगस्त को कुंडम पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हॉस्टल में रहने वाले छात्र हरदुली स्कूल में पढ़ते हैं। यहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक के करीब 25 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो हॉस्टल में रहकर अध्ययन करते हैं।

पुलिस ने मृत छात्र राजाराम का बिसरा प्रिजर्व कर रीजनल फॉरेंसिक साइंस लैब, जबलपुर जांच के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर की क्वेरी पर आरएफएसएल ने स्पष्ट किया कि बच्चे की मौत बीमारी से नहीं, बल्कि विषाक्त भोजन खाने के कारण हुई है।

### कभी कभार छात्रावास आते थे अधीक्षक

जांच टीम ने यह भी पाया कि पिछले साल जुलाई 2025 में छात्रावास में अधीक्षक के रूप में गजेंद्र झारिया की पदस्थापना की गई थी, लेकिन वे नियमित रूप से छात्रावास में नहीं रहते थे और न ही उचित देखरेख करते थे। वे 15 दिन में कभी कभार ही छात्रावास आते थे।

जांच में यह भी सामने आया कि अधीक्षक स्वयं घटिया किस्म की खाद्य सामग्री छात्रावास में लाते थे और कर्मचारियों पर उसी से खाना बनाने व छात्रों को परोसने का दबाव डालते थे। इसी घटिया भोजन के सेवन से छात्रों की तबीयत बिगड़ी और एक छात्र की मौत हो गई। बहरहाल आरोपी की तलाश के लिए कुंडम थाना पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**